को **ko** is used with the direct object when it is a specific person (whether noun, name or pronoun), sometimes with animals, but only with things when there is a need to individualize them. If there is no need to particularize, the direct object remains in the direct case without को **ko**.

बच्चे को मत छुओ।	bacce ko mat chuo.	*Don't touch the child.*
मोहन को बुलाइए।	Mohan ko bulāie.	*Call (invite) Mohan.*
घोड़े को मारो मत!	ghoṛe ko māro mat!	*Don't beat the horse!*
इस किताब को पढ़िए।	is kitāb ko paṛhie.	*Read this book.*
but:		
एक पत्र लिखिए।	ek patr likhie.	*Write a letter.*
कमरा साफ़ करना।	kamrā sāf karnā.	*Clean the room.*
दरवाज़ा बन्द करो।	darvāzā band karo.	*Close the door.*

The verbs कहना **kahnā** and पूछना **pūchnā** take the postposition से **se**: उससे कहो **usse kaho** *Tell him*; उनसे पूछो **unse pūcho** *Ask them.*

20 The vocative case

The vocative (the case used when addressing somebody) is the same as the oblique, except that in the plural the -ओ **-o** ending is not nasalized:

बेटे	beṭe!	*Son!*
बच्चो	bacco!	*Children!*
भाइयो-बहिनो	bhāiyo-bahino!	*Brothers and sisters!*

Dialogue 5B *At the cloth-merchant's shop*

विनोद अरे विमल! कपड़े की दुकान पर चलो।
Vinod are Vimal! kapṛe kī dukān par calo.

विमल अच्छा भाई। देखो, दलाल जी की नई दुकान उधर है।
Vimal acchā bhāī. dekho, Dalāl jī kī naī dukān udhar hai.
दलाल आइए, दुकान में आइए! अरे लड़के, दुकान का दरवाज़ा बन्द कर। गरम चाय ला। साहब लोगों के कोट ले।
Dalāl āie, dukān mẽ āie! are laṛke, dukān kā darvāzā band kar. garam cāy lā. sāhab logō ke koṭ le.
विनोद ज़रा ठहरिए, कोट की जेब में घर की चाबियाँ हैं। उन्हें मुझको देना।
Vinod zarā ṭhaharie, koṭ kī jeb mẽ ghar kī cābiyā̃ haī. unhẽ mujhko denā.
दलाल बेटे, साहब के कोट में चाबियाँ हैं। उन्हें जल्दी ला।
Dalāl beṭe, sāhab ke koṭ mẽ cābiyā̃ haī. unhẽ jaldī lā.
विनोद अच्छा। अब मुझे कुछ बढ़िया कपड़ा दिखाइए-कोट का भारी कपड़ा।
Vinod acchā. ab mujhe kuch baṛhiyā kapṛā dikhāie–koṭ kā bhārī kapṛā.
दलाल जी, ज़रूर। इधर बैठिएगा, यह कपड़ा देखिए। एक प्याला चाय भी पीजिए। आपको कैसी चाय पसंद है?
Dalāl jī, zarūr. idhar baiṭhiegā, yah kapṛā dekhie. ek pyālā cāy bhī pījie. āpko kaisī cāy pasand hai?
विमल हमें मीठी चाय पसंद है। हाँ, दो चम्मच चीनी देना। बस, ठीक है।
Vimal hamẽ mīṭhī cāy pasand hai. hā̃, do cammac cīnī denā. bas, ṭhīk hai.
दलाल यह अहमदाबाद का कपड़ा लीजिए, यह उस कपड़े से और भी अच्छा है।
Dalāl yah Ahmadābād kā kapṛā lījie, yah us kapṛe se aur bhī acchā hai.
विनोद नहीं, हमें वह हरा कपड़ा दिखाना, वह इससे भारी है।
Vinod nahī̃, hamẽ vah harā kapṛā dikhānā, vah isse bhārī hai.
दलाल वह कोट का कपड़ा नहीं है साहब, वह बच्चे का कंबल है!
Dalāl vah koṭ kā kapṛā nahī̃ hai sāhab, vah bacce kā kambal hai!

Vinod Hey Vimal! Come[1] to[2] the cloth shop.
Vimal All right (brother). Look, Dalal jī's new shop is over there.

[1] चलना **calnā** commonly has the sense 'to come along, accompany'.
[2] पर **par** is the postposition used with दुकान **dukān** and some other nouns in the context 'to, towards'.

Dalal Come, come into the shop! Hey boy, close[1] the shop door. Bring hot tea. Take the sahibs' coats.

Vinod Just wait a minute, the house keys are in the coat pocket. Give them to me.

Dalal Son, there are keys in the sahib's coat. Bring them quickly.

Vinod Good. Now show me some good quality cloth–heavy cloth for a coat.

Dalal Yes, of course. Please sit over here, take this cloth. Have a cup of tea too. How do you like your tea?

Vimal We like sweet tea. Yes, give two spoons of sugar. That's it, that's fine.

Dalal Take this Ahmedabad cloth,[2] this is even better than that cloth.

Vinod No, show us that green cloth, it's heavier than this.

Dalal That's not coat cloth, Sahib, that's a child's blanket!

21 The possessive particle का *kā*

Possession is expressed by the particle का **kā**; this acts on the one hand as a postposition, requiring the possessor to be in the oblique case, and on the other hand as an adjective with the forms का **kā**, की **kī**, के **ke** agreeing with the thing possessed:

लड़के का कमरा	laṛke kā kamrā	*the boy's room*
लड़के की कुरसी	laṛke kī kursī	*the boy's chair*
लड़कों का कमरा	larkõ kā kamrā	*the boys' room*
लड़कों के कमरे	laṛkõ ke kamre	*the boys' rooms*
लड़कों की कुरसियाँ	laṛkõ kī kursiyā̃	*the boys' chairs*

When the thing possessed is in the oblique, then the appropriate form of the particle का **kā** must show the usual adjectival agreement with the noun it qualifies:

लड़के के कमरे में	laṛke ke kamre mẽ	*in the boy's room*
लड़के की कुरसी पर	laṛke kī kursī par	*on the boy's chair*
लड़कों के कमरे में	laṛkõ ke kamre mẽ	*in the boys' room*
लड़कों के कमरों में	laṛkõ ke kamrõ mẽ	*in the boys' rooms*
लड़कों की कुरसियों पर	laṛkõ kī kursiyõ par	*on the boys' chairs*

1 Note how the shopkeeper addresses his boy with the intimate तू **tū** form.

2 यह **yah** qualifies कपड़ा **kapṛā**, not अहमदाबाद **Ahmadābād**, and is therefore in the direct case and not the oblique.

It can be seen that the particle का **kā** behaves, both in grammatical function and in terms of word order, like the English apostrophe 's':

बच्चों का खाना तैयार है।	*The children's food is ready.*
baccõ kā khānā taiyār hai.	
उस आदमी का बेटा विद्यार्थी है।	*That man's son is a student.*
us ādmī kā beṭā vidyārthī hai.	
रामदास की बहिनें शहर में थीं।	*Rāmdās's sisters were in the town.*
Rāmdās kī bahinẽ śahar mẽ thĩ.	
उन लोगों के कपड़े बहुत गंदे हैं।	*Those people's clothes are very*
un logõ ke kapṛe bahut gande haĩ.	*dirty.*
उस मकान के बाग़ में दस पेड़ हैं।	*In the garden of that house there*
us makān ke bāg mẽ das peṛ haĩ.	*are ten trees.*
सीता के भाई की गाड़ी नई है।	*Sita's brother's car is new.*
Sītā ke bhāī kī gāṛī naī hai.	

22 Alternative forms of the oblique pronouns with को *ko*

It is not considered good style for को **ko** to occur twice in the same clause or simple sentence, for example with both the direct and the indirect object. In such contexts the indirect object will take को **ko**, and the direct object will remain in the direct case.

The pronouns have alternative oblique forms which correspond in all respects to the pronouns plus को **ko**; these alternative forms are especially common in the spoken language.

		alternative form:	
मुझको	mujhko	मुझे	mujhe
तुझको	tujhko	तुझे	tujhe
इसको	isko	इसे	ise
उसको	usko	उसे	use
हमको	hamko	हमें	hamẽ
तुमको	tumko	तुम्हें	tumhẽ
आपको	āpko	(no alternative form)	
इनको	inko	इन्हें	inhẽ

उनको	unko	उन्हें	unhē
किसको	kisko	किसे	kise
किनको	kinko	किन्हें	kinhē

These terms are completely interchangeable, although those in the right-hand column will be preferred if there is another को **ko** nearby in the sentence:

मुझको ख़ुशी है। *or* मुझे ख़ुशी है।	mujh ko khuśī hai. mujhe khuśī hai.	*I am glad.*
हमको मालूम है। *or* हमें मालूम है।	hamko mālūm hai. hamē mālūm hai.	*We know.*

But:

उस किताब को मुझे दीजिए।	us kitāb ko mujhe dījie.	*Give that book to me.*
इस प्याले को उसे दो।	is pyāle ko use do.	*Give this cup to him.*

The individualizing emphasis given by को **ko** in the last two examples distinguishes *that book* and *this cup* from anything else possible in the context. If such emphasis were not needed, को **ko** would not be used: मुझे (or मुझको) किताब दीजिए **mujhe** (or **mujh ko**) **kitāb dījie**, etc.

EXERCISE 5.1 Give the आप **āp** and तुम **tum** imperatives of all the verbs listed in para. 17, **except** होना **honā**.

EXERCISE 5.2 Translate into English:

१ राम के भाई को यह पत्र दीजिए।
२ संजय की किताब में न लिखना।
३ इन कमरों को साफ़ कर।
४ लड़कों के कमरे में न जाइए।
५ मुझे उस आदमी का नाम बताओ।
६ हमें ख़ुशी है कि आप यहाँ हैं।
७ राम की चाबियाँ उस बड़ी मेज़ पर हैं।
८ लड़की की जेब में क्या है?
९ कृपया सिगरेट न पीजिए।
१० इस अख़बार को पढ़ो लेकिन इसे अम्माँ को न दिखाओ।

EXERCISE 5.3 Translate into Hindi:

1 Don't touch that, give it to me.
2 Please call Vinod, and bring Vimal too.
3 Just sit here.
4 Tell me where Father is.
5 Look, this cup is not clean, take it and give me another one.
6 I do not know who is in Ram's room just now.
7 This man's shirt is on that chair.
8 Ram's father has a cold.
9 Say hello to Father.
10 Hey son, shut that door!

Vocabulary

अब	ab	*now*
अम्माँ	ammā̃	*mother, mummy* (f.)
अहमदाबाद	Ahmadābād	*Ahmedabad* (m.)
आना	ānā	*to come*
इधर	idhar	*here, over here*
उधर	udhar	*there, over there*
करना	karnā	*to do*
कहना	kahnā	*to say*
कुछ और	kuch aur	*some more*
कृपया	kṛpayā	*please*
खाना[1]	khānā	*food* (m.)
खाना[2]	khānā	*to eat*
गरम	garam	*warm, hot*
घोड़ा	ghoṛā	*horse* (m.)
चम्मच	cammac	*spoon* (m.)
चलना	calnā	*to move, go*
चाबी	cābī	*key* (f.)
चाय	cāy	*tea* (f.)
चीनी	cīnī	*sugar* (f.)
छूना	chūnā	*to touch*
ज़रा	zarā	*just, a little*
जल्दी	jaldī	*quickly, early; hurry* (f.)
जाना	jānā	*to go*
जेब	jeb	*pocket* (f.)
ठहरना	ṭhaharnā	*to stop, stay, wait*
तबियत	tabiyat	*health, disposition* (f.)
तैयार	taiyār	*ready, prepared*

दिखाना	dikhānā	*to show*
देखना	dekhnā	*to see, look*
देना	denā	*to give*
नाम	nām	*name* (m.)
पढ़ना	paṛhnā	*to read, study*
पत्र	patr	*letter, paper* (m.)
पानी	pānī	*water* (m.)
पीना	pīnā	*to drink*
पूछना	pūchnā	*to ask*
प्याला	pyālā	*cup* (m.)
बढ़िया	baṛhiyā	*fine, excellent, of good quality* (inv.)
बताना	batānā	*to tell*
बन्द	band	*closed*
बन्द करना	band karnā	*to close*
बुलाना	bulānā	*to call, invite*
बैठना	baiṭhnā	*to sit*
बोलना	bolnā	*to speak, say*
मत	mat	*do not* (with imperative)
मारना	mārnā	*to beat, kill*
मीठा	mīṭhā	*sweet*
लाना	lānā	*to bring*
लिखना	likhnā	*to write*
लेना	lenā	*to take*
सच	sac	*true; truth* (m.)
साफ़ करना	sāf karnā	*to clean*
सिगरेट	sigreṭ	*cigarette* (f.)
सुनना	sunnā	*to listen, hear*
स्कूल	skūl	*school* (m.)
होना	honā	*to be, become*

Unit Six

Dialogue 6A *Where does Sunil's elder brother live?*

प्रमोद सुनो रमेश, सुनील के बड़े भाई कहाँ रहते हैं?
रमेश वे अब नई दिल्ली में रहते हैं। वहाँ एक दफ़्तर में काम करते हैं।
प्रमोद अच्छा! कहते हैं कि वहाँ मकान बहुत महँगे होते हैं–वे कैसे इलाक़े में रहते हैं?
रमेश मालूम होता है कि काफ़ी अच्छा इलाक़ा है, और सारे पड़ोसी बहुत मिलनसार हैं।
प्रमोद और क्या सुनील की बहिन भी वहाँ रहती है?
रमेश हाँ, वह वहाँ के एक बड़े स्कूल में उर्दू और पंजाबी पढ़ाती है।
प्रमोद अच्छा, भाई और बहिन दोनों काम करते हैं–पर घर का काम कौन करता है?
रमेश वे दोनों घर को साफ़ करते हैं, और दोनों खाना भी बनाते हैं। मैं भी कभी कभी वहाँ जाता हूँ और खाना बनाता हूँ।
प्रमोद उमा कहती है कि तुम लोग गोश्त नहीं खाते–क्या तुम कभी शराब पीते हो?
रमेश माता जी गोश्त कभी नहीं खातीं, लेकिन वे अब इंग्लैंड में रहती हैं, इसलिए हम गोश्त भी खाते हैं और शराब भी पीते हैं!

Pramod Hey Ramesh, where does Sunil's elder brother live?
Ramesh He lives in New Delhi now. He works in an office there.
Pramod Oh! They say houses are very expensive there–what kind of area does he live in?
Ramesh It seems it's quite a good area, and all the neighbours are very friendly.
Pramod And does Sunil's sister live there too?
Ramesh Yes, she teaches Urdu and Panjabi in a big school there.
Pramod I see, brother and sister both work–but who does the housework?
Ramesh They both clean the house, and they both cook (the food) as well. I go there sometimes too, and cook.
Pramod Uma says that you (people) don't eat meat–do you ever drink?
Ramesh Mother never eats meat, but she lives in England now, so we eat meat and we drink!

23 The imperfective present

The Hindi verb distinguishes not only tense–past, present and future–but also different kinds of action: those that are completed *(perfective)*, those that are habitual *(imperfective)*, and those that are going on (*continuous*). The imperfective tenses are used for habitual actions or states or general statements of permanent validity. Thus the statement 'We speak Hindi' would be in the imperfective present, while the statement 'We are speaking Hindi' would be in the continuous present.

The imperfective present tense of बोलना *to speak* is formed as follows:

Masculine	**Feminine**	
Singular		
मैं बोलता हूँ	मैं बोलती हूँ	*I speak*
तू बोलता है	तू बोलती है	*you speak*
यह, वह बोलता है	यह, वह बोलती है	*he, she, it speaks*
Plural		
हम बोलते हैं	हम बोलती हैं	*we speak*
तुम बोलते हो	तुम बोलती हो	*you speak*
आप बोलते हैं	आप बोलती हैं	*you speak*
ये, वे बोलते हैं	ये, वे बोलती हैं	*they speak*

This tense consists of the imperfective participle बोलता, formed by adding -ता, -ती, -ते to the verb stem, followed by हूँ, है, हो or हैं. The verb is made negative by adding नहीं just before the participle. In the negative it is usual to drop the forms हूँ, है, हो and हैं; when this happens with a feminine plural verb, the participle becomes nasalized: वे बोलती हैं, *but* वे नहीं बोलतीं.

मैं अँग्रेज़ी बोलता हूँ।	*I speak English.*
वह हिंदी नहीं बोलता।	*He does not speak Hindi.*
आप पंजाबी बोलते हैं?	*You speak Panjabi?*
तुम क्या काम करते हो?	*What work do you do?*
आप कहाँ रहते हैं?	*Where do you live?*
सिख लोग सिगरेट नहीं पीते।	*Sikhs do not smoke.*
अम्माँ गोश्त नहीं खातीं।	*Mother doesn't eat meat.*

Notice also the following construction, which provides a useful way of acquiring new vocabulary:

इंडिया को हिंदी में क्या कहते हैं?	*What is India called in Hindi?*
इंडिया को हिंदी में भारत या भारतवर्ष कहते हैं।	*India is called 'Bhārat' or 'Bhārat-varṣ' in Hindi.*

(A literal translation of the first example would be 'What do they call India in Hindi?'.)

The imperfective present of the verb होना *to be, become* (होता है etc.) is used for general statements of lasting validity; for specific statements relating to particular occurrences, है or हैं are used alone. Compare the following pairs of sentences–the first of each pair demonstrates a general statement, and hence uses the होता form, while the second of each pair is a specific statement and uses the है form.

हफ़्ते में सात दिन होते हैं।	*There are seven days in a week.*
इस महीने में तीस दिन हैं।	*There are 30 days in this month.*
कश्मीरी सेब मीठे होते हैं।	*Kashmiri apples are sweet.*
यह फल ताज़ा नहीं है!	*This fruit isn't fresh!*
छह और पाँच ग्यारह होते हैं।	*Six and five are eleven.*
बाग़ में बारह लंबे पेड़ हैं।	*In the garden are twelve tall trees.*

Notice also the similar distinction between the expressions मालूम होता है and मालूम है in the following:

मालूम होता है कि वह यहाँ नहीं है।	*It seems that he is not here.*
मुझे मालूम है कि वह यहाँ नहीं है।	*I know that he is not here.*

24 Agreement between the verb and its subject

As has been seen, the verb agrees with its subject in gender and in number. When the verb has two subjects which are people of the same sex, then naturally the verb also has that gender; if the two people are of different sexes, then the verb will be in the masculine plural. When the two subjects are inanimate objects or things, then again the verb will agree with a shared gender; if the two subjects are of different genders, the verb will normally agree with the subject nearest to it in sentence order.

राधा और सीता संस्कृत पढ़ती हैं।	*Radha and Sita study Sanskrit.*
राधा और कृष्ण बाग़ में खेलते हैं।	*Radha and Krishna play in the garden.*
क़लम और पेंसिलें महँगी होती हैं।	*Pens and pencils are expensive.*

Dialogue 6B *Hotels in the hill station*

राजू कहिए जी, आपकी तबियत कैसी है? सब ठीक है?

सलीम आपकी मेहरबानी है। हमारे लिए पहाड़ का यह मौसम सबसे अच्छा मौसम होता है। आपका होटल कैसा है?

राजू बहुत अच्छा है। मेरे कमरे की खिड़कियों के बाहर ऊँचे पहाड़ हैं, और मालूम होता है पहाड़ों के ऊपर बर्फ़ हमेशा रहती है। सारा शहर हमारे नीचे है। होटल के अंदर सारे कमरे बहुत सुंदर हैं। उसके आगे चौड़ा बरामदा है, और होटल के पीछे बहुत बड़ा बाग़। कभी कभी हम लोग होटल के दूसरे मेहमानों के साथ खाना खाते हैं, कभी कभी हम अपने कमरे में अकेले खाते हैं। आप अपने होटल के बारे में बताइए।

सलीम हमारा होटल स्टेशन के पास है। कमरे ठीक हैं, पर वहाँ का खाना हमें पसंद नहीं। और होटल की चाय और काफ़ी के बारे में न पूछिए!

राजू क्या आप अपने लिए खाना बनाते हैं?

सलीम नहीं, सिर्फ़ बच्चों के लिए। उनके लिए बनाते हैं, अपने लिए नहीं। दिन में हम ताज़ा फल खाते हैं, और रात का खाना हम एक दोस्त के यहाँ खाते हैं।

राजू सुनिए भाई, कल रात को आप हमारे होटल में खाना खाइए, उसके बाद हमारे साथ सिनेमा चलिए। और हाँ, अपने दोस्तों को भी अपने साथ लाइए। ठीक है?

सलीम बहुत शुक्रिया राजू जी, यह आपकी बड़ी मेहरबानी है।

Raju (Tell me), how are you? Is everything OK?

Salim Thank you, yes. This hill weather is the best weather for us! What's your hotel like?

Raju It's very good. There are tall hills outside my window, and it seems snow stays on the hills all the time. The whole city is below us. Inside the hotel all the rooms are very nice. In front of it there is a wide verandah, and behind the hotel a very big garden. Sometimes we eat with the other guests in the hotel, and sometimes we eat alone in our room. You tell (me) about your hotel.

Salim Our hotel is near the station. The rooms are all right, but we don't like the food there. And don't ask about the hotel tea and coffee!

Raju Do you make food for yourselves?

Salim No, only for the children. We make it for them, not for ourselves. In the day we eat fresh fruit, and the evening meal we eat at a friend's.

Raju Listen (brother), tomorrow night eat at our hotel, after that come to the cinema with us. And yes–bring your friends with you. All right?

Salim Thank you very much Raju ji, that's very kind of you.

25 The possessive pronouns

The pronouns have their own adjectival forms to express possession, like the English 'my', 'your', etc. These decline like adjectives and agree with whatever they qualify. They are as follows:

मैं	*I*	मेरा	*my, mine*
तू	*you*	तेरा	*your, yours*
यह	*he, she, it*	इसका	*his, her, its*
वह	*he, she, it*	उसका	*his, her, its*
हम	*we*	हमारा	*our, ours*
तुम	*you*	तुम्हारा	*your, yours*
आप	*you*	आपका	*your, yours*
ये	*they*	इनका	*their, theirs*
वे	*they*	उनका	*their, theirs*
कौन	*who?*	किसका	*whose?* (singular)
		किनका	*whose?* (plural)

वे कपड़े किसके हैं?	*Whose are those clothes?*
वे कपड़े मेरे हैं।	*Those clothes are mine.*
यह उसका घर है।	*This is his house.*
वह हमारी गाड़ी है।	*That is our car.*
तुम्हारा भाई यहाँ है।	*Your brother is here.*
आपके हाथ में क्या है?	*What is in your hand?*
उनकी किताबें इस कमरे में नहीं हैं।	*Their books are not in this room.*

Those possessive pronouns which are composed of the oblique pronoun plus का may also be written as two words: इसका or इस का etc.

26 The possessive adjective अपना one's own

The possessive adjective अपना *one's own* must be used when the thing which is possessed belongs to the subject of the verb in the same clause. Compare the following:

वह अपने कमरे में था।	*He was in his (own) room.*
वह उसके कमरे में था।	*He was in his (someone else's) room.*

How अपना is translated will depend on who it refers to:

मैं उसको अपना पैसा देता हूँ।	*I give him my money.*
वह मुझे अपना पैसा देता है।	*He gives me his money.*

In the first of these sentences, अपना refers to मैं and hence translates as 'my'; in the second, अपना refers to वह and translates as 'his'.

वह अपने भाई के मकान में रहता है।	*He lives in his brother's house.*
अपना काम करो।	*Do your work.*
हम अपने दोस्तों को ख़त लिखते हैं।	*We write letters to our friends.*
राधा और उसका भाई अपनी किताबें लाते हैं।	*Radha and her brother bring their (own) books.*

Notice that in the sentence अपना काम करो, अपना is required even though the subject, तुम, is not expressed. The subject of an imperative verb is necessarily 'you'.

27 Compound postpositions

Five postpositions have already been introduced (para. 10). These are called 'simple postpositions' because they consist of only one word. Postpositions consisting of more than one word are called 'compound postpositions'. These behave in exactly the same way as the simple postpositions in that they follow the words they govern and require them to be in the oblique case. Some of the most common are listed below:

के अंदर	*inside*	के पीछे	*behind*
के आगे	*in front of*	के बाद	*after*
के ऊपर	*on top of*	के बारे में	*concerning, about*
की ओर	*towards*	के बाहर	*outside*
की तरफ़	*towards*	के लिए	*for*
के नीचे	*below*	के यहाँ	*at the place of*
के पहले	*before*	के साथ	*with*
के पास	*near*	के सामने	*facing, opposite*

मोहन के यहाँ	*at Mohan's house/place*
मकान के बाहर	*outside the house*

लड़कियों के साथ	*with the girls*
कुएँ के पास[1]	*near the well*
आज के बाद	*after today*
इस के पहले	*before this*
दूसरों के लिए	*for others*

The first word in the compound postposition is the oblique of the possessive particle, के or की. When the compound postpositions are used with the pronouns मैं, तू, हम, तुम, and अपना, the के or की is dropped and the appropriate form of मेरा, तेरा, हमारा, तुम्हारा or अपना is used instead.

मेरे पास आओ।	*Come to me.*
उसे हमारे बारे में बताओ।	*Tell him about us.*
वह मेरे लिए चाय लाता है।	*He brings tea for me.*
आप भी हमारे साथ आइए।	*You come with us too.*
नया मकान तेरे सामने है।	*The new house is in front of you.*
बड़ी कुरसी तुम्हारे पीछे है।	*The big chair is behind you.*
अपने लिए खाना लीजिए।	*Take food for yourself.*

EXERCISE 6.1 Translate into English:

यह मेरा घर है। मैं यहाँ अपने कुछ दोस्तों के साथ रहता हूँ। मेरे घर के सामने मेरे छोटे भाई का मकान है। मेरी माता जी अब हमारे साथ नहीं रहतीं, वे एक दूसरे मकान में रहती हैं। उनका नया मकान इस मकान से बहुत छोटा है। आजकल मकान बहुत महँगे होते हैं, इसलिए ज़्यादा लोग छोटे मकानों में रहते हैं। मेरी माता जी की तबियत अच्छी नहीं है, इसलिए उनके पड़ोसी उनके लिए खाना बनाते हैं और दुकानों से चीज़ें लाते हैं। वे अपने लिए सिर्फ़ चाय बनाती हैं। कभी कभी मेरे बड़े भाई के ख़त लन्दन से आते हैं, और माता जी मुझसे इंग्लैंड के बारे में पूछती हैं। माता जी अँग्रेज़ी नहीं बोलतीं, सिर्फ़ उर्दू और हिंदी बोलती हैं।

EXERCISE 6.2 Translate into Hindi:

1 Those women don't live here; it seems that their house is over there.
2 Their room is beneath our room, opposite the kitchen.
3 He brings a book for himself, but he brings nothing for his friend.
4 We always go there with the girls, but the boys stay at home.

[1] कुआँ is a masculine noun that inflects like कमरा, but with all its endings nasalized.

5 I do not know what Raju does–where does he live?
6 I am glad that you too go to school.
7 We don't say anything about ourselves. Do they say anything about us?
8 She doesn't live in her (own) house, she lives in her sister's house.
9 Come to our place tomorrow, and bring your children too.
10 Does he not know that there are only seven days in a week?

Vocabulary

अँग्रेज़ी	*the English language* (f.)
अकेला	*alone*
अपना	*one's own*
इंग्लैंड	*England* (m.)
इंडिया	*India* (m.)
इलाक़ा	*area, district, locality* (m.)
इसलिए	*so, therefore, because of this*
उर्दू	*Urdu* (f.)
ऊँचा	*high, tall* (not of trees or people: see लंबा)
कभी	*sometime, ever*
कभी कभी	*sometimes*
कभी नहीं	*never*
कश्मीरी	*Kashmiri* (m./f./adj.)
काफ़ी	*coffee* (f.)
की ओर	*towards*
की तरफ़	*towards*
कुआँ	*well* (m.)
के अंदर	*inside, within*
के आगे	*in front of, before*
के ऊपर	*on top of, on*
के नीचे	*beneath, below*
के पहले	*before*
के पास	*near*
के पीछे	*behind*
के बाद	*after*
के बारे में	*about, concerning*
के बाहर	*outside*
के यहाँ	*at the place of*
के लिए	*for*
के साथ	*with*
के सामने	*opposite*

ख़त	*letter* (correspondence) (m.)
खेलना	*to play*
गोश्त	*meat* (m.)
ग्यारह	*eleven*
चौड़ा	*wide, broad*
ताज़ा	*fresh*
तीस	*thirty*
तुम्हारा	*your, yours*
तेरा	*your, yours*
दफ़्तर	*office* (m.)
दोस्त	*friend* (m.)
पंजाबी	*the Panjabi language* (f.)
पड़ोसी	*neighbour* (m.)
पढ़ाना	*to teach*
पहाड़	*mountain, hill* (m.)
पैसा	*money; hundredth of a rupee* (m.)
बनाना	*to make*
बरामदा	*verandah* (m.)
बर्फ़	*snow, ice* (f.)
बारह	*twelve*
भारत	*India* (m.)
भारतवर्ष	*India* (m.)
भी ... भी	*both ... and*
महीना	*month* (m.)
मिलनसार	*friendly, sociable*
मेरा	*my, mine*
मेहमान	*guest* (m.)
रहना	*to stay, remain, reside, live*
शराब	*alcoholic drink* (f.)
संस्कृत	*Sanskrit* (f.)
सारा	*entire, whole, all*
सिख	*Sikh* (m./f./adj.)
सिनेमा	*cinema* (m.)
सेब	*apple* (m.)
स्टेशन	*station* (m.)
हफ़्ता	*week* (m.)
हमारा	*our, ours*
हमेशा	*always*
हाथ	*hand* (m.)

Unit Seven

Dialogue 7A *Hari's grandparents*

हरि सुनाओ, रवि, क्या हाल है? कोई नई बात?

रवि कोई ख़ास बात नहीं। वह तुम्हारे हाथ में क्या है?

हरि ये मेरे परिवार की कुछ पुरानी तस्वीरें हैं। देखो, इस तस्वीर में मेरे दादाजी अपने मकान के आगे खड़े हैं। स्कूल की छुट्टियों में हम लोग उनके यहाँ ठहरते थे।

रवि वे कहाँ रहते थे? यह दिल्ली का मकान नहीं मालूम होता।

हरि नहीं, वे कलकत्ते के पास रहते थे, छोटे गाँव में। दादीजी कलकत्ते के किसी स्कूल में पढ़ाती थीं, क्योंकि गाँव में कोई स्कूल नहीं था।

रवि क्या तुम्हारे दादा-दादी हिन्दी बोलते थे?

हरि दादीजी कोई पाँच भाषाएँ जानती थीं, पर उन्हें हिन्दी नहीं आती थी। मैं उनसे बंगला में बात करता था। दादाजी कुछ हिन्दी समझते थे, पर बोलते न थे।

रवि दिल्ली से तुम अपने दादाजी के यहाँ कैसे जाते थे? ट्रेन से या बस से?

हरि हम अक्सर रेलगाड़ी से कलकत्ते तक जाते थे, फिर उसके बाद बस से गाँव पहुँचते थे। रेलगाड़ी का सफ़र बहुत दिलचस्प होता था। हम ट्रेन में खाते थे और सोते थे और दूसरे मुसाफ़िरों से बात करते थे।

Hari Tell me, Ravi, how are things? Anything new?

Ravi Nothing special. What is that in your hand?

Hari These are some old pictures of my family. Look, in this picture my grandfather is standing in front of his house. We used to stay with him in the school holidays.

Ravi Where did he live? This doesn't seem to be a Delhi house.

Hari No, he lived near Calcutta, in a small village. My grandmother used to teach in some school in Calcutta because there was no school in the village.

Ravi Did your grandparents speak Hindi?

Hari Grandmother knew about five languages, but she didn't know Hindi. I used to speak to her in Bengali. Grandfather understood some Hindi, but didn't speak it.

Ravi How did you go to your grandfather's place from Delhi? By train or by bus?

Hari We usually went as far as Calcutta by train, then after that reached the village by bus. The train journey was very interesting. We used to eat, sleep, and talk to the other passengers in the train.

28 The past imperfective

This tense, which gives the sense 'used to...', is formed as below (remember that imperfective tenses are used for habitual actions or states):

Masculine	**Feminine**	
Singular		
मैं बोलता था	बोलती थी	*I used to speak*
तू बोलता था	बोलती थी	*you used to speak*
यह, वह बोलता था	बोलती थी	*he, she, it used to speak*
Plural		
हम बोलते थे	बोलती थीं	*we used to speak*
तुम बोलते थे	बोलती थीं	*you used to speak*
आप बोलते थे	बोलती थीं	*you used to speak*
ये, वे बोलते थे	बोलती थीं	*they used to speak*

The verb is made negative by the particle नहीं, placed just before the participle.

पुराने ज़माने में ज़्यादा लोग गाँव में रहते थे।	*In the old days more people lived in the village.*
मैं उसके ख़त पढ़ता था।	*I used to read his letters.*
पुस्तकें सस्ती होती थीं।	*Books used to be cheap.*
वह तमिल नहीं बोलती थी।	*She used not to speak Tamil.*
आप कभी नहीं आते थे।	*You never used to come.*
क्या तुम अँग्रेज़ी पढ़ते थे?	*Used you to study English?*
वे कहाँ खेलते थे?	*Where used they to play?*

29 कुछ and कोई

कुछ meaning 'some' has already occurred. It also covers the sense of 'something', 'somewhat', and in questions, 'anything'. कुछ नहीं means 'nothing'; कुछ न कुछ means 'something or other'.

मेज़ पर कुछ पड़ा था।	*Something was lying on the table.*
उसके प्याले में कुछ चाय नहीं थी।	*There was no tea in his cup.*
पेड़ पर कुछ कच्चे संतरे हैं।	*There are some unripe oranges on the tree.*
मंदिर के बारे में कुछ बताइए।	*Tell [me, us, etc.] something about the temple.*
उसके बारे में वे कुछ नहीं जानते थे।	*They knew nothing about it.*
क्या वह कुछ लाती थी?	*Used she to bring anything?*
साधु के सिर पर कुछ न कुछ था।	*There was something or other on the sadhu's head.*
मेरी तबियत कुछ ख़राब है।	*I am not feeling very well. ('My health is somewhat bad.')*

The various uses of कोई ('someone, anyone, some, any') are illustrated in the following examples:

1 as a pronoun:

कमरे में कोई था।	*There was somebody in the room.*
कमरे में कोई नहीं था।	*There was nobody in the room.*
कमरे में कोई है?	*Is there anybody in the room?*
वहाँ कोई न कोई था।	*Somebody or other was there.*
यहाँ कोई अँग्रेज़ी नहीं बोलता।	*Nobody here speaks English.*

2 as an adjective:

इस शहर में कोई सिनेमा नहीं है।	*There is no (not any) cinema in this town.*
कोई आदमी बाहर खड़ा है।	*Some man is standing outside.*
कोई बीस लोग पेड़ के नीचे खड़े थे।	*Some twenty people were standing under the tree.*
कोई बात नहीं।	*No matter; it doesn't matter; never mind; don't mention it.*

When कोई is used alone as a pronoun, it generally refers to humans: 'someone'. The equivalent pronoun for inanimate objects, as already shown, is कुछ:

मकान में कोई था।	*There was somebody in the house.*
मकान में कुछ था।	*There was something in the house.*

कोई न कोई	*somebody or other*
कुछ न कुछ	*something or other*
और कोई	*someone else*
और कुछ	*something else*

कोई has the singular oblique form किसी. When used as a pronoun, this too will normally refer to humans only. कुछ does not change in the oblique.

किसी को चाय पसंद है, किसी को काफ़ी।	*Someone likes tea, someone likes coffee.*
किसी को यह पैसा दीजिए।	*Give this money to someone.*
किसी देश में एक बड़ा राजा रहता था।	*A great king lived in a certain country.*
किसी काग़ज़ पर अपना नाम लिखिए।	*Write your name on some piece of paper.*

30 Further uses of को

1 One very common construction using को is with the word चाहिए (*is*) *wanted, needed.* In this construction the English subject takes को, and the thing wanted becomes the Hindi subject: मुझको सिगरेट चाहिए *I want a cigarette.* Agreement with the Hindi subject is apparent in past tense sentences, where था, थी, थे or थीं are used: मुझको सिगरेट चाहिए थी *I wanted a cigarette.* Some Hindi speakers show plural agreement in the present tense also by using the nasalized form चाहिएँ in agreement with plural subjects: उसे दो नई कमीज़ें चाहिएँ *He needs two new shirts.*

मुझे नया चश्मा चाहिए।	*I need new glasses.*
हमें एक नई गाड़ी चाहिए।	*We need a new car.*
तुम्हें क्या चाहिए?	*What do you want?*
उन्हें कुछ हिंदी की किताबें चाहिएँ।	*They need some Hindi books.*
मुझको पाँच कमीज़ें चाहिए थीं।	*I needed five shirts.*
मुझे तीन किलो पक्के आम चाहिए।	*I need three kilos of ripe mangoes.*

2 A very useful construction with को involves the verb आना:

क्या आप को उड़िया आती है?	*Do you know Oriya?*
जी नहीं, मुझे सिर्फ़ हिंदी आती है।	*No, I only know Hindi.*
मुझे हिन्दुस्तानी खाना बनाना नहीं आता।	*I don't know how to make Indian food.*

3 को is used to particularize times of day, days of the week, dates, etc.:

शनिवार को	*on Saturday*
शाम को	*in the evening*
कल रात को	*yesterday night; tomorrow night*
मंगलवार की सुबह को	*on Tuesday morning*
इतवार को कोई काम नहीं करता।	*Nobody works on Sundays.*
बुधवार की रात को आना।	*Come on Wednesday night.*
विद्यार्थी शाम को हमारे यहाँ आते हैं।	*The students come to our place in the evening.*

Expressions with सुबह often omit को:

कल सुबह आइए।	*Come tomorrow morning.*

Dialogue 7B *Days of the week and months of the year*

अध्यापक रमेश, हफ़्ते के दिनों के नाम बताओ।

विद्यार्थी हफ़्ते में सात दिन होते हैं। उनके नाम हैं, रविवार या इतवार, सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार या बृहस्पतिवार, शुक्रवार और शनिवार। पहले और पाँचवें दिनों के दो दो नाम हैं, लेकिन दूसरे, तीसरे, चौथे, छठे और सातवें दिनों का सिर्फ़ एक एक नाम है।

अध्यापक शाबाश। आज कौनसा दिन है?

विद्यार्थी आज बुधवार है और कल मंगलवार था।

अध्यापक और परसों कौनसा दिन था?

विद्यार्थी परसों सोमवार था।

अध्यापक क्या तुम्हें मालूम है कि स्कूल की छुट्टियाँ कब शुरू होती हैं?

विद्यार्थी जी हाँ, छुट्टियाँ जुलाई के पहले या दूसरे हफ़्ते में शुरू होती हैं और अक्सर सितंबर के तीसरे या चौथे हफ़्ते में ख़त्म होती हैं।

अध्यापक छुट्टियों में तुम क्या करते हो?

विद्यार्थी छुट्टियों के दूसरे हफ़्ते से मैं हमेशा पिताजी की दुकान में काम शुरू करता हूँ, और अगस्त के आख़िर में मैं काम ख़त्म करता हूँ। फिर कोई तेरह चौदह दिन के लिए अपने दोस्त के यहाँ जाता हूँ।

Teacher Ramesh, tell me the names of the days of the week.

Student There are seven days in a week. Their names are, Sunday (or

Sunday), Monday, Tuesday, Wednesday, Thursday (or Thursday), Friday and Saturday. The first and fifth days have two names each,[1] but the second, third, fourth, sixth and seventh days have only one name each.

Teacher Well done. What day is today?
Student Today is Wednesday and yesterday was Tuesday.
Teacher And what was the day before yesterday?
Student The day before yesterday was Monday.
Teacher Do you know when the school holidays begin?
Student Yes, the holidays begin in the first or second week of July and usually end in the third or fourth week of September.
Teacher What do you do in the holidays?
Student From the second week of the holidays I always begin work in father's shop, and at the end of August I finish work. Then I go to a friend's for thirteen or fourteen[2] days[3].

31 The ordinal numbers

पहला	*first*	पाँचवाँ	*fifth*
दूसरा	*second*	छठा	*sixth*
तीसरा	*third*	सातवाँ	*seventh*
चौथा	*fourth*	आठवाँ	*eighth*

From 'seventh' onwards, the ordinals are formed, like पाँचवाँ, by adding -वाँ to the number.

As in English, the Hindi ordinals are adjectives; they inflect like बड़ा and those ending in -वाँ have all their endings nasalized. Examples: पाँचवीं सड़क *the fifth road;* दसवें मकान में *in the tenth house.*

32 Conjunct verbs

Many verbs are formed by combining करना *to do* with a noun or adjective:

शुरू करना	*to begin*	ख़त्म करना	*to finish*
बन्द करना	*to shut*	साफ़ करना	*to clean.*

[1] Repeating the word दो gives a sense of distribution: 'two names **each**'. The same applies with एक एक 'one name **each**'.
[2] No word for 'or' is included in expressions such as तेरह चौदह *thirteen or fourteen,* दो तीन *three or four,* etc.
[3] Since the period of time is seen as an aggregate whole, दिन is used in the singular. A further example is दो साल के बाद *after two years.*

These are called transitive verbs because they take a direct object:

दरवाज़ा बन्द करो। *Shut the door.* काम शुरू कीजिए। *Start work.*

Many of these verbs have intransitive counterparts (not taking an object), in which होना is used in place of करना:

काम सुबह को शुरू होता है। *Work begins in the morning.*
रात को दरवाज़े बन्द होते हैं। *The doors close at night.*

Numerous such pairs of transitive and intransitive verbs will be met with.

छुट्टियाँ हमेशा गुरुवार को शुरू होती हैं। *The holidays always start on Thursday.*
दुकानें शाम तक कभी बन्द नहीं होतीं। *The shops never close until evening.*
हम रात तक काम ख़त्म नहीं करते थे। *We used not to finish work until night time.*

EXERCISE 7.1 Translate into English:

फल की दुकान पर

1 आइए साहब, आपको कौनसा फल चाहिए?
2 मुझे कुछ आम चाहिए—कुछ पक्के आम हैं?
3 जी हाँ, ज़रूर। ये आम बंबई के हैं–देखिए, बड़े भी हैं और मीठे भी!
4 अच्छा, दो किलो दो। दस ताज़े संतरे भी दो।
5 और कुछ चाहिए? आपको सेब पसंद हैं?
6 हाँ, कुछ सेब भी चाहिए। सबसे अच्छे कौनसे होते हैं?
7 ये कश्मीरी सेब बहुत बढ़िया हैं, आप इनको लीजिए।
8 ठीक है। पर देखो, वह सेब कच्चा है। कोई दूसरा दो।

EXERCISE 7.2 Translate into English:

1 कुछ लोग बंगला पढ़ते थे और कुछ लोग उड़िया पढ़ते थे।
2 बुधवार की शाम को कई महिलाएँ यहाँ आती थीं।
3 सुबह को पिताजी कुछ नहीं खाते थे।
4 कमरे में कोई न था, पर बाग़ में कोई खड़ा था।
5 किसी की चाबियाँ मेज़ के ऊपर पड़ी थीं।
6 इस बात के बारे में किसी से कुछ मत कहना!
7 क्या तेरे भाई को अँग्रेज़ी आती है?
8 मैं अपना काम शाम को ख़त्म करता था।
9 किसी को मालूम नहीं था कि पुराना मंदिर कहाँ था।
10 मालूम होता है कि वह हमेशा बस से आता था।

EXERCISE 7.3 Translate into Hindi:

1 We used to live in India with our father.
2 Someone or other used to bring food from the market.
3 We needed some ripe oranges.
4 How many languages do you know ?
5 She often came here on Thursday morning.
6 Nobody knew where he used to sleep.
7 The holidays begin in the third week of August.
8 I used to close the door at night.
9 I need about seven new books.
10 The first and fifth days of the week have two names each.

Vocabulary

अक्सर	*often, usually*
अगस्त	*August* (m.)
अध्यापक	*teacher* (m.)
आख़िर	*end* (m.)
आठवाँ	*eighth*
आम	*mango* (m.)
इतवार	*Sunday* (m.)
उड़िया	*the Oriya language* (f.)
और कुछ	*something else*
और कोई	*someone else, some other*
कच्चा	*unripe, raw, uncooked; crude, rough*
कब	*when?*
कलकत्ता	*Calcutta* (m.)
काग़ज़	*paper, piece of paper* (m.)
किलो	*kilo (-gram)* (m.)
कुछ न कुछ	*something or other*
कुछ नहीं	*nothing*
कैसे	*how?*
कोई	*some, any; someone, anyone;* (with number) *about*
कोई न कोई	*someone or other*
कोई नहीं	*nobody*
खड़ा होना	*to stand* (intr.)
ख़त्म करना	*to finish* (tr.)
ख़त्म होना	*to end* (intr.)
ख़ास	*special*
गुरुवार	*Thursday* (m.)
चश्मा	*glasses, spectacles* (m.)

चाहिए	*wanted, needed*
चौथा	*fourth*
चौदह	*fourteen*
छठा	*sixth*
छुट्टी	*holiday, leave, release from work* (f.)
ज़माना	*period, time* (m.)
जानना	*to know*
जुलाई	*July* (f.)
ट्रेन	*train* (f.)
तमिल	*the Tamil language* (f.)
तीसरा	*third*
तेरह	*thirteen*
दादा	*paternal grandfather* (m.)
दादा-दादी	*paternal grandparents* (m.)
दादी	*paternal grandmother* (f.)
देश	*country, region* (m.)
पक्का	*ripe, cooked; well-made*
पड़ा	*lying*
परसों	*the day before yesterday; the day after tomorrow*
परिवार	*family* (m.)
पहला	*first*
पहुँचना	*to reach, arrive at*
पाँचवाँ	*fifth*
पुस्तक	*book* (f.)
फिर	*then, again*
बंगला	*the Bengali language* (f.)
बंद होना	*to close* (intr.)
बाज़ार	*bazaar, shopping area, market* (m.)
बात करना	*to talk, converse* (with से)
बाहर	*outside*
बीस	*twenty*
बुधवार	*Wednesday* (m.)
बृहस्पतिवार	*Thursday* (m.)
भाषा	*language* (f.)
मंगलवार	*Tuesday* (m.)
मंदिर	*temple* (m.)
मुसाफ़िर	*traveller* (m.)
या	*or*
रविवार	*Sunday* (m.)
रेलगाड़ी	*train* (f.)
शनिवार	*Saturday* (m.)

शाबाश	*well done! bravo!*
शाम	*evening, dusk* (f.)
शुक्रवार	*Friday* (m.)
शुरू	*beginning* (m.)
शुरू करना	*to begin* (tr.)
शुरू होना	*to begin* (intr.)
संतरा	*orange* (m.)
सफ़र	*journey, travel* (m.)
समझना	*to understand, think, consider*
सातवाँ	*seventh*
साधु	*Hindu holy man, sadhu* (m.)
साल	*year* (m.)
सितंबर	*September* (m.)
सिर	*head* (m.)
सुनाना	*to tell, relate*
सुबह	*morning* (f.)
सोना	*to sleep*

Unit Eight

Dialogue 8A *An unexpected meeting*

हरि रवि, तुम यहाँ क्या कर रहे हो? तुम लोग आजकल दिल्ली में रहते हो क्या?

रवि मैं अभी दिल्ली में काम कर रहा हूँ, इसलिए हम लोग घर बदल रहे हैं। पहले हम पुरानी दिल्ली में नया मकान ढूँढ़ रहे थे, आजकल हम नई दिल्ली में ढूँढ़ रहे हैं।

हरि बहुत दिनों के बाद तुमसे बातें हो रही हैं। अब तुम्हारे कितने बच्चे हैं?

रवि हमारे तीन बच्चे हैं, एक लड़की, दो लड़के। अभी वे सब सिनेमा देख रहे हैं। तुम सुनाओ, तुम्हारे दो बच्चे हैं, न? उन की उम्र क्या है?

हरि लड़का पंद्रह साल का है, और लड़की सोलह साल की। वे अभी यहाँ आ रहे हैं, मेरी पत्नी के साथ। कल तक वे किसी मित्र के यहाँ ठहरे रहे थे, पर आज वे हमारे साथ हैं। अभी वे उषा के साथ कुछ कपड़े ख़रीद रहे हैं।

रवि सुनो हरि, मुझे देर हो रही है। फ़िल्म के बाद मैं बच्चों को होटल पहुँचा रहा हूँ। उनके पास पैसे नहीं हैं।

हरि पर सुनो, मेरे पास गाड़ी है। हम लोग सिनेमा की तरफ़ जा रहे हैं – तुम हमारे साथ चलो। ठीक है?

रवि लेकिन मैं तुम्हें तकलीफ़ दे रहा हूँ – सिनेमा तुम्हारे घर के पास भी नहीं है।

हरि कोई बात नहीं, हमारे पास बहुत समय है। तुम हमारे साथ ज़रूर चलो।

Hari Ravi, what are you doing here? Do you (people) live in Delhi now?[1]

Ravi I'm working in Delhi just now, so we're moving (lit. changing) house. Previously we were looking for a new house in Old Delhi, nowadays we're looking in New Delhi.

Hari We haven't had a chat for a long time. How many children do you have now?

Ravi We've got three children–one girl, two boys. They're watching a film at the moment. You tell me, you've got two children, haven't you[2]? How old are they?

Hari The boy is fifteen years old[3], and the girl is sixteen. They're just coming here with my wife. They were staying at some friend's place until yesterday, but today they're with us. Right now they are buying some clothes with Usha.

Ravi Listen Hari, I'm getting late.[4] After the film I'm taking the children to the hotel. They don't have (any) money.

Hari But listen, I've got the car. We're going in the direction of the cinema–you come with us. All right?

Ravi But I'm putting you to trouble–the cinema isn't even near your house.

Hari It doesn't matter, we've got lots of time. Certainly come with us.

33 The continuous tenses

Whereas the imperfective tenses are used for habitual actions or states, the continuous tenses are used for what is actually going on at a particular time. They are formed as follows:

Present

Masculine	Feminine	
मैं बोल रहा हूँ	रही हूँ	*I am speaking*
तू बोल रहा है	रही है	*you are speaking*
यह, वह बोल रहा है	रही है	*he, she, it is speaking*
हम बोल रहे हैं	रही हैं	*we are speaking*
तुम बोल रहे हो	रही हो	*you are speaking*
आप बोल रहे हैं	रही हैं	*you are speaking*
ये, वे बोल रहे हैं	रही हैं	*they are speaking*

Past

मैं बोल रहा था	रही थी	*I was speaking*
तू बोल रहा था	रही थी	*you were speaking*
यह, वह बोल रहा था	रही थी	*he, she, it was speaking*
हम बोल रहे थे	रही थीं	*we were speaking*
तुम बोल रहे थे	रही थीं	*you were speaking*
आप बोल रहे थे	रही थीं	*you were speaking*
ये, वे बोल रहे थे	रही थीं	*they were speaking*

1 क्या usually comes at the beginning of a sentence when indicating that the sentence is a question, but colloquialiy it may come at the end.
2 न at the end of a sentence asks for confirmation that something is true *–isn't that right?*.
3 Lit. *of fifteen years*.
4 देर means 'period of time', as in थोड़ी देर में *in a little while;* it also means 'lateness', as here in मुझे देर हो रही है *I'm getting late*.

When the continuous tenses need to be made negative, नहीं is inserted before the verb.

हम लोग हिंदी सीख रहे हैं।	*We are learning Hindi.*
वह अपने भाई के बारे में पूछ रही थी।	*She was asking about her brother.*
तुम कौनसी कहानी पढ़ रही हो?	*Which story are you reading?*
गाड़ी मकान की तरफ़ चल रही थी।	*The car was moving towards the house.*
आप क्या लिख रहे हैं?	*What are you writing?*
मैं घर नहीं जा रहा हूँ।	*I am not going home.*
ड्राइवर नई गाड़ी चला रहा था।	*The driver was driving the new car.*
सोमवार को मैं लन्दन जा रहा हूँ।	*On Monday I am going to London.*
घर के भीतर कोई बोल रहा था।	*Inside the house somebody was talking.*

34 Expressions for 'to have'

There is no Hindi verb 'to have', and possession is expressed in a variety of ways. One such way has already been seen in मुझको जुकाम है *I have a cold.* Broadly, the main distinction made in Hindi is between having things that are movable and those that involve a more permanent relationship.

With movable objects, chattels, things that can be sold, etc., it is usual to use the postposition के पास:

राम के पास एक नई गाड़ी है।	*Ram has a new car.*
मेरे पास कुछ पैसा नहीं है।	*I don't have any money.*
हमारी चाबियाँ किस के पास हैं?	*Who has got our keys?*

With immovable objects (e.g. houses), relatives, and parts of the body it is usual to use the possessive particles का, की, के:

दुकानदार की दो दुकानें हैं।	*The shopkeeper has two shops.*
उसका एक बहुत सुन्दर मकान है।	*He has a very beautiful house.*
आपके कितने बच्चे हैं?	*How many children do you have?*
मेरे दो छोटे बेटे हैं।	*I have two small sons.*
मूर्ति के तीन सिर हैं।	*The statue has three heads.*
बुढ़िया की सिर्फ़ एक आँख है।	*The old woman has only one eye.*

Some speakers, however, when referring to relatives simply use के, irrespective of number or gender:

रमेश के आठ लड़कियाँ हैं।	*Ramesh has eight daughters.*
मेरे एक बेटा है।	*I have a son.*

This is thought to be a contraction of the postposition के यहाँ *at the place of, at the house of.* This postposition is also used in its full form to express possession:

उनके यहाँ नल का पानी नहीं है।	*They do not have tap water at their house.*
हमारे यहाँ चार नौकर हैं।	*We have four servants.*

Some other usages are:

मेरे सिर में दर्द है।	*I have a headache.*
उसके हाथ में ज़ोर नहीं है।	*He has no strength in his hand.*
इस मेज़ के चार पाँव हैं।	*This table has four legs.*
इस कमरे में पाँच खिड़कियाँ हैं।	*This room has five windows.*
हमारे मकान में सात कमरे हैं।	*Our house has seven rooms.*

Dialogue 8B *How do you go to work?*

सरोज क्या तुम आज दफ़्तर बस से जा रही हो?

अनीता नहीं, मैं रेलगाड़ी से जा रही हूँ, क्योंकि बस हमेशा देर से पहुँचती है। ट्रेन अक्सर ठीक समय पर छूटती है। तुम कैसे जा रही हो?

सरोज मैं भी ट्रेन से जा रही हूँ। पिछले साल मैं अपनी गाड़ी से जाती थी, पर इन दिनों रास्तों पर बहुत भीड़ होती है सो मैं आम तौर पर ट्रेन से दफ़्तर जाती हूँ।

अनीता तुम किस समय जा रही हो – अभी?

सरोज नहीं, मैं पहले एअर इंडिया के दफ़्तर जा रही हूँ। मुझे वहाँ कुछ ज़रूरी काम है। क्या तुम्हें मालूम है कि वह किधर है?

अनीता हाँ, यहाँ से दूर नहीं है। तुम स्टेशन से सीधे चलना, और दूसरे मोड़ पर बायें मुड़ना। थोड़ी दूर फिर सीधे चलो – सामने गणेश जी का मंदिर है और दाहिने हाथ पर एअर इंडिया का दफ़्तर। क़रीब दस मिनट का रास्ता है, बस।

सरोज शुक्रिया। सुशीला भी उस मुहल्ले में रहती है न?

अनीता नहीं, कुछ साल पहले वह वहाँ रहती थी अपने माँ-बाप के साथ, पर अब उसका अपना मकान है। काफ़ी अमीर लोग हैं। यह बताओ, तुम लन्दन कब जा रही हो?

सरोज तेईस मई को जा रही हूँ। बाईस तारीख़ को मेरा भाई यहाँ आ रहा है, और तेईस को हम साथ-साथ लन्दन जा रहे हैं।

Saroj Are you going to the office by bus today?
Anita No, I'm going by train, because the bus always arrives late. The train usually leaves on time. How are you going?
Saroj I'm going by train too. Last year I used to go in my own car, but these days the roads are very crowded so I usually go to the office by train.
Anita What time are you going–right now?
Saroj No, first I'm going to the Air India office. I've got some urgent business there. Do you know which way it is?
Anita Yes, it's not far from here. From the station go straight on, and at the second turning turn left. Go straight a little way[1] again–ahead is the Ganesh temple and on the right hand the Air India office. It's about ten minutes' walk, that's all.
Saroj Thanks. Sushila lives in that district too, doesn't she?
Anita No, some years ago she used to live there with her parents, but now she's got her own house. They're pretty wealthy people. Tell me (this), when are you going to London?
Saroj I'm going on the twenty-third of May. On the twenty-second my brother is coming here, and on the twenty-third we're going to London together.

35 Some adverbial usages

को has already been seen in adverbial expressions such as सोमवार को, रात को, etc. There are many adverbial usages in which को is dropped and only the oblique case remains to indicate the adverbial force. Some such expressions are:

अगले महीने	*next month*	बायें हाथ	*to the left hand*
इस तरफ़	*in this direction*	तीसरे पहर	*in the afternoon*
दाहिने हाथ	*to the right hand*	दूसरे दिन	*the next day*
सवेरे	*in the early morning*	उन दिनों	*in those days*
		सारे दिन	*all day*
पिछले साल	*last year*	किस समय	*at what time?*
उस दिन	*that day*		

[1] थोड़ी दूर notice the feminine agreement in this adverbial expression; it derives from दूर, a feminine noun meaning 'distance', and can also be seen in कितनी दूर *how far?*

Motion towards a place can be expressed by को with the oblique, but this को is often dropped, leaving just the oblique case without a postposition:

कलकत्ते को जाना/ कलकत्ते जाना *to go to Calcutta*

से is another postposition used to form adverbial expressions; as with को, it too may sometimes be dropped:

बस से	*by bus*
देर (से)	*late*
अच्छी तरह (से)	*well*
खुशी से	*happily, gladly*
हाथ से	*by hand*
जल्दी (से)	*quickly*
ठीक तरह (से)	*properly*
ठीक से	*properly*
ज़ोर (से)	*forcefully, loudly*
किस तरह (से)	*how? in what way?*
ध्यान से	*attentively*

पर is another postposition used to form adverbial expressions:

ठीक समय पर *punctually* आम तौर पर *usually* ख़ास तौर पर *specially*

The second element of certain compound postpositions can also be used adverbially:

बाहर बैठो।	*Sit outside.*
आगे चलो।	*Move ahead.*
अंदर आओ।	*Come in.*
भीतर मत जा।	*Don't go in.*
उस तरफ़ देखो।	*Look in that direction.*
तुम भी साथ चलो।	*You come along too.*
तुम पीछे चलो।	*You follow behind.*
पीछे मुड़ो।	*Turn back.*
पहले हम भी वहाँ जाते थे।	*Previously we used to go there too.*
वह नीचे/ऊपर रहती है।	*She lives downstairs/upstairs.*
कोई आदमी पास खड़ा था।	*Some man was standing nearby.*
दस साल पहले वह कारख़ाने में नौकरी करता था।	*Ten years ago he used to work in a factory.*
दस साल बाद	*ten years later*

Finally, there are some adjectives which are used in the oblique as adverbs:

कैसे	*how?*	दाहिने	*to the right*
सीधे	*straight*	बायें	*to the left*
धीरे-धीरे	*slowly*		

36 Dates

The traditional Hindu calendar will be introduced in Appendix A; the most commonly used calendar, however, is that derived from English:

जनवरी	*January* (f.)	जुलाई	*July* (f.)
फ़रवरी	*February* (f.)	अगस्त	*August* (m.)
मार्च	*March* (m.)	सितंबर	*September* (m.)
अप्रैल	*April* (m.)	अक्तूबर	*October* (m.)
मई	*May* (f.)	नवंबर	*November* (m.)
जून	*June* (m.)	दिसंबर	*December* (m.)

Dates are expressed as follows:

सत्रह अगस्त	*the seventeenth of August*
अठारह दिसंबर	*the eighteenth of December*

The only exception to this is with the first and second of the month:

पहली मई	*the first of May*
दूसरी जून	*the second of June*

Feminine agreement in पहली and दूसरी is with the implied word तारीख़ (f.) *date*. This word appears in such expressions as

जून की दस तारीख़	*the tenth of June*
अप्रैल की पहली तारीख़	*the first of April*
आज क्या तारीख़ है?	*What is the date today?*

The postposition को expresses 'on':

मार्च की उन्नीस तारीख़ को	*on the nineteenth of March*
इक्कीस सितंबर को	*on September the twenty-first*

37 Word order

With regard to the order of adverbs or adverbial phrases relative to each other, the standard order (that which gives no special emphasis to any part of the sentence) is: first, adverbs of time (रात को, कल, etc.); second, adverbs of place (वहाँ, बाहर, etc.); and third, adverbs of manner (ज़ोर से, सीधे, etc.).

In a sentence as a whole, the standard order is: first, the subject; second, the adverbs in the order given above; third, the indirect object; fourth, the direct object; and finally the verb. If there is an interrogative word or phrase, such as कब *when*? कहाँ *where*? कैसे *how*? or किस समय *at what time*?, then this will come immediately before the verb.

मैं हमेशा वहाँ बस से जाती हूँ।	*I always go there by bus.*
उमा अपने भाई को किस समय ला रही है?	*What time is Uma bringing her brother?*
शिव शाम को यहाँ कुछ छात्रों को पढ़ाता है।	*Shiv teaches some students here in the evening.*
आप कल मुझे पैसा दीजिए।	*You give me the money tomorrow.*

This standard order will be changed to give a special emphasis:

कल मुझे पैसा आप दीजिए।	*Tomorrow* **you** *give me the money.*
आप मुझे पैसा कल दीजिए।	*You give me the money* **tomorrow**.
आप कल पैसा मुझे दीजिए।	*Tomorrow you give* **me** *the money.*

EXERCISE 8.1 Translate into English:

मेरा नाम गणेश है, और मैं अपने भाई महेश के साथ एक छोटे गाँव में रहता हूँ। गाँव में कोई बड़ी दुकान नहीं है, इसलिए हर हफ़्ते हम शहर जाते हैं और बाज़ार से कुछ ज़रूरी चीज़ें ख़रीदते हैं। हमारे पास गाड़ी नहीं है, और शहर गाँव से काफ़ी दूर है, इसलिए आम तौर पर हम शहर बस से जाते हैं। मैं गाँव के पास एक बड़े कारख़ाने में काम करता हूँ, और मेरा छोटा भाई भी वहाँ काम करता है। उसके तीन बच्चे हैं। वे सब स्कूल जाते हैं और इस साल वे हिन्दी पढ़ रहे हैं। कल महेश कह रहा था कि बच्चों को स्कूल बहुत पसंद है, और वहाँ उनके कई दोस्त हैं। पिछले साल वे सिर्फ़ सुबह के समय स्कूल में पढ़ते थे, और स्कूल के बाद बग़ीचे में खेलते थे, लेकिन अब वे सारे दिन स्कूल में रहते हैं और बहुत ध्यान से पढ़ते हैं।

आज शनिवार है। शनिवार को कोई काम नहीं करता और बच्चे स्कूल नहीं जाते, इसलिए हम सब शहर जा रहे हैं। हमारे साथ हमारे कुछ मित्र भी आ रहे हैं। उनके पास गाड़ी है, सो आज हम बस से नहीं जा रहे हैं। कभी कभी बस देर से आती है; ड्राइवर की सिर्फ़ एक आँख है और वह बस को अच्छी तरह से नहीं चलाता, इसलिए अच्छी बात है कि हमारे मित्र अपनी गाड़ी ला रहे हैं! वे लोग काफ़ी

अमीर मालूम होते हैं। उनके दो मकान हैं—एक यहाँ, हमारे घर के सामने, और दूसरा बंबई के किसी अच्छे मुहल्ले में। उनका अपना एक कारख़ाना भी है ! पहले वे बंबई में रहते थे पर अब उनको गाँव की ज़िन्दगी ज़्यादा पसंद है। उनका लड़का बंबई में फ़िल्मों में नौकरी करता था; अब वह अख़बारों के लिए बच्चों की कहानियाँ लिखता है। अगले साल वह अपनी पत्नी के साथ लन्दन जा रहा है।

EXERCISE 8.2 Translate into Hindi:

1 Tomorrow evening we are going to the town by car.
2 Previously he used to have a big house in London.
3 My brother has four children, and the biggest goes to school with my son.
4 Last month I was studying Urdu, but this month I am studying Hindi.
5 What time are your friends coming?
6 The train moves slowly and arrives late.
7 I was saying that I don't like this food.
8 How many languages do you speak well?
9 My sisters do not usually go by bus, they go by train.
10 I have a headache and my mother has a cold, so we're not going to the market today.

Vocabulary

अंदर	*inside*
अक्तूबर	*October* (m.)
अगला	*next*
अच्छी तरह (से)	*well*
अठारह	*eighteen*
अप्रैल	*April* (m.)
अमीर	*rich, wealthy*
आँख	*eye* (f.)
आगे	*forward, ahead; hereafter*
आम	*general, usual; public*
आम तौर पर	*generally, usually*
इक्कीस	*twenty-one*
उन्नीस	*nineteen*
उम्र	*age* (f.)
ऊपर	*above, up*
एअर इंडिया	*Air India* (m.)
क़रीब	*near* (adj.); *about, near, almost, nearly*
कहानी	*story* (f.)
कारख़ाना	*factory, workshop* (m.)
किधर	*which way? where?*
किस तरह (से)	*how? in what manner?*

किस समय	*at what time?*
के भीतर	*inside, within*
ख़रीदना	*to buy*
ख़ास तौर पर	*specially, particularly*
ख़ुशी से	*happily, gladly*
गणेश	*Ganesh, elephant-headed god of wisdom, remover of obstacles* (m.)
चलाना	*to drive*
छात्र	*pupil, student* (m.)
छूटना	*to leave, be left*
जनवरी	*January* (m.)
ज़रूरी	*important, necessary, urgent*
जल्दी से	*quickly*
जून	*June* (m.)
ज़ोर	*force, strength* (m.)
ज़ोर से	*forcefully, loudly*
ठीक तरह (से)	*properly*
ठीक समय (पर)	*punctually, at the right time*
ठीक से	*properly*
ड्राइवर	*driver* (m.)
ढूँढ़ना	*to look for, search, trace*
तकलीफ़	*trouble* (f.)
तकलीफ़ देना	*to trouble, to bother*
तरफ़	*direction, side* (f.)
तरह	*manner, kind* (f.)
तारीख़	*date* (f.)
तीसरे पहर	*in the afternoon*
तेईस	*twenty-three*
तौर	*manner* (m.)
थोड़ा	*little, few*
दर्द	*pain* (m.)
दाहिना	*right* (of direction)
दिसंबर	*December* (m.)
दुकानदार	*shopkeeper* (m.)
देर	*delay, lateness, period of time* (f.)
देर से	*late*
देर होना	*to get late*
धीरे-धीरे	*slowly*
ध्यान	*attention* (m.)
ध्यान से	*attentively*
नल	*pipe, tap* (m.)
नवंबर	*November* (m.)
नीचे	*under, below, beneath*

नौकर	*servant* (m.)
नौकरी	*service, job* (f.)
नौकरी करना	*to serve, do a job*
पंद्रह	*fifteen*
पत्नी	*wife* (f.)
पहर	*8th part of a day, three-hour period* (m.)
पहले	*previously, ago, (at) first*
पहुँचाना	*to convey, cause to reach, deliver*
पाँव	*foot, leg* (m.)
पास	*nearby*
पिछला	*previous, last*
पीछे	*behind, after*
फ़रवरी	*February* (f.)
फ़िल्म	*film* (f.)
बदलना	*to change*
बाईस	*twenty-two*
बातें होना	*a conversation to take place*
बाद	*later*
बायाँ	*left* (inflects like पाँचवाँ)
भीड़	*crowd* (f.)
भीतर	*inside, within*
मई	*May* (f.)
माँ-बाप	*parents* (m.)
मार्च	*March* (m.)
मित्र	*friend* (m.)
मिनट	*minute* (m.)
मुड़ना	*to turn* (intr.)
मुहल्ला	*quarter of town, locality* (m.)
मूर्ति	*idol, image, statue* (f.)
मोड़	*bend, turning, fold* (m.)
रास्ता	*road, way, route* (m.)
सत्रह	*seventeen*
समय	*time* (m.)
सवेरा	*early morning, daybreak, dawn* (m.)
सवेरे	*in the early morning*
साथ-साथ	*together*
सामने	*opposite, facing*
सिनेमा देखना	*to see a film*
सीखना	*to learn*
सीधा	*straight, straightforward*
सीधे	*straight*
सो	*so*
सोलह	*sixteen*

Unit Nine

Dialogue 9A *Holiday plans*

चंपा कहिए गोपाल, आप दिल्ली कब जाएँगे? इसी महीने?

गोपाल इसी महीने नहीं, चौबीस जुलाई को जाऊँगा। जुलाई में मौसम कैसा होगा?

चंपा जुलाई में बहुत ज़्यादा गरमी होगी। आप दिल्ली में ही रहेंगे क्या?

गोपाल मैं दिल्ली में कम से कम दो हफ़्ते रहूँगा और उसके बाद अल्मोड़ा जाऊँगा। आपको मालूम होगा कि वहाँ मेरे कुछ रिश्तेदार रहते हैं।

चंपा हाँ, पर मुझे आशा है कि आप अपना सारा समय अल्मोड़ा में ही नहीं बिताएँगे। पहाड़ों में बहुत-सी दिलचस्प जगहें हैं। कश्मीर में भी घूमेंगे न?

गोपाल हाँ ज़रूर। कहते हैं कि वहाँ गरमियों में भी ठंडी हवा चलती है, इसलिए गरमी कम पड़ती है। लेकिन आपको कश्मीर की अच्छी जानकारी होगी?

चंपा जी हाँ, मेरे नाना-नानी वहाँ रहते हैं, श्रीनगर के पास। श्रीनगर कश्मीर की राजधानी है। मैं अपने छोटे भाई के साथ वहाँ नवंबर में जाऊँगी।

गोपाल क्या आप जाड़े की छुट्टियाँ वहीं बिताएँगी?

चंपा हाँ हाँ, छुट्टियाँ मनाने के लिए ही कश्मीर जा रही हूँ। पर मेरा भाई क़रीब पहली दिसंबर तक यहाँ लौटेगा क्योंकि उसे ठंडा मौसम पसंद नहीं है। जाड़ों में वह हमेशा यहीं बंबई में ही रहता है।

Champa Well Gopal, when will you go to Delhi? **This** month?

Gopal Not this month, I'll go on the twenty-fourth of July. What will the weather be like in July?

Champa It'll be very hot in July. Will you stay just in Delhi?

Gopal I'll stay at least two weeks in Delhi and after that I'll go to Almora. You must know that some relatives of mine live there.

Champa Yes, but I hope that you won't spend all your time just in Almora. There are lots of interesting places in the hills. You'll tour in Kashmir too, won't you?

Gopal Yes of course. They say that even in the summer[1] a cool wind

[1] Note the use of the plural form गरमियाँ *the heats* to mean 'summer'; and see also the plural जाड़े *winter*.

blows there, so it doesn't get so hot. But you must know Kashmir well?

Champa Yes, my grandparents live there, near Srinagar. Srinagar is the capital of Kashmir. I shall go there with my younger brother in November.

Gopal Will you spend the winter holidays there?

Champa Yes of course, it's in order to pass the holidays that I'm going to Kashmir. But my brother will come back here by about the first of December because he doesn't like the cold weather. In the winter he always stays right here in Bombay.

38 The future tense

The future is formed as follows:

Masculine	**Feminine**	
मैं बोलूँगा	बोलूँगी	*I will speak*
तू बोलेगा	बोलेगी	*you will speak*
यह, वह बोलेगा	बोलेगी	*he / she will speak*
हम बोलेंगे	बोलेंगी	*we will speak*
तुम बोलोगे	बोलोगी	*you will speak*
आप बोलेंगे	बोलेंगी	*you will speak*
ये, वे बोलेंगे	बोलेंगी	*they will speak*

होना *to be, become,* लेना *to take* and देना *to give* form their future tenses as follows:

Masculine	**Feminine**	**Masculine**	**Feminine**	**Masculine**	**Feminine**
मैं हूँगा	हूँगी	लूँगा	लूँगी	दूँगा	दूँगी
तू होगा	होगी	लेगा	लेगी	देगा	देगी
यह, वह होगा	होगी	लेगा	लेगी	देगा	देगी
हम होंगे	होंगी	लेंगे	लेंगी	देंगे	देंगी
तुम होगे	होगी	लोगे	लोगी	दोगे	दोगी
आप होंगे	होंगी	लेंगे	लेंगी	देंगे	देंगी
ये, वे होंगे	होंगी	लेंगे	लेंगी	देंगे	देंगी

Verbs whose stem ends in -ई or -ऊ shorten this long vowel before the future endings: thus पीना *to drink* gives पिऊँगा *I will drink*. The future is made negative by either नहीं or न.

क्या आप उसे तार देंगे?	*Will you send him a telegram?*
हम फ़िल्म परसों देखेंगे।	*We shall see the film the day after tomorrow.*

मैं कल दिल्ली हवाई जहाज़ से जाऊँगा।	*I shall fly to Delhi tomorrow.*
वह आज शाम को गाना गाएगी।	*She will sing this evening.*

As in English, the future in Hindi is used both to refer to future events, e.g. 'He will come tomorrow', and to make assumptions about the present, e.g. 'Those people will be your new neighbours', when we mean 'I assume' or 'I suppose that those people must be your new neighbours'.

वे लोग आपके नए पड़ोसी होंगे।	*Those people will be your new neighbours.*
आजकल मकान का किराया बहुत ज़्यादा होगा।	*Nowadays the house rent will be very high.*
वह लंबी महिला उसकी सहेली होगी।	*That tall lady will be her friend.*
आपको मालूम होगा कि मेरी पढ़ाई अच्छी तरह नहीं चल रही है।	*You will be aware that my studies aren't going well.*

In this 'presumptive' usage, the future of होना can also be used with the imperfective and continuous tenses of other verbs, होगा etc. simply replacing present tense है etc. Compare the following:

आप उसे जानते हैं।	*You know him.*
आप उसे जानते होंगे।	*You will (must presumably) know him.*
वह किसी बड़े मकान में रहता होगा।	*He probably lives (will be living) in some big house.*
आप मेरा नाम जानते होंगे?	*You will know my name?*
सारा गाँव उसे पहचानता होगा।	*The whole village will know him.*
वह अभी आती होगी।	*She will be on her way now.*
वे अकेले आ रहे होंगे।	*They will be coming alone.*

39 The emphatic particle ही

ही is a particle that emphasises the word or words which precede it; it is not a postposition, and does not require them to change their form or case. In some contexts it translates as 'only'.

कुछ ही लोग कालेज रोज़ जाते हैं।	*Only some (a few) people go to college every day.*
इस बड़े मकान में दो ही आदमी रहते हैं।	*Only two men live in this big house.*
यह इमारत बहुत ही पुरानी है।	*This building is very old indeed.*

यहाँ से दूर न था, पास ही था।	*It wasn't far from here, it was just nearby.*
हम खेलते ही नहीं, काम भी करते हैं।	*We don't just play, we also work.*
मैं ही नहीं, सारा गाँव जानता है।	*Not just me, the whole village knows.*
यह जगह शान्त है ही।	*This place is certainly quiet.*

Certain of the forms of the pronouns coalesce with ही to give special forms:

मुझ	+	ही	=	मुझी	उस	+	ही	=	उसी
तुझ	+	ही	=	तुझी	हम	+	ही	=	हमीं
यह	+	ही	=	यही	तुम	+	ही	=	तुम्हीं
वह	+	ही	=	वही	इन	+	ही	=	इन्हीं
इस	+	ही	=	इसी	उन	+	ही	=	उन्हीं

(Nasality in the final vowel is frequently dropped.)

The other pronouns have simply ही following their usual forms: मैं ही *'I alone'*, मुझे ही *'to me alone'*, मेरा ही ***'my'*** (emphatic), etc.

Notice also the following forms, in which ही coalesces with adverbs:[1]

यहाँ	+	ही	=	यहीं	*in this very place, right here*
वहाँ	+	ही	=	वहीं	*in that very place, right there*
अब	+	ही	=	अभी	*at this very moment; yet*
सब	+	ही	=	सभी	***all*** (emphatic)

असली हिन्दी हमीं बोलते हैं।	*It is we who speak the real Hindi.*
वह मुझी को पत्र लिखती थी।	*She used to write only to me.*
पंडित जी उसी कमरे में बैठे हैं।	*Pandit ji is sitting in that very (that same) room.*
उन्हीं को पैसा चाहिए।	*It is they who need money.*
मैं यह पुस्तक आप को ही दे रहा हूँ।	*I am giving this book to* ***you.***
मेरी ही गाड़ी लाल है।	***My*** *car is red.*

[1] When the sense 'only' is intended, ही remains separate from the adverb: अब ही *only now*, यहाँ ही *only here, etc.*

बच्चे यहीं खेल रहे थे।	*The children were playing right here.*
अभी आइयेगा।	*Please come at once.*
यह बात सभी लोग मानते हैं।	*Everybody accepts this.*

40 Some expressions of quantity

As has already been seen, बहुत acts both as an adjective (बहुत लोग *many people*) and as an adverb (बहुत बड़ा *very big*). When it is necessary to specify an adjectival sense, the adjective बहुत-सा *much, many* may be used:

बहुत अच्छी किताबें	*very good books*
but बहुत-सी अच्छी किताबें	*many good books*

बहुत-सा is not restricted to these contexts, but may also be used more generally:

बहुत (-से) भारतीय लोग शाकाहारी होते हैं।	*Many Indians are vegetarians.*
उसके पास बहुत-सा पैसा होगा।	*He must have quite a lot of money.*

Similarly, the adjective थोड़ा-सा *a little* is used alongside थोड़ा. *Both* parts of थोड़ा-सा inflect:

थोड़ी और चाय लीजिए।	*Have a little more tea.*
हाँ, थोड़ी-सी दीजिए।	*Yes, please give me a little.*

ज़्यादा and अधिक *much, many, more,* act both as adverbs and as adjectives. They may in certain contexts give the sense 'too much, too many'; this sense is made more explicit by adding बहुत:

गरमियों में ज़्यादा लोग यहाँ आते हैं।	*Many people come here in the summer.*
मेज़ पर अधिक किताबें न रखो।	*Don't put (too) many books on the table.*
दाल में नमक बहुत ज़्यादा है।	*There's too much salt in the lentils.*
इस दुकान में सब कुछ बहुत ज़्यादा महँगा है।	*Everything in this shop is too expensive.*

कम *few, less, little* may similarly be emphasised by adding बहुत:

इस साल कम लोग मकान ख़रीदेंगे।	*Few (fewer) people will buy houses this year.*

उस क्लास में बहुत कम विद्यार्थी थे।	*There were very few (too few) students in that class.*

Notice also the following expressions:

कम से कम	*at least*
ज़्यादा से ज़्यादा	*at the most*
अधिक से अधिक	*at the most*
थोड़ा-बहुत	*a certain amount, a little*

काफ़ी *enough, very,* often has the sense 'quite a fair amount', etc.: काफ़ी पैसा *enough money*; काफ़ी पुराना *pretty old*; काफ़ी दूर *quite far away.*

हमें कम से कम दस रुपये चाहिए।	*We need at least ten rupees.*
आप थोड़ी-बहुत उर्दू समझते होंगे?	*You must understand a certain amount of Urdu?*
दाम बहुत ही ज़्यादा है। कुछ कम करो।	*The price is far too high. Reduce it a bit.*
इस मुहल्ले में बहुत-से ग़रीब लोग रहते हैं।	*Many poor people live in this district.*
हवाई अड्डा यहाँ से काफ़ी दूर होगा?	*The airport will be quite a way from here?*
मई के महीने में अधिक पानी नहीं पड़ता।	*Not much rain falls in (the month of) May.*
आप काफ़ी अच्छी हिन्दी बोलते हैं!	*You speak pretty good Hindi!*

Dialogue 9B *Come to the cinema*

सोनी	कहो राजू, क्या तुम कल हमारे साथ नई फ़िल्म देखने जाओगे?
राजू	मैं नहीं जाऊँगा। तुम्हारे ख़्याल में वह देखने लायक़ होगी?
सोनी	हाँ ज़रूर। हर कोई जा रहा होगा – तुम भी साथ चलो!
राजू	नहीं यार, मुझे ऐसी फ़िल्में पसंद नहीं। हमेशा वही गाना, लड़ना और रोना-धोना होता है, और कुछ नहीं!
सोनी	तुम्हारी बात बिलकुल ग़लत है। मालूम होता है, तुम फ़िल्मों के बारे में कुछ नहीं जानते।
राजू	जानने को क्या है? और वहाँ टिकटों का दाम भी बहुत ज़्यादा होगा।
सोनी	तुमसे कुछ कहने में क्या फ़ायदा है, तुम मेरी बात सुनते ही नहीं।
राजू	ऐसे बोलने की कोई ज़रूरत नहीं भाई, तुम ग़ुस्से हो रहे हो!

सोनी सुनो, मैं बस यह कह रहा हूँ कि यह नई फ़िल्म देखने लायक है। मैं ही नहीं, हर कोई कहता है। फ़िल्म का संगीत भी बहुत अच्छा है।

राजू अच्छा ही होगा, पर मुझे गरमियों में सिनेमा में बैठना पसंद नहीं। सरदियों में किसी दिन तुम्हारे साथ जाऊँगा।

सोनी ठीक है। अच्छा, हम कल काम पर मिलेंगे। और सुनो, मेरी बात का तुम बुरा न मानो।

राजू अरे भाई, कोई बात नहीं!

Soni Tell me Raju, will you go with us to see the new film tomorrow?

Raju I shan't go. Will it be worth seeing in your opinion?

Soni Yes of course. Everyone will be going – you come along too!

Raju No (friend), I don't like such films. There's always that same singing, fighting, and weeping and wailing, nothing else!

Soni What you say is quite wrong. It seems you don't know anything about films.

Raju What is there to know? And the tickets will be very expensive there as well.

Soni What's the point in saying anything to you, you just don't listen to what I say.

Raju There's no need to talk like that (brother), you're getting angry!

Soni Listen, all I'm saying is that this new film is worth seeing. Everybody says (so), not just me. The film's music is also very good.

Raju No doubt[1], but I don't like sitting in the cinema in the summer. I'll go with you some day in the winter.[2]

Soni All right. OK, we'll meet at work tomorrow.[3] And listen, don't take offence at what I said.

Raju (Oh brother), it's nothing.

41 The infinitive as a verbal noun

The infinitive is used as a verbal noun which is masculine and inflects like कमरा. The negative, 'not to do something', is expressed by न plus the infinitive.

1 The future tense is here used to give a presumptive sense: 'No doubt it will be good', 'It's sure to be good'.

2 Note that the plural of सरदी (f.) *cold* is used in the same way as the plurals of जाड़ा *cold* and गरमी *heat* (see Dialogue 9A, Note 1).

3 कल मिलेंगे *See you tomorrow*, a very common way of 'signing off' at the end of a conversation. Also फिर मिलेंगे *See you again*.

Examples in the direct case

पढ़ना आसान है, लिखना मुश्किल।	*To read is easy, to write difficult.*
माँस खाना उचित नहीं होता।	*Eating meat is not right.*
उनके लिए शराब पीना मना है।	*For them to drink alcohol is forbidden.*
तेरा यहाँ न रहना अफ़सोस की बात है।	*Your not staying here is a pity.*
उसका वहाँ जाना बिलकुल ज़रूरी होगा।	*His going there will be absolutely necessary.*
ऐसा करना अच्छा नहीं होता।	*It is not good to do this.*

When followed by the possessive particle or any other postposition, the infinitive inflects like any other masculine noun: पीने का पानी *drinking water;* सोने का कमरा *bedroom;* हँसने की बात *a laughing matter.*

Examples with postpositions

मेरे जाने के बाद आप क्या करेंगे?	*What will you do after I have gone?*
उस के आने के पहले तू अपना कमरा साफ़ कर।	*Clean your room before he comes.*
वहाँ पहुँचने पर हमें फ़ोन कीजिए।	*Phone us on arriving there.*
आपके वहाँ जाने में क्या फ़ायदा है?	*What is the point in your going there?*
वह शायद बाहर जाने को थी।	*She was perhaps about to go out.*
मैं बाहर जाने को तैयार हूँ।	*I am ready to go out.*
भारत लौटने के पहले हमारे यहाँ ठहरिए।	*Stay with us before returning to India.*
ऐसा करने से आप ज़्यादा सीखेंगे।	*You will learn more by doing this.*
अपनी माँ के कहने पर ही वह कुछ खाएगा।	*He will only eat something if his mother tells him.*
तुझे इसके बारे में कुछ जानने की ज़रूरत नहीं है।	*You don't need (have any need) to know about this.*
क्या आपको वहाँ जाने की आवश्यकता होगी?	*Will you need to go there?*

To express purpose, the oblique infinitive is usually used alone; it may also be used with को or के लिए:

वह कल फ़िल्म देखने जाएगी।	*She will go to see the film tomorrow.*
मुझे उम्मीद है कि आप हमसे मिलने आएँगे।	*I hope that you will come to visit us.*
किसीको मेरी गाड़ी ठीक करने के लिए भेजो।	*Send someone to fix my car.*

मैं आप का ही गाना सुनने को आऊँगा!	*I will come to hear just your singing!*

The adjectives योग्य and लायक़ *worth..., suitable for...*, usually take the oblique infinitive alone, but may take the oblique infinitive with के:

यह पुस्तक पढ़ने (के) योग्य है।	*This book is worth reading.*
यह नई फ़िल्म देखने (के) लायक़ है।	*This new film is worth seeing.*

There are many more uses of the infinitive in Hindi; here it may be noted that the direct infinitive is used before the verbs जानना, सीखना and शुरू करना to mean 'to know how to', 'to learn to' and 'to begin to'; and 'to tell someone to do something' involves the use of the oblique infinitive with को.

मैं गाड़ी चलाना नहीं जानता।	*I don't know how to drive a car.*
मेरी सहेली सितार बजाना सीख रही है।	*My friend is learning to play the sitar.*
अगले महीने वह नया मकान बनाना शुरू करेगा।	*Next month he will begin to build the new house.*
उससे यहाँ आने को कहो।	*Tell him to come here.*

EXERCISE 9.1 Translate into English:

मैं परसों हिन्दी सीखने के लिए दिल्ली जा रही हूँ। मैं वहाँ कम से कम दो महीने रहूँगी और मुझे आशा है कि बहुत ध्यान से पढ़ने के बाद मैं हिन्दी काफ़ी अच्छी तरह से सीखूँगी। मेरी एक सहेली की बहिन दिल्ली में ही नौकरी करती है और मैं उसी के साथ रहूँगी। उसका मकान कालेज से काफ़ी दूर है लेकिन स्टेशन पास ही है, इसलिए मैं रोज़ रेलगाड़ी से कालेज जाऊँगी। मालूम होता है कि उस मुहल्ले में बहुत-से विद्यार्थी रहते हैं। वे भी इसी तरह रेलगाड़ी से कालेज जाते होंगे और मैं भी उनके साथ जाऊँगी क्योंकि पिताजी कहते हैं कि मेरा अकेले जाना ठीक न होगा। मैं उनकी बात मानती नहीं पर उनसे कुछ कहती नहीं क्योंकि बड़ों के सामने ऐसा कहना उचित नहीं होगा। मेरी सहेली कहती है कि आजकल भारत में, ख़ास तौर पर बड़े शहरों में, चीज़ों के दाम बहुत ज़्यादा होते हैं और मुझे काफ़ी पैसे की ज़रूरत होगी।

हवाई जहाज़ यहाँ से सवेरे जाता है और दिल्ली रात तक पहुँचेगा। मेरी सहेली की बहिन मुझसे मिलने हवाई अड्डे आएगी। मैं उसे नहीं जानती सो मुझे मालून नहीं कि मैं उसे कैसे पहचानूँगी। शायद वह मुझको पहचानेगी क्योंकि उसके पास मेरी एक पुरानी तस्वीर है। उसके दो लड़के हैं, और वे भी उसके साथ हवाई अड्डे पर आ रहे होंगे। बड़ा लड़का किसी कारख़ाने में नौकरी करता है। छोटा लड़का अभी स्कूल में है, पर अपनी पढ़ाई ख़त्म करने पर वह भी उसी कारख़ाने में काम करना शुरू करेगा। मेरी सहेली का कहना है कि किसी छोटे गाँव में उन लोगों का एक दूसरा मकान भी है। रविवार को और

स्कूल की छुट्टियों में वे लोग वहाँ घूमने जाते हैं, और मैं भी उनके साथ वहाँ जाऊँगी। यह बड़ी अच्छी बात होगी क्योंकि मुझे गाँव की ज़िन्दगी बहुत पसंद है, और दूसरी बात यह है कि गाँव के लोग हिन्दी ही जानते होंगे इसलिए उनसे बात करने में मुझे बहुत फ़ायदा होगा।

EXERCISE 9.2 Translate into Hindi:

Tomorrow we shall go to Delhi to meet our friends. We do not have a car, so we shall go by train. Perhaps our friends will come to meet us at the station, because they live very near; after meeting them we shall go to eat in some hotel, and then we shall go to their house in the afternoon. I don't like eating in hotels, but the children like it very much. Our friends have two boys, and our children will play happily with them till evening. Their house is very beautiful indeed, and just nearby there is a very big garden. It is a very peaceful place and the children like to wander around there. In the summer a lot of people go there, but in the winter nobody does. We won't need our coats tomorrow, because they say that it won't rain; we hope that what they say won't be wrong!

Vocabulary

अकेले	*alone* (adv.)
अधिक	*much*
अधिक से अधिक	*at the most*
अल्मोड़ा	*Almora* (m.)
असली	*real, genuine*
आवश्यकता	*necessity, need* (f.)
आशा	*hope* (f.)
इमारत	*building* (f.)
इसी लिए	*that's why, for this very reason*
उचित	*fitting, proper, right*
उम्मीद	*hope* (f.)
ऐसा	*such, of this kind* (adj.); *thus, so* (adv.)
ऐसे	*thus, in this way, so* (adv.)
कम करना	*to reduce*
कम से कम	*at least*
कश्मीर	*Kashmir* (m.)
कालेज	*college* (m.)
के योग्य	*worthy of, worth*
के लायक़	*worthy of, worth*
क्लास	*class* (f./m.)
ख़्याल	*opinion, thought* (m.)
गरमी	*heat* (f.); *summer* (pl.)

गरमी पड़ना	*to get hot* (of weather)
ग़रीब	*poor*
ग़लत	*wrong, mistaken*
गाना[1]	*to sing*
गाना[2]	*song* (m.)
ग़ुस्सा	*anger* (m.)
ग़ुस्सा/ग़ुस्से होना	*to get angry* (*with*, पर)
घूमना	*to tour, visit, wander about, turn* (intr.)
चौबीस	*twenty-four*
जगह	*place* (f.)
ज़रूरत	*need, necessity* (f.)
जाड़ा	*cold* (m.); *winter* (pl.)
जानकारी	*knowledge, information* (f.)
ज़्यादा से ज़्यादा	*at the most*
टिकट	*ticket; stamp* (m.)
ठंडा	*cold* (adj.)
ठीक करना	*to fix, put right*
तार	*telegram, cable* (m.)
तार देना	*to send a telegram*
थोड़ा-बहुत	*a certain amount*
थोड़ा-सा	*a few, a little* (adj.)
दाम	*price* (m.)
दाल	*pulse, lentil* (f.)
नमक	*salt* (m.)
नाना	*maternal grandfather* (m.)
नाना-नानी	*maternal grandparents* (m.)
नानी	*matenal grandmother* (f.)
पंडित	*learned man, pandit* (m.)
पड़ना	*to fall, lie*
पढ़ाई	*study, studies* (f.)
पहचानना	*to recognise, identify*
पानी पड़ना	*to rain*
फ़ायदा	*advantage, profit, gain* (m.)
फ़ोन करना	*to telephone*
बजाना	*to play* (musical instrument)
बहुत-सा	*many, much, quite a few* (adj.)
बिताना	*to spend, pass* (time)
बिल्कुल	*absolutely*
बुरा मानना	*to take amiss, take offence (at)*
बैठा	*sitting, seated*
भेजना	*to send*
मना	*forbidden, prohibited* (inv.)
मनाना	*to celebrate* (festival, holiday, etc.)

माँ	*mother* (f.)
माँस	*meat* (m.)
मानना	*to accept, agree, believe*
मिलना	*to meet* (*with*, से)
यहीं	*right here, at this very place*
यार	*friend, mate* (m./f.)
योग्य	*capable, worth, suitable, worthy*
रखना	*to put, place, keep, hold*
राजधानी	*capital city* (f.)
रिश्तेदार	*relative* (m.)
रोज़	*daily, everyday; day* (m.)
रोना	*to cry, weep*
रोना-धोना	*to weep and wail*
लड़ना	*to fight*
लायक़	*capable, worth, suitable, worthy*
लौटना	*to return* (intr.)
वहीं	*right there, in that very place*
शाकाहारी	*vegetarian* (m./adj.)
शान्त	*peaceful, quiet*
शायद	*perhaps*
श्रीनगर	*Srinagar* (m.)
संगीत	*music* (m.)
सब कुछ	*everything*
सरदी	*cold* (f.); *winter* (pl.)
सहेली	(girl's) *female friend* (f.)
सितार	*sitar* (f.)
हँसना	*to laugh*
हर कोई	*everyone*
हवा	*air, wind, breeze* (f.)
हवाई अड्डा	*airport* (m.)
हवाई जहाज़	*aeroplane* (m.)
ही	*only* (etc.) (emphatic particle)

Unit Ten

Dialogue 10A *'I must speak to Dharmendra'*

कमल हलो, मैं कमल किशोर बोल रहा हूँ। क्या धर्मेन्द्र जी हैं?

सीता नमस्कार कमल जी, मैं सीता बोल रही हूँ। धर्मेन्द्र जी अभी यहाँ नहीं हैं — शायद अपने नए दफ़्तर पर हों। आप उन्हें शाम को फ़ोन करें।

कमल बहुत ज़रूरी है कि मैं उनसे अभी बात करूँ — कल ही मैं बाहर जा रहा हूँ और मंगलवार तक नहीं लौटूँगा। क्या करें?

सीता आप चाहते हैं कि मैं आपको उनका दफ़्तर का नंबर दूँ? मेरे पास है। या मैं ही उन्हें फ़ोन करूँ? आपकी मरज़ी।

कमल मैं आपको कष्ट देना नहीं चाहता — पर काफ़ी व्यस्त तो हूँ। आप ही उन्हें फ़ोन करें और उनसे कहें कि मैं उनसे मंगल को मिलना चाहता हूँ। उनसे पूछें कि क्या मंगल की सुबह को उन्हें फ़ुरसत है।

सीता अच्छी बात। आप मुझे अपना नंबर भी दें, शायद धर्मेन्द्र आपको आज ही फ़ोन करना चाहें।

कमल नंबर देने की ज़रूरत नहीं, उनके पास होगा। सुनिए, मैं चाहता हूँ कि मेरे लौटने के बाद आप और धर्मेन्द्र जी दोनों किसी दिन हमारे यहाँ भोजन करने आएँ। आएँगे, न?

सीता जी हाँ ज़रूर, क्यों नहीं आएँगे? बड़ा अच्छा रहेगा। और हाँ, सुनीता से मेरी नमस्ते कहना न भूलें। अच्छा जी नमस्कार, फ़ोन करने के लिए धन्यवाद।

कमल नमस्ते जी, अगले महीने मिलेंगे।

Kamal Hello, this is Kamal Kishor speaking.[1] Is Dharmendra jī in?[2]

Sita Hello Kamal jī, this is Sita here. Dharmendra jī is not here just at the moment–he may perhaps be at his new office. Would you phone him in the evening?

Kamal It's very important that I speak to him right away–I'm going

1 Notice that the Hindi equivalent of 'This is x speaking' uses the first person–literally, 'I x am speaking'.

2 In expressions like 'Is x in?', 'Is x there?', the Hindi sentence needs no adverb.

away[1] actually tomorrow, and I shan't be back until Tuesday. What should we do?

Sita Would you like me to give you his office number?[2] I have it. Or should I phone him myself? It's up to you.

Kamal I don't want to cause you inconvenience–but I am pretty busy! Would *you* phone him and say to him that I want to meet him on Tuesday.[3] Would you ask him whether he's free on Tuesday morning.

Sita Very well. Would you give me your number too–perhaps Dharmendra may want to phone you today.

Kamal There's no need (for me) to give the number–he's sure to have it. Listen, I want you and Dharmendra jī both to come and have a meal with us some day after I get back. You will come, won't you?

Sita Yes of course, why wouldn't we come[4]? That will be very nice.[5,6] And yes, please don't forget to give my greetings to Sunita. All right, goodbye then, and thanks for phoning.

Kamal Goodbye, see you next month.

42 The subjunctive

The subjunctive is formed in exactly the same way as the future, but without the -गा/-गे/-गी ending (and therefore not distinguishing gender):

मैं बोलूँ	हम बोलें
तू बोले	तुम बोलो
यह, वह बोले	आप बोलें
	ये वे बोलें

Because this results in मैं हूँ being used for both present 'I am' and subjunctive 'I may be', an alternative form मैं होऊँ is sometimes used for the subjunctive.

1 मैं बाहर जा रहा हूँ, lit. *I am going out,* but बाहर here has the sense 'away from home', 'out of town', etc.

2 उनका दफ़्तर का नंबरः उनका here refers to the number, and not to the office–and therefore stays in the direct case.

3 मंगलः a commonly used short form of मंगलवार. The forms बुध, बृहस्पति and शुक्र also occur. (वार means 'day'.)

4 Rhetorical questions of this kind are much more common in Hindi than in English; in English they may sound abrupt or impolite, but in Hindi they form a natural part of the conversation.

5 Notice the adverbial use of बड़ा in बड़ा अच्छा *very nice* (=बहुत अच्छा)

6 रहना often takes the place of होना in future contexts of this kind.

The range of meanings that the subjunctive can express is best understood from examples. Compare the following sentences:

Future

क्या वह भी आएगा?	*Will he come too?*
वह कहाँ जाएगी?	*Where will she go?*
मैं कुछ बोलूँगा।	*I shall say something.*
हम क्या करेंगे?	*What shall we do?*

Subjunctive

क्या वह भी आए?	*May/should he come too?*
वह कहाँ जाए?	*Where might/should she go?*
मैं कुछ बोलूँ?	*May I/should I say something?*
हम क्या करें?	*What should we do?*

The subjunctive is also commonly used in making suggestions, polite requests and for expressing wishes; the negative particle used with the subjunctive is न, not नहीं.

हम बाहर चलें।	*Let's go out.*
आप अन्दर आएँ।	*Would you come in?*
हमारी माँगें पूरी हों!	*May our demands be fulfilled!* (Demonstrators' slogan)
आप भी 'भारत माता की जय' कहें!	*You too should say, 'Victory to Mother India'!*
मुझे उम्मीद है कि वह न आए।	*I hope that he might not come.*
ऐसा न हो कि पैसा कम हो।	*May it not happen that the money be too little.*

The subjunctive is also used in expressions of possibility. Notice also how it is used with imperfective (बोलता) and continuous (बोल रहा) forms, giving imperfective and continuous subjunctives:

शायद वह बाहर खड़ा हो।	*Perhaps he is standing outside.*
संभव है कि वे न आएँ।	*It is possible that they may not come.*
बच्चे बग़ीचे में खेल रहे हों।	*The children may be playing in the garden.*
वे अँग्रेज़ी सीखते हों।	*They might be learning English.*
संभव नहीं है कि कोई आदमी अपने बच्चे को मारे।	*It is not possible that a man beat his child.*

Further uses of the subjunctive will be introduced later; here it should be noted that it is commonly used in expressions of rightness, necessity or obligation:

उचित है कि माँ-बाप अपने बच्चों को प्यार करें।[1]	*It is right that parents should love their children.*
आवश्यक है कि तुम खाना खाने के पहले हाथ धोओ।	*It is necessary that you should wash your hands before meals.*
बहुत ज़रूरी है कि हम सुबह की गाड़ी पकड़ें।	*It is vital that we catch the morning train.*
उनको यह चाहिए था कि वे कारख़ाने में नौकरी करें।	*They had to take employment in the factory.*
उससे कहिए कि वह चुप रहे!	*Tell him to keep quiet!*

43 The verb चाहना

चाहना means 'to want, wish'. In a sentence of the type 'I want to go', in which the desired action ('to go') is to be performed by the subject ('I'), then चाहना is used with an infinitive: मैं जाना चाहता हूँ. If the action is to be performed by somebody other than the subject, then a subjunctive clause is used, introduced by कि: मैं चाहता हूँ कि वह जाए *I want him to go.*

मैं उस दुकान से कुछ फल खरीदना चाहता हूँ।	*I want to buy some fruit from that shop.*
वह चाहती है कि मैं उसके साथ चलूँ।	*She wants me to go with her.*
हम अभी लौटना नहीं चाहते।	*We don't want to go back just yet.*
तुम चाहते हो कि मैं उर्दू पढ़ूँ?	*You want me to study Urdu?*

It is important to understand the difference between the use of the verb चाहना and the use of the चाहिए construction introduced in paragraph 30.

Dialogue 10B *Dharmendra returns the phone call*

धर्मेन्द्र हलो कमल, मैं धर्मेन्द्र बोल रहा हूँ। सीता कह रही थी कि आप मुझसे बात करना चाहते हैं। कोई ख़ास बात है क्या?

[1] The distinction between प्यार करना with को and with से is similar to that between 'to love' and 'to be in love with' in English.

कमल नमस्कार धर्मेन्द्र। सुनिए, बहुत ज़रूरी है कि हम जल्दी मिलें। अगर आपको फ़ुरसत हो तो आज ही मेरे दफ़्तर आएँ। आज का क्या प्रोग्राम है आपका?

धर्मेन्द्र मैं तो अभी बाहर जानेवाला था — पर अगर आप चाहें तो हम शाम को मिलें।

कमल अच्छी बात। अगर आपको असुविधा न हो तो हम आपके यहाँ मिलें क्योंकि शाम को सुनीता की कुछ सहेलियाँ हमारे यहाँ आ रही हैं।

धर्मेन्द्र हाँ ज़रूर, आप हमारे यहाँ अवश्य आएँ। पर बात क्या है भई? इतनी जल्दी क्यों है मिलने के लिए? घर में सब ठीक तो है?

कमल अरे, घर में तो सब ठीक है, पर नौकरी-वाला मामला है। आपको याद है न कि मैं नई नौकरी ढूँढ़ रहा हूँ? इसी मामले में तो आपकी सलाह लेना चाहता था।

धर्मेन्द्र मेरा ख़्याल तो यह है कि अगर आपको अच्छी नौकरी चाहिए तो आप किसी सरकारी दफ़्तर में अर्ज़ी दें। सरकार तो अच्छी तनख़ाह देती होगी। आप आने वाले हफ़्ते का समाचार पत्र पढ़ें, तो कम से कम तीन चार सरकारी विज्ञापन पाएँगे।

कमल वैसे मैं ऐसी नौकरी के लिए अर्ज़ी देने ही वाला था, पर सुनीता यह नहीं चाहती कि मैं सरकार में काम करूँ। सच पूछिए तो मैं किसी व्यापार करनेवाली कंपनी में नौकरी करना चाहता हूँ, शायद विदेश में ही। आप तो विदेशी कंपनियों की गति-विधियों के बारे में बहुत जानते हैं, इस लिए आप की सलाह लेना बहुत ज़रूरी समझता हूँ।

धर्मेन्द्र अच्छा जी, तो शाम को ही हम बात करेंगे इस मामले में।

Dharmendra Hello Kamal, it's Dharmendra speaking. Sita was saying that you want to talk to me. Is it anything special?

Kamal Hello Dharmendra. Listen, it's very important that we meet soon. If you're free would you come to my office *today*? What have you got to do today?[1]

Dharmendra I was just about to go out–but if you like we could meet in the evening.

Kamal Very good. If it's not inconvenient to you, let's meet at your place, because in the evening some friends of Sunita's are coming here.

Dharmendra Yes of course, do certainly come here. But what's up? Why so much hurry about meeting? Everything's all right at home I hope?

Kamal Oh, everything's all right at home, but it's to do with work. You remember, don't you, that I'm looking for a new job? It's in this connection that I wanted to take your advice.

Dharmendra What I think is that if you want a good job you should apply to some government office. The government must be paying a good salary. If you read the coming week's newspaper, you'll find at least three or four government advertisements.

[1] Lit. *What's your programme for today*? A colloquial word order relocates आपका at the end of the sentence.

Kamal Actually I *was* about to apply for such a job, but Sunita doesn't want me to work in the government. As a matter of fact[1] I want to serve in some trading company, perhaps abroad. You know a lot about the workings of foreign companies, so I consider it essential to take your advice.

Dharmendra All right, so we'll talk about this matter in the evening.

44 Introduction to conditional sentences

Conditional sentences comprise an 'if' clause followed by a 'then' clause: 'If it rains, then I won't go out'. In Hindi, the 'if' clause begins with अगर or यदि, and the 'then' clause with तो. (अगर/यदि may sometimes be dropped, but तो may not.)

In conditional sentences referring to the future, either the future tense or the subjunctive will occur in the 'if' clause (use of the subjunctive indicates that the event is seen as being less likely or definite); the future tense, the subjunctive, or an imperative may be found in the 'then' clause.

अगर वह आएगी तो मैं उसे पुस्तक दूँगा।	*If she comes I'll give her the book.*
अगर वह आए तो मैं उसे पुस्तक दूँगा।	*Should she come I'll give her the book.*
अगर आप चाहें तो हम साथ साथ जाएँगे।	*If you wish we will go together.*
यदि वे हिंदी बोलेंगे तो आप समझेंगे?	*If they speak Hindi, will you understand?*
मौसम अच्छा न हो तो हम घर में ही रहें?	*If the weather's not good should we stay indoors?*
सीढ़ियाँ ज़्यादा ऊँची होंगी तो मैं नीचेवाले कमरे में सोऊँगा।	*If the stairs are very high I'll sleep in the downstairs room.*

It is possible for a subjunctive to appear in the 'then' clause, usually giving the sense 'should' or 'might'; imperatives also may appear in the 'then' clause.

यदि वह आए तो पूरे दिन रहे।	*If he comes he might stay all day.*
अगर भारत जाएँ तो आप हिंदी ही बोलें।	*If you go to India you should speak only Hindi.*

[1] सच पूछिए *Ask the truth*, i.e. 'If you want to know the truth', 'To tell you the truth'.

अगर वह पत्र माँगे तो उसे दिखाना।	*If he asks for the letter, show it to him.*
अगर फ़ुरसत हो तो मेरे साथ चलो।	*Come with me if you've got the time.*
अगर उसे केला पसंद नहीं तो उसे अंगूर खिलाइए।	*If he doesn't like bananas give him grapes to eat.*
अगर वह नहा रहा हो तो मैं उसे बाद में फ़ोन करूँ?	*If he's bathing should I phone him later?*
यदि लड़कों के बीच में झगड़ा हो तो अध्यापक को बुलाना।	*If there's a quarrel between the boys, call the teacher.*

45 The particle तो

तो has just been encountered introducing the 'then' clause of conditional sentences. तो means 'then' in the sense of 'as a result', rather than in the sense of 'at that time'; it is often used in other contexts also with this same sense of 'then', or with the sense 'so':

अच्छा, तो मैं चलूँगा।	*Right, then I'll be off.*
तो आप यहाँ कितने दिन रहेंगे?	*So how long will you stay here?*
तो बेटे, परीक्षा कब दोगे?	*Well then son, when will you sit the exam?*

When तो occurs in the middle of a sentence or clause, it gives to the preceding words or phrase an emphasis which would be expressed in English by phrases such as 'as for', 'admittedly', 'of course', 'actually'. The emphatic stress of तो is often 'adversitive', that is it contrasts one statement or fact with a second; the function of तो here is to anticipate a contrasting statement, as in the sentence मैं तो नहीं जानता, मेरा भाई जानता होगा *'I don't know, my brother must know'*. Very often the anticipated contrast is implied rather than actually stated: मैं तो नहीं जानता *'I don't know* [*but perhaps someone else does*]'. In a spoken English sentence, the emphasis equivalent to that given by तो is often carried by stress alone.

राम तो यहाँ नहीं रहता; उसका भाई ही यहाँ रहता है।	***Ram**, of course, doesn't live here; only his brother lives here.*
राम यहाँ तो नहीं रहता; उसका मकान किसी और गाँव में है।	*Ram doesn't live actually **here**; his house is in some other village.*
राम यहाँ रहता तो नहीं, लेकिन रोज यहाँ आता है।	*Ram doesn't actually **live** here, but he comes here every day.*

सच तो यह है कि वह ज़्यादा खाना खाता है।	*Actually the truth is that he over-eats.*
बात तो यह है कि गणेश बहुत ही ग़रीब है।	*The thing is that Ganesh is very poor.*
हम लोग तो पैदल चलेंगे।	*As for us, we shall go on foot.*
पत्र जल्दी लिखो, नहीं तो मैं घबराऊँगा।	*Write a letter soon, otherwise I shall get worried.*

This last example illustrates the common use of नहीं तो as 'otherwise'. Certain other set uses of तो may also be learned:

आप अच्छे तो हैं?	*You are well, I hope?*
आप बीमार तो नहीं हैं?	*You're not ill, I hope?*
माँस तो क्या, वह अंडे भी नहीं खाती!	*She doesn't even eat eggs, let alone meat!*
संस्कृत तो दूर, मैं तो हिंदी ही अच्छी तरह से नहीं समझता!	*As for me, I don't even understand Hindi properly, never mind Sanskrit!*

46 The suffix -वाला

-वाला is a suffix added mainly to nouns, adverbs and the oblique infinitive to produce a range of meanings. It is declinable like an adjective. Examples of -वाला with nouns are दूधवाला *milkman*, मिठाईवाला *sweetseller*, पगड़ीवाला *one wearing a turban*, गाँववाला *villager*, मद्रासवाला *one from Madras*. Examples with adverbs are the adjectives ऊपरवाला *upstairs*, नीचेवाला *downstairs*, पासवाला *nearby*.

Examples with the oblique infinitive are हिंदी बोलनेवाला *Hindi-speaking*, देखनेवाला *spectator*, रहनेवाला *inhabitant*, आनेवाला हफ़्ता *the coming week*.

The oblique infinitive with -वाला can also express the sense 'on the point of doing': thus मैं बाहर जानेवाला था *I was on the point of going out*.

कुछ पैसेवाले तो बड़े कंजूस होते हैं।	*Some wealthy people are very mean.*
आप कहाँ के रहनेवाले हैं?	*Where are you from?*
इन तस्वीरों में से बीचवाली मुझे पसंद है।	*Out of these pictures I prefer the middle one.*
वह साड़ीवाली औरत उसकी माँ है।	*That woman wearing a sari is his mother.*

टैक्सीवाले से कहो कि वह दस मिनट में लौटे।	*Tell the taxi driver to come back in ten minutes.*
किसी पासवाली दुकान से अख़बार ख़रीदें।	*Let's buy a paper from some nearby shop.*
ऊपरवाले कमरों में बिजली नहीं है।	*There's no electricity in the upstairs rooms.*
मैं आप को पत्र लिखनेवाला था।	*I was about to write you a letter!*
मैं ज़मीनवाले मामले के बारे में परेशान था।	*I was worried about the land question.*

EXERCISE 10.1 Translate the following letter into English:

कानपुर
१२ अगस्त १९८७

प्रिय सुनील जी,

मुझे बहुत ख़ुशी है कि आप यहाँ दीवाली मनाने आ रहे हैं। अगर आपको घर लौटने की जल्दी न हो तो आप हमारे यहाँ कम से कम दस दिन ठहरें। हम लोग तो अभी दीवाली की तैयारियाँ पूरी करने में काफ़ी व्यस्त हैं। मेरा बड़ा भाई रवि तो दीवाली के दिन यहाँ नहीं होगा, वह अभी कुछ दिनों के लिए लंदन जानेवाला है। अगर उसके लिए संभव होगा, तो वह हमें लंदन से ही दीवाली की बधाइयाँ देने के लिए फ़ोन करेगा। आपको मालूम न हो कि रवि की शादी की बातचीत चल रही है। लड़कीवाले तो बड़े पैसेवाले हैं – अगर बातचीत पक्की होगी तो बड़ी ख़ुशी की बात होगी। वैसे लड़की को तो रवि कई सालों से जानता है, वह उसके एक साथी की बहिन है। नानी जी का कहना है कि पुराने ज़माने में बिरादरी के बड़े-बूढ़े ही कन्या को पसंद करते थे, और गाँवों में तो अभी भी यह रिवाज चल रहा है; पर शहरवाले परिवारों की गति-विधियाँ तो कुछ भिन्न होती हैं। यदि कोई रवि से कहे कि कन्या को पसंद करने का अधिकार बड़े-बूढ़ों को ही है, तो उसे बहुत आश्चर्य होगा!

अगर संभव हो तो आप बाल-बच्चों को भी दीवाली मनाने के लिए साथ लाएँ। घर में काफ़ी जगह है, और माता जी कहती हैं कि उन्हें तो आपके आने से किसी तरह की असुविधा नहीं होगी। दिल्ली से आप वाराणसी-वाली गाड़ी पकड़ें तो कानपुर कुछ ही घंटों में पहुँचेंगे। स्टेशन पहुँचने पर आप मुझे फ़ोन करें, तो मैं आप से तुरंत मिलने आऊँगा। अगर दीवाली के समय मौसम भी अच्छा होगा तो हम एकाध दिन कहीं सैर करने चलें। वैसे शहर तो इतना दिलचस्प नहीं है, पर उसके आस-पास बहुत-सी जगहें देखने लायक़ हैं। अच्छा, मैं इस पत्र को समाप्त करता हूँ। अपने माता-पिता से मेरा नमस्कार कहें। और बच्चों को प्यार। पत्र का जवाब जल्दी दें!

आपका

रमेश

EXERCISE 10.2 Translate into Hindi:

1 If you don't study attentively, how will you take the exam?
2 I want her to stay here, but she wants to go home.

3 Perhaps he may know about this.
4 It is possible that he might phone, so you should not go out yet.
5 If I have the time I'll read this book as well.
6 If it is not inconvenient, let's meet in the hotel opposite.
7 If you look you will find advertisements in all the newspapers.
8 You should phone him immediately, otherwise he might go to the market with the others.
9 If you wish you could take my parents' advice on the marriage matter.
10 As for me, I shall stay in the downstairs room tonight.

Vocabulary

अंगूर	*grape* (m.)
अंडा	*egg* (m.)
अगर	*if*
अधिकार	*right, authority* (m.)
अरज़ी	*application* (f.)
अरज़ी देना	*to apply* (tr.)
अवश्य	*certainly*
असुविधा	*inconvenience* (f.)
आवश्यक	*necessary*
आश्चर्य	*surprise* (m.)
(किसी को) आश्चर्य होना	*(someone) to be surprised*
इतना	*so much/many, this much/many*
एकाध	*a few, one or two*
कंजूस	*miserly, mean*
कंपनी	*firm, company* (f.)
कन्या	*girl, daughter, virgin* (f.)
कष्ट	*trouble* (m.)
कष्ट देना	*to trouble*
कहीं	*somewhere*
कानपुर	*Kanpur* (m.) (previously 'Cawnpore')
के आस-पास	*around, in the vicinity of*
के बीच (में)	*between, amidst, among*
केला	*banana* (m.)
खिलाना	*to give to eat, feed*
गति-विधि	*working(s), activities, behaviour* (f.)
गाँववाला	*villager* (m.)
घंटा	*hour* (m.)
घबराना	*to worry, be nervous, panic*
चाहना	*to wish, to want*

चुप	*quiet, silent*
चुप रहना	*to be quiet, stay quiet*
ज़मीन	*land, earth, ground* (f.)
जय	*victory* (f.)
जवाब	*answer* (m.)
जवाब देना	*to answer*
झगड़ा	*quarrel* (m.)
टैक्सी	*taxi* (f.)
तनख़ाह	*pay, salary* (f.)
तुरत (तुरंत)	*immediately*
तैयारी	*preparation* (f.)
तो	*then; so; at any rate*
दीवाली	*Diwali, festival of lamps* (f.)
धोना	*to wash* (clothes etc.)
नंबर	*number* (m.)
नहाना	*to bathe, wash oneself*
नहीं तो	*otherwise*
पकड़ना	*to catch, grab, hold*
पगड़ी	*turban* (f.)
परीक्षा	*examination* (f.)
परीक्षा देना	*to sit an examination*
परेशान	*worried, anxious*
पसंद करना	*to choose, prefer, like*
पाना	*to find, obtain*
पूरा	*full, complete, whole*
पूरा करना	*to complete, finish*
पूरा होना	*to be complete*
पैदल	*on foot*
प्यार	*love* (m.)
प्यार करना	*to love* (with से)
प्रिय	*dear, favourite*
प्रोग्राम	*programme* (m.)
फ़ुरसत	*leisure, spare time, free time* (f.)
बड़े-बूढ़े	*elders* (m.pl.)
बधाई	*congratulations, felicitations* (f.)
बातचीत	*conversation, dialogue, negotiations* (f.)
बाद में	*afterwards, later*
बाल-बच्चे	*children, family* (m.pl.)
बिजली	*electricity, lightning* (f.)
बिरादरी	*community, fraternity* (f.)
बीच	*middle* (m.)
बुध	*Wednesday* (m.)

बृहस्पति	*Thursday* (m.)
भई	*eh, well* (etc.)
भिन्न	*different*
भूलना	*to forget*
भोजन	*food* (m.)
भोजन करना	*to eat, dine*
मंगल	*Tuesday* (m.)
मद्रास	*Madras* (m.)
मरज़ी	*wish, preference* (f.)
माँग	*demand* (f.)
माँगना	*to ask for, demand*
मामला	*matter, affair* (m.)
मिठाई	*sweet, sweetmeat* (f.)
यदि	*if*
याद	*memory, recollection* (f.)
रहनेवाला	*inhabitant* (m.)
रिवाज	*practice, custom, usage* (m.)
वाराणसी	*Varanasi, Benares* (f.)
-वाला	(see para. 46)
विज्ञापन	*advertisement* (m.)
विदेश	*foreign country* (m.); *abroad*
विदेशी	*foreigner* (m.); *foreign* (adj.)
वैसे	*actually*
व्यस्त	*busy*
व्यापार	*trade* (m.)
व्यापार करना	*to trade*
शादी	*wedding, marriage* (f.)
शुक्र	*Friday* (m.)
संभव	*possible, probable*
समाचार पत्र	*newspaper* (m.)
समाप्त	*finished, concluded*
समाप्त करना	*to finish, conclude*
सरकार	*government* (f.)
सरकारी	*governmental*
सलाह	*advice* (f.)
सलाह लेना	*to take advice*
साड़ी	*sari* (f.)
साथी	*companion, friend* (m.)
सीढ़ी	*step, stair* (f.)
सैर	*walk, trip* (f.)
सैर करना	*to take a walk, go for a trip*

Unit Eleven

Dialogue 11A *Sushila arrives in Delhi*

राधा कहो सुशीला, तुम दिल्ली कब पहुँचीं?
सुशीला मैं कल ही आई। पर सीधे लन्दन से नहीं आई, पहले बंबई गई थी।
राधा अच्छा। बंबई क्यों गई थीं? वहाँ तुमने क्या किया?
सुशीला चाचाजी ने मुझे बुलाया था, इसलिए मैं पन्द्रह दिन उनके यहाँ ठहरी।
राधा मैंने तो सुना था कि आपके चाचाजी लखनऊ जानेवाले थे। वे नहीं गए क्या?
सुशीला अभी तो वे नहीं गए हैं, इसी महीने के अंत में जानेवाले होंगे।
राधा अब मैं समझी। तो बंबई में तुमने क्या देखा? तुमने बहुत-सी जगहें देखी होंगी?
सुशीला देखी तो थीं, पर असल में मुझे दिल्ली ज़्यादा पसंद है। बंबई में तो गरमी बहुत ज़्यादा पड़ती है।
राधा दिल्ली के बारे में तुमने थोड़ा-बहुत सुना होगा?
सुशीला जी हाँ, मेरे यहाँ आने से पहले अंबिका ने मुझे बहुत-कुछ बताया था। वह हर महीने मुझे पत्र लिखती थी। और लन्दन में ही मैंने दिल्ली के बारे में एक किताब भी पढ़ी थी।
राधा तो तुम भारत में कितने महीने रहोगी?
सुशीला मैं कम से कम दो तीन महीने रहना चाहती हूँ। अंबिका चाहती है कि मैं मार्च तक रहूँ। मैंने सुना है कि मार्च तक मौसम काफ़ी सुहावना होता है।

Radha Well Sushila, when did you arrive in Delhi?
Sushila I came just yesterday. But I didn't come straight from London, I went to Bombay first.
Radha I see. Why did you go to Bombay? What did you do there?
Sushila Uncle had invited me, so I stayed at his place for a fortnight.[1]
Radha I had heard that your uncle was about to go to Lucknow. Didn't he go?
Sushila He hasn't gone yet, he'll be going at the end of *this* month.
Radha Now I understand.[2] So what did you see in Bombay? You will have seen lots of places?

1 Lit. *fifteen days*, but equivalent to 'a fortnight' in colloquial usage.
2 Lit. *Now I* [*have*] *understood.*

Sushila I did indeed, but actually I prefer Delhi. It's terribly hot in Bombay.

Radha You must have heard a certain amount about Delhi?

Sushila Yes, before my coming here[1] Ambika told me quite a lot. She used to write me a letter every month. And while still in London I'd read a book about Delhi too.

Radha So how many months will you stay in India?

Sushila I want to stay at least two or three months. Ambika wants me to stay until March. I've heard that the weather's pretty nice up till March.

47 Past perfective tenses

So far, only continuous and imperfective past tenses have been introduced–मैं जा रहा था, *I was going*, and मैं जाता था *I used to go*. This section is devoted to perfective tenses–those which refer to an action which has been completed: *'I went'*, *'I have gone'*, or *'I had gone'*. The simple past perfective of बोलना *to speak* is formed as follows:

Masculine	**Feminine**	
मैं बोला	बोली	*I spoke*
तू बोला	बोली	*you spoke*
यह, वह बोला	बोली	*he, she, it spoke*
हम बोले	बोलीं	*we spoke*
तुम बोले	बोलीं	*you spoke*
ये, वे बोले	बोलीं	*they spoke*
आप बोले	बोलीं	*you spoke*

There are two further perfective tenses: the perfect 'I have spoken', and a more remote past 'I spoke' or 'I had spoken'. These are formed as follows:

Masculine	**Feminine**	
मैं बोला हूँ	बोली हूँ	*I have spoken*
तू बोला है	बोली है	*you have spoken*
यह, वह बोला है	बोली है	*he, she has spoken*
हम बोले हैं	बोली हैं	*we have spoken*
तुम बोले हो	बोली हो	*you have spoken*
ये, वे बोले हैं	बोली हैं	*they have spoken*
आप बोले हैं	बोली हैं	*you have spoken*

[1] मेरे goes with आने, not यहाँ.

Masculine	**Feminine**	
मैं बोला था	बोली थी	*I spoke, had spoken*
तू बोला था	बोली थी	*you spoke, had spoken*
यह, वह बोला था	बोली थी	*he, she spoke, had spoken*
हम बोले थे	बोली थीं	*we spoke, had spoken*
तुम बोले थे	बोली थीं	*you spoke, had spoken*
ये, वे बोले थे	बोली थीं	*they spoke, had spoken*
आप बोले थे	बोली थीं	*you spoke, had spoken*

Both negative particles, न and नहीं, are used with perfective tenses.

In forming the perfective, verbs whose stems end in -आ, -ओ, -ए or -ई usually insert य before the masculine singular -आ ending; and verbs whose stem ends in -ऊ or -ई shorten this vowel before all perfective endings. The following examples are from the verbs आना *to come*, रोना *to cry* and छूना *to touch* respectively:

Masc. sing.	**Fem. sing.**	**Masc. plur.**	**Fem plur.**	
आया	आई	आए	आईं	*came*
रोया	रोई	रोए	रोईं	*cried*
छुआ	छुई	छुए	छुईं	*touched*

The verbs जाना *to go*, करना *to do*, लेना *to take*, देना *to give*, पीना *to drink* and होना *to be, become* have the following perfective forms:

Masc. sing.	**Fem. sing.**	**Masc. plur.**	**Fem. plur.**	
गया	गई	गए	गईं	*went*
किया	की	किए	कीं	*did*
लिया	ली	लिए	लीं	*took*
दिया	दी	दिए	दीं	*gave*
पिया	पी	पिए	पीं	*drank*
हुआ	हुई	हुए	हुईं	*became, happened*

In past perfective tenses, Hindi verbs fall into two categories. In the first are those verbs, nearly all intransitive, which agree grammatically with the subject of the sentence; in the second are those verbs, nearly all transitive, which use a construction involving the postposition ने.

In the first category are, for the most part, those verbs which do not take a direct object, the intransitives–'to go', 'to come', 'to arrive', etc. Also included in this category are some verbs which

might normally be considered transitive; of these, लाना *to bring*, बोलना *to speak, say*, भूलना *to forget*, and समझना *to understand* are among the most common. The following examples illustrate these verbs in the three past perfective tenses–the simple past, the perfect and the remote past:

क्या हुआ?	*What happened?*
वह कल रात को मेरे यहाँ आया।	*He came to my place last night.*
लड़की ऊपरवाले कमरे में सोई।	*The girl slept in the upstairs room.*
हम पिछले हफ़्ते सिनेमा गए।	*We went to the cinema last week.*
कुछ देर के बाद औरतें पहुँचीं।	*After some time the women arrived.*
मैं कई बार दिल्ली गया हूँ।	*I have been to Delhi several times.*
क्या तुम बाक़ी कपड़े लाए हो?	*Have you brought the rest of the clothes?*
वे वहाँ कभी नहीं रही हैं।	*They have never stayed there.*
क्या उषा लौटी है?	*Has Usha returned?*
मैं एक घंटे के लिए ठहरी थी।	*I stayed for one hour.*
वे दस साल के बाद लौटे थे।	*They came back after ten years.*

With certain verbs such as बैठना *to sit*, the perfect tense may describe a situation existing in the present: thus मैं बैठा हूँ, literally 'I have sat', has the sense 'I am sitting'. Further examples are:

दीवार पर गांधी जी की तस्वीर टँगी है।	*A picture of Gandhi jī is hanging on the wall.*
दुकान में दस औरतें बैठी थीं।	*Ten women were sitting in the shop.*

Verbs belonging to the second category are mainly those which take a direct object–the transitives, such as 'to make', 'to give', 'to take'. Also included in this category are certain verbs which might not always seem to be transitive: कहना *to say*, सुनना *to hear, listen to*, पूछना *to ask*, सोचना *to think* and बताना *to tell* are among the most common, while verbs concerned with bodily functions, such as खाँसना *to cough*, छींकना *to sneeze*, थूकना *to spit* are also of this kind. Even when no direct object is expressed, verbs in this category always take a construction involving the use of an 'agentive' postposition ने, in the perfective tenses. In this construction, the English subject is in the oblique case followed by the postposition ने, and the verb agrees grammatically with the English **direct object**. If no direct object is expressed, or if the direct object has

the postposition को, then the verb is always in the masculine singular form.

राम ने एक किताब पढ़ी।	*Ram read a book.*
राम ने दो किताबें पढ़ीं।	*Ram read two books.*
राम ने पढ़ा।	*Ram read.*
राम ने इस किताब को पढ़ा।	*Ram read this book.*
राम ने इन किताबों को पढ़ा।	*Ram read these books.*

The forms of the pronouns before ने are as follows:

मैं	मैंने	हम	हमने	कौन	किसने	(singular)
तू	तूने	तुम	तुमने		किन्होंने	(plural)
यह	इसने	ये	इन्होंने	कोई	किसीने	
वह	उसने	वे	उन्होंने			
		आप	आपने			

किसने यह तस्वीर खींची?	*Who drew this picture?*
उन्होंने बहुत काम किया।	*They did a lot of work.*
राजा ने दो सुन्दर महल बनाए।	*The king built two fine palaces.*
मैंने एक अच्छी फ़िल्म देखी।	*I saw a good film.*
धोबी ने हमारी क़मीज़ें धोईं।	*The washerman washed our shirts.*
मैंने राम को शहर में देखा।	*I saw Ram in town.*
मैंने राधा को शहर में देखा।	*I saw Radha in town.*
श्याम ने अपना खाना खाया है।	*Shyam has eaten his meal.*
हमने सुना है कि आप बीमार हैं।	*We have heard that you are ill.*
किसी ने मेरी बात सुनी थी।	*Somebody had heard what I had said.*
उन्होंने दस अंडे खाए थे।	*They had eaten ten eggs.*
अध्यापक ने उन्हें भारत के बारे में कुछ बताया था।	*The teacher had told them something about India.*
मैंने परसों कहा था कि मौसम सुहावना होगा।	*I (had) said two days ago that the weather would be pleasant.*
उन्होंने बहुत-सी पुस्तकें पढ़ी थीं।	*They (had) read a lot of books.*
मेरा क़लम किसने लिया? किसी लड़के ने।	*Who took my pen? Some boy.*

There are a number of verbs which can be in either category. समझना *to understand* is usually in the first category, but if an object is expressed it may be used with the ने construction. The same

applies with हारना *to lose* and जीतना *to win*: only if an object (such as a game or battle) is expressed will the ने construction be used. पढ़ना, when meaning 'to read', takes the ने construction, but does not when meaning 'to study'. भरना *to fill* takes the ने construction when it is transitive, and does not when it is intransitive; the same applies with बदलना *to change*.

क्या आप समझे?	*Do you understand?* (Lit. '*Did you understand?*')
उसने मेरी बात ख़ूब समझी।	*He understood very well what I said.*
उसने बाज़ी जीती, मैंने बाज़ी हारी।	*He won the game, I lost the game.*
मैं जीता, वह हारा।	*I won, he lost.*
प्याले में किसने पानी भरा था?	*Who filled the cup with water?*
कुआँ पानी से भरा था।	*The well had filled with water.*

The perfective can also be used with the subjunctive and the future of होना:

आपने मेरे पति का नाम सुना होगा।	*You will have heard my husband's name.*
उसने कुछ फ़ोटो खींचे हों।	*He may have taken some photographs.*
नई किताब १९८९ तक निकली होगी।	*The new book will have come out by* 1989.
उन्होंने उससे पूछा होगा कि उसका नाम क्या है।	*They will have asked him what his name is.*
संभव है कि वह उत्तर भारत न गया हो।	*It is possible that he didn't go to Northern India.*
शायद मेला न हुआ हो।	*Perhaps the fair didn't take place.*
वह बचपन में फ़्रांसीसी पढ़ा होगा।	*He must have studied French in his childhood.*

Dialogue 11B *Ravi has been shopping*

सुनीता सुनो बेटे, आज तुम लोगों ने बाज़ार जाकर क्या ख़रीदा? क्या तुम मेरे लिए भी कुछ लाए हो? या सिर्फ़ घूम रहे थे?

रवि मैंने तो कुछ नहीं ख़रीदा, पर गोपाल ने अपने लिए कुछ सूती कुरते ख़रीदे, और सरोज ने एक रेडियो भी ख़रीद लिया है।

सुनीता अरे, वह नया रेडियो लेके क्या करेगी ? घर में तो तीन चार रेडियो पड़े होंगे। क्या वह मेरी दवा और गोलियाँ नहीं लाई है ? दवा न होने से मुझे बहुत तकलीफ़ होती है। मैंने उससे कहा था कि वह दवाख़ाने से होकर बाज़ार जाए।

रवि क्यों, वह आपका सारा सामान लाई है। वह बाज़ार से लौटकर दवाख़ाने गई थी। आपकी दवा के अलावा उसने साबुन वग़ैरह भी ख़रीदा। और रेडियो तो अपने लिए नहीं ख़रीदा है, वह एक सहेली के जन्मदिन के लिए भेंट है।

सुनीता अच्छा। तो क्या तुमने कुछ खाया है ? तुम कितने बजे घर लौटे थे ? अभी कितने बजे हैं ?

रवि मैं तो क़रीब ढाई बजे आया—पर मेरी घड़ी पीछे है, सो शायद पौने तीन बजे थे। बाज़ार जाकर मैंने कुछ मूँगफलियाँ और समोसे खाए, और लस्सी भी पी। इनके अलावा तो मैंने कुछ नहीं खाया है। दूसरे लोगों ने भी कुछ नहीं खाया है, वे घर लौटकर ही खाना खाएँगे। अभी तो पाँच बजकर दस मिनट हुए हैं।

सुनीता तो क्या वे लोग अभी नहीं लौटे हैं ? कितने बजे तक आएँगे वे ? मैंने सोचा था कि वे पौने चार तक ज़रूर आएँगे। मैंने उनके लिए तरकारी और चावल तैयार करके रखा है।

रवि मेरे ख़्याल से तो वे आठ बजे से पहले नहीं लौटेंगे। उन्होंने मुझसे कहा कि वे किसी ढाबे में चाय पीकर कोई फ़िल्म या तमाशा देखने जाएँगे। पर आज इतनी गरमी पड़ रही है, मैं तो भूलकर भी सिनेमा नहीं देखूँगा।

Sunita Listen son, what did you all buy when you went to the market today ? Have you brought anything for me too ? Or were you just wandering about ?

Ravi I actually didn't buy anything, but Gopal bought some cotton kurtas for himself, and Saroj has bought a radio too.

Sunita Oh, what will she do with a new radio ?[1] There must be three or four radios lying around in the house. Hasn't she brought my medicine and tablets ? I get a lot of discomfort through not having my medicine. I had told her to go to the market via the pharmacy.

Ravi Why, she has brought all your things. She went to the pharmacy after coming back from the market. She bought soap and so on as well as your medicine. And she didn't buy the radio for herself, it's a present for a friend's birthday.

Sunita I see. So have you eaten anything ? What time did you get back home ? What's the time now ?

Ravi I got back at about half past two–but my watch is slow, so maybe it was a quarter to three. When I went to the shops I ate some peanuts and samosas, and had some lassi to drink too. Apart from these I haven't eaten anything. The others haven't eaten anything either, they'll eat only when they get back. Right now it's ten past five.

[1] *What will she do taking* (i.e. '*having*') *a new radio ?*

Sunita So haven't they got back yet? By what time will they come?[1] I'd thought they would surely get back by quarter to four. I've made vegetable curry and rice for them and put it aside.[2]

Ravi I think they won't be back before eight o' clock. They told me that they'd have tea at some stall and then go and see some film or show. But it's so hot today, I wouldn't dream of going to the cinema.[3]

48 The conjunctive particle -कर/-के.

The conjunctive particle is formed by adding -कर or -के to the stem of the verb. -कर is preferred in formal or written Hindi, giving जाकर, मारकर etc., but -के is often used in colloquial speech, giving जाके, मारके etc. -के is always used with करना, giving करके.

Where in an English sentence two verbs with the same subject are joined by the conjunction 'and', Hindi commonly uses the conjunctive particle with the first of the two verbs: 'He opened the door and came into the room', दरवाज़ा खोलकर वह कमरे में आया. Thus the conjunctive particle often translates literally as 'having done' or 'doing'—in this example, 'having opened' or 'opening'. The conjunctive participle is made negative by न.

उसने पत्र लिखकर डाक से भेजा।	*He wrote a letter and sent it by post.*
उसने हाथ मुँह धोकर खाना खाया।	*He washed his face and hands, and ate his meal.*
दुकान जाकर कुछ अंडे लाना।	*Go to the shop and bring some eggs.*
दुकान न जाकर डाकघर जाओ।	*Go to the post office, not the shop.*
वह अपना कमरा झाड़कर ही बाहर गया।	*He went out only after sweeping his room.*
काम ख़त्म करके उसने किताब खोली।	*After finishing work he opened a book.*
राम को बुलाकर मेरे पास लाइए।	*Call Ram and bring him to me.*

[1] Locating the pronoun at the end of the sentence suggests a kind of irritation with the people concerned: *By what time will they come, that lot?*

[2] Lit. *I have prepared and placed.*

[3] Lit. *I wouldn't go…even by mistake.*

Some conjunctive particles may be used adverbially:

हँसकर	*laughingly*	(from हँसना *to laugh*)
मुस्कराकर	*with a smile*	(from मुस्कराना *to smile*)
सोचकर	*thoughtfully*	(from सोचना *to think*)
दौड़कर	*running, at a run*	(from दौड़ना *to run*)
कृपा करके	*kindly*	(from कृपा *kindness* + करना)
जान-बूझकर	*knowingly, deliberately*	(from जानना *to know* + बूझना *to understand*)
भूलकर भी	(*even*) *by mistake*	(from भूलना *to forget, err*)
आगे चलकर	*in future, from now on*	(from आगे *ahead* + चलना *to move*)

Other idiomatic usages are:

को छोड़कर	*apart from*	(from छोड़ना *to leave*)
से बढ़कर	*superior to*	(from बढ़ना *to increase*)
(से) होकर	*via*	(from होना *to be*)

उसने मेरी तरफ़ मुस्कराकर देखा।	*He looked at me* [lit. *in my direction*] *with a smile.*
उसने हँसकर कहा कि तुम पागल हो।	*He said laughingly, 'You're mad'.*
तुमने मेरी किताब जान-बूझकर ली!	*You took my book on purpose!*
वहाँ भूलकर भी न जाना।	*Don't go there under any circumstances.* [Lit. *'Don't go there even by mistake.*]
राम को छोड़कर कोई नहीं आया।	*Apart from Ram, nobody came.*
इससे बढ़कर मकान आप नहीं देखेंगे।	*You won't see a better house than this.*
हम लोग बंबई से होकर दिल्ली पहुँचे।	*We reached Delhi via Bombay.*

49 Times of the day

The time of day is expressed by using forms of the verb बजना *to chime, resound*: एक बजा *one o' clock*; एक बजे *at one o' clock*; दो बजे हैं *It is two o' clock*, etc. The quarter- and half-hours before and after one and two o'clock are expressed as follows:

पौन बजा	*a quarter to one*	(पौना is $\frac{3}{4}$ or 'less a quarter')

सवा बजा	*a quarter past one*	(सवा is $1\frac{1}{4}$, or 'plus a quarter')
डेढ़ बजा	*half past one*	(डेढ़ is $1\frac{1}{2}$, grammatically singular)
पौने दो बजे	*a quarter to two*	(पौने is $\frac{3}{4}$, or 'less a quarter')
सवा दो बजे	*a quarter past two*	
ढाई बजे	*half past two*	(ढाई is $2\frac{1}{2}$)

From 2.45 the pattern is regular:

पौने तीन बजे	*a quarter to three*
सवा तीन बजे	*a quarter past three*
साढ़े तीन बजे	*half past three*

Minutes before and after the hour are expressed by बजने में and बजकर respectively:

चार बजने में पच्चीस मिनट (बाक़ी) हैं।	*It's twenty-five minutes to four.*
चार बजकर छब्बीस मिनट (हुए) हैं।	*It's twenty-six minutes past four.*

When it is necessary to distinguish between am and pm the words सुबह *morning* (dawn to about 11 am), दिन *day* (to about 4 pm) शाम *evening* (about 4 to 8 pm) and रात *night* may be used as follows:

दस बजे सुबह को	or	सुबह के दस बजे	*10 am*
पाँच बजे शाम को	or	शाम के पाँच बजे	*5 pm*

The expressions दोपहर *noon*, तीसरे पहर *in the early afternoon*, and आठों पहर *all day long, constantly* derive from the traditional division of the 24-hour period into eight पहर or 'watches' of three hours each; the cycle starts at about 6 am (dawn).

Further usages are included in the following examples:

क्या बजा है? or कितने बजे हैं?	*What is the time?*
आप कितने बजे आएँगे?	*What time will you come?*
पाँच बजकर दस मिनट पर।	*At ten past five.*
सात बजनेवाले हैं।	*It is nearly seven o'clock.*
सात बज रहे हैं।	*It is just seven o'clock. (Seven is striking.)*
आठ बजने पर प्रोग्राम शुरू हुआ।	*The programme began on the stroke of eight.*
आपकी घड़ी में कितने बजे हैं?	*What is the time by your watch?*

मेरी घड़ी दस मिनट आगे/पीछे है।	*My watch is ten minutes fast/slow.*
दस चालीस। ग्यारह दस।	*10.40. 11.10.* (Following English usage.)
ठीक ग्यारह बजे आना!	*Come at eleven o'clock on the dot!*
क़रीब डेढ़ बजे पिताजी पहुँचे।	*At about half past one, father arrived.*

50 The vocabulary of Hindi

By now you will have noticed that a single English word often has two Hindi equivalents: for example किताब and पुस्तक, *book;* अगर and यदि, *if;* ख़त्म करना and समाप्त करना, *to finish.* As was explained in the introduction, the vocabulary of Hindi derives from two main sources–Sanskrit and Persian (including loans into Persian from Arabic). In the following list of pairs of words already encountered, the words from Persian are on the left and those from Sanskrit are on the right. No matter what their origin, these words are all commonly used in Hindi. In general terms, the ones on the left are more frequent in colloquial Hindi, while those on the right are preferred in more formal Hindi, though many speakers will treat them as interchangeable in a wide variety of contexts.

किताब (f.)	पुस्तक (f.)	*book*
दोस्त (m.)	मित्र (m.)	*friend*
ख़त्म	समाप्त	*finished*
गोश्त (m.)	माँस (m.)	*meat*
अगर	यदि	*if*
ज़्यादा	अधिक	*more, much, too much*
उम्मीद (f.)	आशा (f.)	*hope*
ज़रूर	अवश्य	*certainly, of course*
ज़रूरत (f.)	आवश्यकता (f.)	*need*
आख़िर (m.)	अंत (m.)	*end*
लायक़	योग्य	*capable, worth, suitable*
तक़लीफ़ (f.)	कष्ट (m.)	*trouble*
अख़बार (m.)	समाचार पत्र (m.)	*newspaper*
शुक्रिया (m.)	धन्यवाद (m.)	*thanks; thankyou*
ख़त (m.)	पत्र (m.)	*letter*
ज़ोर (f.)	शक्ति (f.)	*force, strength*

Further pairs, of which only one member has so far been encountered, are listed below; these should be learnt as they are all in common use:

मुबारक (*'blessed'*)	शुभकामना(एँ) (f.)	*good wish(es)*
अफ़सोस (m.)	खेद (m.)	*regret*
मुश्किल	कठिन	*difficult*
हफ़्ता (m.)	सप्ताह (m.)	*week*
ख़बर (f.)	समाचार (m.)	*news*
वक़्त (m.)	समय (m.)	*time*
ख़ास	विशेष	*special, particular*
आम	साधारण	*ordinary*
तनख़ाह (f.)	वेतन (m.)	*wage, salary, pay*
फ़ायदा (m.)	लाभ (m.)	*profit, advantage*
फ़ुरसत (f.)	अवकाश (m.)	*leisure, spare time*
ज़बान (f.)	भाषा (f.)	*language*
महीना (m.)	मास (m.)	*month*
साल (m.)	वर्ष (m.)	*year*
मुसाफ़िर (m.)	यात्री (m.)	*traveller*
सफ़र (m.)	यात्रा (f.)	*journey, travel*
लेकिन	परंतु	*but*
इश्तहार (m.)	विज्ञापन (m.)	*advertisement*
शहर (m.)	नगर (m.)	*town, city*
मुमकिन	संभव	*possible*
सिर्फ़	केवल	*only*
ख़ूबसूरत	सुंदर	*beautiful*
शादी (f.)	विवाह (m.)	*wedding, marriage*
जवाब (m.)	उत्तर (m.)	*reply, answer*
शुरू (m.)	आरंभ (m.)	*beginning*

EXERCISE 11.1 Translate the following letter into English:

प्रिय रफ़ीक़, १५ दिसंबर १९८७

आशा है कि आप लोग अच्छे होंगे। आपने तो पिछले वर्ष से कोई पत्र नहीं लिखा है, और मैं भी यह पत्र बड़ी देर के बाद ही लिख रहा हूँ। पहले आपको उर्दू ज़बान ही आती थी, पर पिताजी ने मुझसे कहा कि अब तक आपने हिन्दी भी सीखी होगी, इस लिए मैं यह पत्र हिन्दी में ही लिख रहा हूँ।

यहाँ समाचार यह है कि मैंने जुलाई में अपनी पुरानी नौकरी को छोड़ा था। अब मैंने नगर के एक समाचार पत्र के दफ़्तर में काम करना शुरू किया है। आरंभ में तो मैं केवल इश्तहार वगैरह तैयार करता था, पर पिछले मास मैंने समाचार लिखना भी आरंभ किया और आगे चलकर मैं और भी दिलचस्प काम करूँगा। वेतन तो अभी इतना अच्छा नहीं है, परंतु मेरे विचार में यहाँ काम करने में मुझे बहुत लाभ

होगा। मेरे बचपन के दिनों में मेरे दादाजी मुझसे हमेशा कहते थे कि अगर तुम बड़े होकर जीवन के बारे में कुछ सीखना चाहते तो जाकर किसी समाचार पत्र में नौकरी करो। अब मुझे पता चला है कि दादाजी की बात बिलकुल ठीक निकली है। हर सप्ताह कोई न कोई विशेष समाचार आता है। वैसे साधारण समाचार भी किसी न किसी पढ़नेवाले के लिए विशेष ही होता है –अगर किसी के विवाह की बातचीत चल रही हो तो उसे शादी-विवाह वाले मामलों के बारे में पढ़ना पसंद होगा; यात्रियों को तो यात्रा की कहानियाँ ही दिलचस्प होती हैं; और विद्यार्थी लोग अपने इम्तहानों की तैयारियों के बारे में कुछ सुझाव पढ़ना चाहेंगे। इसलिए अख़बार का काम बहुत दिलचस्प होता है, और यहाँ काम करने में मुझे बहुत खुशी है।

यहाँ जगह भी बहुत खूबसूरत है। सुबह के साढ़े आठ बजे से रात के सवा छह बजे तक कठिन काम करके मुझे बाग़ में सैर करना पसंद है। सरदियों में भी इतनी ठंड नहीं पड़ती। जनवरी के मास में अगर आपको अवकाश हो तो आप भी बाल-बच्चे लेकर यहाँ तीन चार दिन के लिए आएँ। मुझे खेद है कि आनेवाली छुट्टियों में, मेरा आपसे मिलना मुमकिन नहीं होगा, क्योंकि उस वक्त मैं दफ़्तर में काम कर रहा हूँगा। पत्र का उत्तर जल्दी दें!

शुभकामनाओं के साथ,
आपका मित्र,

अशोक

EXERCISE 11.2 Translate the following letter into Hindi:

Dear Ravi,

I hope you are well. You will have returned home from your holidays, and must be making preparations for your new job. I am writing this letter from Madras. I arrived here last night after staying in Delhi for some days. Father had written to me from London, to tell me that some friends of ours would be[1] in Delhi at that time: that's why I came to Madras via Delhi. The train arrived at six in the morning, and I reached the hotel by half past six. After having something to eat I went out to see the city, and I saw that at that time lots of people were going to work or were eating and drinking in the cafés. I bought some things for the children, took some photographs and then, having had a stroll in the market, came back to the hotel. Now I'll sleep until about two o'clock or half past two, and then I'll go to a friend's house because he has just phoned me and invited me to have a meal.

I'll write another letter after a few days.

Yours,
Ram

[1] Use future.

Vocabulary

अंत	*end* (m.)
अवकाश	*leisure, leave, free time* (m.)
असल में	*in fact, actually*
आगे चलकर	*in future, from now on*
आठों पहर	*all day long, constantly*
आरंभ	*beginning* (m.)
आरंभ करना	*to begin, commence* (tr.)
इम्तहान	*examination* (m.)
इश्तहार	*advertisement* (m.)
उत्तर[1]	*north* (m.); *northern* (adj.)
उत्तर[2]	*reply, answer* (m.)
कठिन	*difficult, hard*
कुरता	*kurta, loose-cut shirt* (m.)
कृपा	*kindness* (f.)
कृपा करके	*kindly*
के अलावा	*besides, apart from, as well as*
के बिना	*without*
केवल	*only*
खाँसना	*to cough*
खींचना	*to pull, drag, draw*
ख़ूब	*good, abundant* (adj.); *very, very much, very well* (adv.)
ख़ूबसूरत	*beautiful*
खेद	*regret* (m.)
खोलना	*to open* (tr.)
गोली	*tablet, pill* (f.)
घड़ी	*clock, watch* (f.)
चालीस	*forty*
चावल	*rice* (m.)
छब्बीस	*twenty-six*
छींकना	*to sneeze*
छोड़ना	*to leave, abandon, give up*
को छोड़कर	*apart from*
जन्मदिन	*birthday* (m.)
ज़बान	*language, tongue* (f.)
जान-बूझकर	*deliberately*
जीतना	*to win, defeat*
जीवन	*life* (m.)
झाड़ना	*to sweep, dust*
टँगना	*to hang, be suspended*

डाक	*post* (f.)
डाकघर	*post office* (m.)
डेढ़	*one and a half*
ढाई	*two and a half*
ढाबा	*small café, food stall* (m.)
तमाशा	*show, spectacle* (m.)
तरकारी	*vegetable dish* (f.)
तैयार करना	*to prepare*
थूकना	*to spit*
दवा	*medicine* (f.)
दवाख़ाना	*pharmacy, dispensary* (m.)
दोपहर	*noon, midday* (m.)
दौड़ना	*to run*
नगर	*city, town* (m.)
निकलना	*to emerge, come/go out*
पच्चीस	*twenty-five*
पता चलना	*to become aware of, learn of*
पति	*husband* (m.)
परंतु	*but*
पागल	*mad, crazy; madman* (m.)
पौन	*three-quarters*
पौना	*three-quarters*
पौने	*less a quarter; a quarter to (the hour)*
फ़ोटो	*photograph* (m.)
फ़ोटो खींचना	*to take a photograph*
फ्रांसीसी	*French* (adj.); *the French language* (f.)
बचपन	*childhood* (m.)
बजना	*to resound, ring, chime*
बढ़ना	*to increase, advance* (intr.)
से बढ़कर	*better than, superior to*
बाक़ी	*remaining, left over; remainder* (f.)
बाज़ी	*turn (in game), play, bet* (f.)
बार	*time, occasion* (f.)
बूझना	*to understand* (*in* जान बूझकर)
भरना	*to fill; to be filled*
भूलकर भी	*even by mistake*
भेंट	*gift; meeting* (f.)
महल	*palace* (m.)
मास	*month* (m.)
मुँह	*mouth, face* (m.)
मुबारक	*blessed*
मुमकिन	*possible*

मुस्कराना	*to smile*
मूँगफली	*peanut* (f.)
मेला	*fair* (m.)
यात्रा	*journey, travel* (f.)
यात्री	*traveller* (m.)
रेडियो	*radio* (m.)
लखनऊ	*Lucknow, capital of U.P.* (m.)
लस्सी	*lassi* (f.) (a yoghourt drink)
लाभ	*profit, advantage* (m.)
वक़्त	*time* (m.)
वगैरह	*etc., and so on*
वर्ष	*year* (m.)
विचार	*thought, idea, opinion* (m.)
विवाह	*wedding, marriage* (m.)
विशेष	*special, particular*
वेतन	*wage, salary, pay* (m.)
शुभकामनाएँ	*good wishes* (f. pl.)
सप्ताह	*week* (m.)
समाचार	*news* (m.)
समोसा	*samosa* (m.) (fried triangular pie)
सवा	*one and a quarter; a quarter past (the hour)*
साढ़े	*plus a half; half past (the hour)*
साधारण	*ordinary*
साबुन	*soap* (m.)
सुझाव	*suggestion* (m.)
सुहावना	*pleasant, lovely*
सूती	*made of cotton*
सोचना	*to think*
हारना	*to be defeated, lose*
(से) होकर	*via*

Unit Twelve

Dialogue 12A *Talking about homework*

ख़ालिद सुनो मोहन, क्या तुम आज का पाठ पूरा कर चुके हो?

मोहन आज का तो मैंने पूरा कर लिया है, पर कलवाला पाठ मैं पूरा नहीं कर सका। बहुत ही कठिन था वह!

ख़ालिद क्यों? उसमें कोई ख़ास मुश्किल तो नहीं थी? पहला हिस्सा तो ख़ासकर काफ़ी आसान था।

मोहन पर मैं तो दूसरे भाग की बात कर रहा था। उसमें तो हरेक वाक्य में कठिनाई ही कठिनाई दीखती है। मेरी समझ में नहीं आता कि मैं इतने लंबे-चौड़े शब्दों को कैसे सीख लूँगा।

ख़ालिद तो यह नई किताब ले लो। इसे पढ़ जाओ, तो तुम पूरा पाठ आसानी से समझ जाओगे। तुम इसे कल तक रख सकते हो, मैं इसे पढ़ चुका हूँ। कल सुबह इसे स्कूल ले आना और क्लास से पहले मुझे वापस कर देना।

मोहन बस यही समझ लो भैया, तुमने मेरी जान बचाई है! मैंने अध्यापक से कह दिया था कि मैं पाठ को कल सुबह तक पूरा करके उन्हें दे दूँगा। अगर मैं उन्हें ठीक समय पर पाठ न दूँ तो वे शायद मुझे क्लास में से निकाल ही देंगे!

ख़ालिद फ़िक्र मत करो, अध्यापक इतने सख़्त तो नहीं हैं! सुनो, क्या तुम खाना खा चुके हो? अगर तुम चाहो तो मेरे यहाँ चलकर कुछ खाना खा लो।

मोहन अभी तो मैं तुम्हारे साथ नहीं जा सकता। मैं तुम्हारी पुस्तक पढ़कर जल्दी ही सो जाऊँगा। फिर कल सवेरे उठकर अपना वह काम पूरा कर लूँगा।

Khalid Listen Mohan, have you already completed today's lesson?

Mohan I've completed today's, but I couldn't complete yesterday's lesson. It was very hard!

Khalid Why? There wasn't any special difficulty in it? The first part in particular was pretty easy.

Mohan But I was talking about the second part. I see[1] nothing but

[1] Lit. *Nothing but difficulty appears:* कठिनाई is the subject of दीखती है. Note this emphatic use, कठिनाई ही कठिनाई, equivalent to 'difficulty and nothing but difficulty'.

difficulty in every sentence in it. I don't understand[1] how I'll learn so many great long words.

Khalid Then take this new book. Read it through, then you'll easily grasp the whole lesson. You can keep it until tomorrow, I've read it already. Bring it to school tomorrow morning and return it to me before class.

Mohan Honestly[2] brother, you've saved my life ! I'd told the teacher that I'd complete the lesson by tomorrow morning and give it to him. If I don't give the lesson to him on time then maybe he might throw me out of the class![3]

Khalid Don't worry, the teacher isn't so strict ! Listen, have you eaten yet ? If you like, come to my place and have something to eat.

Mohan I can't go with you just now. I'll read your book and go to bed very early. Then I'll get up early tomorrow morning and complete that work of mine.

51 सकना and चुकना

A verb stem followed by सकना means 'to be able to do':

मैं हिन्दी बोल सकता हूँ।	*I am able to speak (can speak) Hindi.*
मैं कल जा सकूँगा।	*I will be able to come tomorrow.*

सकना never occurs on its own: the reply to क्या आप जा सकते हैं ? *Can you go?* will be जी हाँ, जा सकता हूँ *Yes, I can (go)*, in which the stem जा must be retained.

A verb stem followed by चुकना means 'to have finished doing', or 'to have already done':

मैं चाय पी चुका हूँ।	*I have already had tea.*
वह घर जा चुकी थी।	*She had already gone home.*

Like सकना, चुकना can never occur on its own. In perfective tenses, सकना and चुकना do not use the ने construction:

1 Lit. *It doesn't come into my understanding:* समझ is a feminine noun.
2 Lit. *Just realise this.*
3 निकाल ही देंगे: notice that emphatic ही can come between the stem of the main verb and the intensive verb.

मैंने वह काम नहीं किया।	*I did not do that work.*
but मैं वह काम नहीं कर सका।	*I could not do that work.*
मैंने अख़बार पढ़ा है।	*I have read the paper.*
but मैं अख़बार पढ़ चुका हूँ।	*I have already read (finished reading) the paper.*
मैं उसकी बात नहीं समझ सका।	*I couldn't understand what he said.*
वे अँग्रेज़ी नहीं बोल सकतीं।	*They cannot speak English.*
अगर राम आ सके तो आए।	*If Ram is able to come, he may come.*
वह दरवाज़ा नहीं खोल सकी।	*She could not open the door.*
वह नाश्ता कर चुका है।	*He has already had breakfast.*
हम इस काम को कल तक कर चुकेंगे।	*We will finish this work by tomorrow.*
धोबी शायद कपड़े धो चुका हो।	*Perhaps the washerman might have finished washing the clothes.*
एक बज चुका है।	*It's gone one o'clock.*

52 Compound verbs

Compound verbs operate in a construction similar to that using सकना and चुकना. The verb stem is followed by an auxiliary verb (sometimes called an 'intensive'), which loses its own meaning and adds a force or emphasis to the sense of the main verb. The emphasis that an auxiliary verb gives is less easily defined than that of सकना and चुकना, since it depends upon both the meaning of the main verb and the context of the sentence.

The ने construction is used with compound verbs only when it is required by both the main verb *and* the auxiliary.

Three auxiliary verbs are introduced in this section: जाना, लेना and देना. जाना is by far the most common auxiliary with intransitive verbs; it also occurs with certain transitive verbs. जाना as auxiliary conveys a sense of completeness, finality, or change of state:

बैठना	*to sit*	बैठ जाना	*to sit down*
सोना	*to sleep*	सो जाना	*to go to sleep*
समझना	*to understand*	समझ जाना	*to grasp fully, realise*
आना	*to come*	आ जाना	*to arrive, turn up*
खाना	*to eat*	खा जाना	*to eat up*

पीना	*to drink*	पी जाना	*to drink up*
पढ़ना	*to read*	पढ़ जाना	*to read through (to the end)*
सुनना	*to listen*	सुन जाना	*to listen right through*

With certain verbs such as भरना *to fill,* बदलना *to change* and खोना *to lose, be lost,* which are both transitive and intransitive, use of auxiliary जाना specifies intransitive usage. With होना, auxiliary जाना gives the specific sense 'become':

इस महीने रातें गरम होती हैं।	*The nights are hot this month.*
इस महीने रातें गरम हो जाती हैं।	*The nights become hot this month.*

लेना and देना are by far the most common auxiliaries with transitive verbs. लेना is used to refer the action *to* the performer of the action, typically indicating that it is done for the performer's benefit; देना refers the action *away from* the performer:

वह अपनी किताब पढ़ लेता है।	*He reads his book (to himself).*
वह अपनी किताब पढ़ देता है।	*He reads out his book.*
यह थैला अपने पास रख लो।	*Keep this bag with you.*
यह थैला मेज़ पर रख दो।	*Put this bag on the table.*

लेना and देना may add a sense of finality or completeness to an action, as well as indicating the direction of the benefit of the action. लेना can also convey a sense that the action was completed or achieved only with some effort: पाँच बजे तक मैंने सारे काम कर लिये थे *By five o'clock I had done (completed) all the jobs.* देना occurs rarely with intransitive main verbs, but चल देना *to set off,* रो देना *to begin to cry* and हँस देना *to begin to laugh* are common.

Use of an auxiliary verb focuses attention on the actual *performance* of a specific action. For this reason, compound verbs rarely occur in the negative (when, by definition, nothing happened); thus a negative reply to the question क्या आपने चाय पी ली है? *Have you had tea?* would *not* involve लेना: जी नहीं, मैंने चाय अभी नहीं पी है *No, I haven't had tea yet.*

Similarly, compound verbs are rarely used in the continuous tenses. Further compound verbs will be introduced in Unit 17.

हमारा नंबर बदल गया है।	*Our number has changed.*
वह सारी कहानी सुन गई।	*She listened to the whole story.*

बदमाश आधी बोतल से ज़्यादा पी गया था।
The rogue had drunk up more than half a bottle.

मेरा पता लिख लेना, और फिर अपना पता लिख देना।
Take down my address, then write out your address.

दस बजने पर पुलिस यहाँ आ गई।
The police got here at ten o'clock exactly.

सारी दुकानें साढ़े सात बजे बन्द हो जाती हैं।
All the shops close at half past seven.

मैं थोड़ी-बहुत उर्दू बोल लेता हूँ।
I speak a certain amount of Urdu.

इस पत्र को पढ़ लो, फिर इसे राम को दे दो।
Read this letter, then give it to Ram.

कुली ने सारा सामान फ़र्श पर रख दिया।
The porter put all the luggage on the floor.

आप समझ गए होंगे कि वह दिक़्क़त में पड़ गया है।
You must have realised that he's fallen into a difficulty.

बस ठीक समय पर चल दी।
The bus set off at the right time.

इस बात को सुनकर राम तो रो दिया पर सीता हँस दी।
Hearing this, Ram began to cry but Sita began to laugh.

बुढ़िया फ़र्श पर बैठ गई और कुछ मिनट बाद सो भी गई।
The old woman sat down on the floor and a few minutes later she went to sleep.

चोर की उँगली चाकू से बुरी तरह कट गई थी।
The thief's finger had been badly cut by the knife.

दराज़ में से बीड़ियों का पैकेट निकालकर युवक ने उन्हें अपने साथियों में बाँट दिया।
Taking a packet of biris out of the drawer, the youth distributed them among his companions.

बाढ़ के कारण तरह तरह की बीमारियाँ गाँव में फैल गईं।
Because of the flood, all sorts of illnesses spread through the village.

मैंने डिब्बे में से बक्सा उतार लिया और उसे रिक्शे पर लाद दिया।
I took the box down out of the compartment and loaded it onto the rickshaw.

उसकी टाँग टूट गई, मगर जान तो बच गई थी।
His leg did break, but his life had been saved.

सूरज पहाड़ों के पीछे डूब गया।
The sun sank down behind the mountains.

53 Verbs in combination

Certain verbs, mainly intransitives, combine together to produce a single verbal expression to which each of the two verbs adds its own meaning. आना and जाना are the verbs most commonly appearing as the second member of the pair:

लौट आना	*to come back*	लौट जाना	*to go back*
ले आना	*to bring*	ले जाना	*to take away*
उतर आना	*to come down*	उतर जाना	*to go down*
निकल आना	*to come out*	निकल जाना	*to go out*
चढ़ आना	*to come up*	चढ़ जाना	*to go up*

Slightly different from these verbs are चला जाना *to set off, leave* and चला आना *to come up to;* here चला is not the stem but the perfective form of the verb चलना, and must agree grammatically with the subject: सीता चली गई *Sita left.*

None of the verbs in combination takes the ने construction.

थोड़ी देर में बच्चे स्कूल से निकल आएँगे।	*In a little while the children will come out of school.*
कुछ साल बाद वह अपने देश को लौट गया।	*Some years later he went back to his own country.*
इस किताब को ले जाओ और दूसरी ले आओ।	*Take this book away and bring another.*
दस औरतें रेलगाड़ी से उतर आईं।	*Ten women got out of the train.*
वह कल उसे यहाँ ले आई और आज ले गई।	*She brought him here yesterday and took him away today.*
चाय पीकर वह चला गया।	*After drinking tea he went away.*
हमें दूर से देखकर वह चला आया।	*Seeing us from a distance, he came up to us.*
उषा कुछ ही दिन पहले ससुराल चली गई थी।	*Usha had gone off to her in-laws' just a few days earlier.*
चाँद आकाश में चढ़ आया।	*The moon climbed up into the sky.*

Dialogue 12B *Missing luggage on a train journey*

यात्री सुनिए, सरदार जी ! मेरा सामान खो गया है ! यहीं रैक पर जो बक्सा मैंने रख दिया था, वह ग़ायब हो गया है। आप कुछ कर सकते हैं ?

गार्ड चोरी तो नहीं हो गई ? आजकल चोरी बहुत होती है, ख़ासकर रात को। जो आदमी आपके सामने बैठा था, वह कहाँ गया है ?

यात्री वह चश्मा-वाला लड़का जो बीड़ी पी रहा था ? वह तो पिछले स्टेशन पर उतर गया था।

गार्ड तो वह आपका बक्सा भी ले गया होगा। मुझे अपना नाम और पता दे दें, तो मैं सवेरे पुलिस को बता दूँगा। वह थैला किसका है, जो फ़र्श पर पड़ा है ?

यात्री वह भी मेरा है – वह तो बच गया। मेरे पास पैसे वग़ैरह और जो क़ीमती चीज़ें होती हैं, मैं उन्हें इसी थैले में रख लेता हूँ।

गार्ड उसमें भी देख लेना, शायद उसमें से भी चोर ने कुछ ग़ायब कर दिया हो।

यात्री नहीं जी, इसमें मैं देख चुका हूँ। इसमें तो सब कुछ सुरक्षित है। जिस समय चोर ने रैक पर से बक्सा उतारा होगा, उस समय मैं सो तो रहा था मगर थैला मैंने इस कंबल के नीचे रख लिया था। इतना बुद्धू तो नहीं हूँ !

गार्ड अच्छा, तो जो चीज़ें ग़ायब हैं, उनके ब्योरे इस कागज़ पर लिख देना। फिर जिस किसी ने चोर को देखा होगा, उससे मैं पूछ-ताछ करूँगा। मगर वह किसका बक्सा है, जिस पर आपका बेटा बैठा है ?

यात्री अरे हाँ ! यह वही बक्सा है जिसे मैं ढूँढ़ रहा था। मैं भूल गया था कि मैंने उसे कुछ चीज़ें निकालने के लिए उतार लिया था ! माफ़ कीजिएगा सरदार जी, मैंने आपको बहुत तकलीफ़ दी है।

Passenger Excuse me, Sardar jī! My luggage has gone missing! The box which I'd put on this rack has disappeared. Can you do something?

Guard There hasn't been a theft, has there? There's a lot of theft these days, especially at night. Where's that man gone who was sitting opposite you?

Passenger That boy wearing glasses, who was smoking a biri? He got off at the previous station.

Guard Then he must have taken your box too. If you give me your name and address, than I'll tell the police in the morning. Whose is that bag, which is lying on the floor?

Passenger That's mine too – that at least escaped. What valuable things and money etc. that I have with me, I keep in this bag.

Guard Have a look in that too, the thief might have made off with something from there as well.

Passenger No, I've looked in this already. In this at least, everything is safe. At the time when the thief must have taken the box from off[1] the rack I was sleeping[2] but I'd kept the bag[3] under this blanket. I'm not such a fool!

Guard All right, so write down on this piece of paper the details of the things which are missing. Then I'll make enquiries with anyone who would have seen the thief. But whose is that box that your son's sitting on?

Passenger Oh yes! It's the very box that I was looking for! I'd forgotten that I'd taken it down to get some things out of it! I'm very sorry Sardar jī, I've put you to a lot of trouble.

54 The relative pronoun and adjective जो

In English, relative clauses follow the pattern 'The man who came today lives in London'. In Hindi, the preferred pattern is ***Which** man came today, **he** lives in London.* Another example is *Read the book which is on the table,* which in the Hindi construction would be, ***which** book is on the table, read **that one**.* In these examples, *which* is the relative pronoun, and *he* and *that one* are known as the correlative, which must be expressed.

The relative pronoun and adjective जो *that which, which, he who,* etc. is both singular and plural. In the singular it has the oblique form जिस (giving जिसको or जिसे, जिसका, जिसने); in the plural it has the oblique form जिन (giving जिनको or जिन्हें, जिनका, जिन्होंने): these forms are exactly parallel to the oblique forms किस, etc. from क्या and कौन. The correlative is usually वह or वे, or an appropriate form of one of these (e.g. उस, उसे, उन्होंने, etc.).

Relative clause	**Main clause**	
जो जानता है	**वह** नहीं बोलता।	*He who knows does not*
Who knows,	**he** does not speak.	*speak.*
जिसके लिए मैं काम करता हूँ **वह** बहुत अमीर है।		*The person for whom I*
For **whom** I work, **he** is very rich.		*work is very rich.*

[1] Notice the double postposition: रैक पर से *from on the rack.*
[2] Emphatic तो here comes between the stem सो and रहा था. The effect of this is to emphasize the fact that 'Although it's true I was sleeping, I had taken proper steps to safeguard my property'.
[3] थैला precedes मैंने: the effect of this is to emphasize 'the bag': *as for the bag, I'd kept it under this blanket.*

जिसे ज़ुकाम हो	वह बाहर न जाए।	*A person who has a cold should not go out.*
To **whom** there is ('may be') a cold	**he** should not go out.	
जिसने यह पत्र लिखा था	उसे बुलाओ।	*Call the person who wrote this letter.*
Who wrote this letter,	call **him.**	

Examples:

जो बोलता है वह नहीं जानता।	*He who speaks does not know.*
जो आदमी आज यहाँ आया वह दिल्ली का रहने-वाला है।	*The man who came here today lives in Delhi.*
जो पुस्तक मेज़ पर पड़ी है उसे पढ़ लेना।	*Read the book which is lying on the table.*
जिस लड़के ने प्याला तोड़ दिया उसे बुलाओ।	*Call the boy who broke the cup.*
जिस चीज़ के बारे में हम कल बात कर रहे थे, उसको मत भूलो।	*Do not forget the matter we were talking about yesterday.*
जिस तरह वह लिखता है उसी तरह वह बोलता भी है।	*He speaks just as he writes.*
जिन लोगों को हमने कल देखा था वे तो नहीं आ सकते।	*The people we saw yesterday cannot come.*
जिन्होंने यह फ़िल्म बनाई है वे पागल होंगे।	*Those who made this film must be mad.*
कल शाम को मैंने जो तमाशा देखा था, उसे आप ज़रूर देखें।	*You should certainly see the show I saw last evening.*

(Notice in the last example that it is not necessary for the relative word actually to *begin* the relative clause).

Although this pattern, with the relative clause coming first, is a standard order, it is not uncommon for the relative clause to come *after* the main clause:

उस लड़के को बुलाओ जिसने यह प्याला तोड़ दिया।	*Call the boy who broke this cup.*
वह बात न भूलो जिसके बारे में हम बात कर रहे थे।	*Don't forget the matter we were talking about.*
यह वही किताब है जिसे मैंने कल पढ़ लिया था।	*This is the very book that I read yesterday.*

In addition to the relative जो on its own, notice also the following:

जो कोई (oblique जिस किसी) *whoever* जो कुछ *whatever*
जो भी *whoever, whichever*

All of these forms correlate with वह, etc. जो भी is rather more emphatic than जो कोई/कुछ, and gives a sense 'no matter who / what':

आपके पास जो कुछ हो, वह दे देना।	*Give whatever you may have.*
साधु जो कुछ बोलता है उसको उसके शिष्य लिख लेते हैं।	*Whatever the holy man utters, his disciples write it down.*
जो भी यहाँ आए उसे बताना कि हम को फ़ुरसत नहीं है।	*No matter who comes, tell him that we don't have any time.*
जो भी हिन्दी जानता हो उससे कहो कि वह यहाँ आए।	*Tell anyone at all who may know Hindi that he should come here.*
जो कोई समझता है कि हिन्दी आसान है उसका विचार ग़लत है।	*Whoever thinks that Hindi is easy, (his idea) is mistaken.*
जिस किसी को पैसे की ज़रूरत हो, वह मुझसे ले ले।	*Whoever needs money may take it from me.*

There are further relative-correlative constructions in Hindi, which will be introduced in Units 13–16. It is a feature of the relative words in Hindi that they begin with ज्, just as the interrogative words begin with क्. English speakers need to be aware of when a pronoun is interrogative (as *who*? कौन) and when it is relative (as *who* जो).

EXERCISE 12.1 Translate into English:

गार्ड की कहानी

कल हमारी गाड़ी में एक मुसाफ़िर ने जो किया था, उसे सुनकर आपको आश्चर्य होगा। दिल्लीवाली गाड़ी थी, जो रात के साढ़े सात बजे कलकत्ते से छूटती है और दिल्ली सवेरे पहुँचती है। काफ़ी लंबा सफ़र है, पर हवाई जहाज़ से यात्रा करना इतना महँगा हो गया है कि ज़्यादातर लोग ट्रेन से ही यात्रा करना पसंद करते हैं। सिर्फ़ वे लोग हवाई जहाज़ से जा सकते हैं जिनके पास बहुत पैसा है, या जिनकी कंपनी उन्हें सफ़र ख़र्च दे देती है। ख़ैर, कल तो हमेशा की तरह गाड़ी में बहुत भीड़ थी। जो लोग जल्दी आ गए थे, वे अपना सामान वग़ैरह गाड़ी में लादकर आराम से बैठ चुके थे और स्टेशन का दृश्य देख रहे थे। जिनके साथ बाल-बच्चे भी थे, वे उन्हें सीटों पर या बक्सों पर या फ़र्श पर भी बिठा रहे थे। कुछ यात्री सो भी गए थे। ज़्यादातर लोग अपने लिए खाना भी ले आए थे। जिन्होंने खाना खा लिया था, वे सो गए थे या सोने की तैयारियाँ कर रहे थे।

क़रीब सात बजे मैंने देखा कि एक डिब्बे में एक ऐसा आदमी चढ़कर बैठ गया जिसे मैं शायद दो तीन बार इसी ट्रेन पर देख चुका हूँ। वह उन व्यापारियों में से होगा जो हर महीने दिल्ली या बंबई जाते हैं। पर अब की बार तो उसके बाल-बच्चे भी साथ थे। क़रीब आधी रात को इस आदमी ने मुझे पुकारकर कहा कि उसका एक बक्सा खो गया है, जिसे उसने रैक पर रख दिया था। वैसे मैं मुसाफ़िरों से हमेशा कह देता हूँ कि जिस समय वे सोते हैं, उस समय वे अपनी क़ीमती चीज़ें रैक पर न छोड़ें, पर वे तो इतने

लापरवाह होते हैं कि पूछो मत। कभी-कभी तो वे यह भी भूल जाते हैं कि सामान भी है उनके पास - गाड़ी से उतरकर बड़ी ख़ुशी से घर का रास्ता पकड़ लेते हैं या चाय पीने चले जाते हैं, और सारा सामान वहीं डिब्बे में छूट जाता है। ख़ैर, जो बक्सा इस आदमी ने रैक पर रख दिया था, वह ग़ायब हो गया था इस लिए वह काफ़ी परेशान हो गया था। मैं उससे बातें कर रहा था, तो अचानक उसे पता चला कि जिस बक्से को वह ढूँढ़ रहा था, वह वहीं उसके बिलकुल सामने पड़ा था ! उसका बेटा बक्से के ऊपर बैठा था। तो मैं अच्छी तरह समझ गया कि इस दुनिया में कैसे बुद्धू होते हैं। जिसने मेरी तरह रेलवे में नौकरी की हो, वही समझ सकता है कि गार्ड की ज़िंदगी कितनी मुश्किल होती है।

EXERCISE 12.2 Translate into Hindi:

Somebody has made off with my watch. The watch wasn't very valuable, and my father, who is usually very strict about such matters, says that I should not worry about it. But I want the person who took it to return it right now. I have made enquiries with the people who work here, but they don't know anything. Usually I keep the watch with me, but yesterday I had put it on the table, thinking that nothing would happen to it for a few hours. But the little table I had put it on is just near the window; the man who took it must have climbed on top of something and broken the window. There is no point in calling the police[1] now, because they cannot do anything at all.

Vocabulary

अचानक	*suddenly*
अब की बार	*this time*
आकाश	*sky* (m.)
आधा	*half*
आधीरात	*midnight* (f.)
आराम से	*comfortably, easily*
आसानी	*ease* (f.)
आसानी से	*easily*
उँगली	*finger* (f.)
उठना	*to rise, get up*
उतरना	*to get down, come down, descend, alight*
उतारना	*to take down; to take off* (clothes)
कटना	*to be cut*
कठिनाई	*difficulty* (f.)
की तरह	*like*

[1] Use singular noun (feminine).

क़ीमती	*valuable, costly*
कुली	*porter* (m.)
के कारण	*because of*
ख़र्च	*expenditure, expenses* (m.)
ख़ासकर	*specially*
ख़ैर	*well, anyway* (interjection)
खोना	*to lose; to be lost*
ग़ायब	*disappeared, missing*
ग़ायब करना	*to make off with*
ग़ायब होना	*to disappear, go missing*
गार्ड	*railway guard* (m.)
चढ़ना	*to climb, rise, mount, board*
चला आना	*to come along*
चला जाना	*to go along, set off*
चाँद	*moon* (m.)
चाकू	*knife* (m.)
चुकना	*to be finished* (see para. 51)
चोर	*thief* (m.)
चोरी	*theft* (f.)
जान	*life* (f.)
जो	*that which, which, who, the one who*
जो कुछ	*whatever*
जो कोई	*whoever*
जो भी	*whoever; whatever*
ज़्यादातर	*mostly; most*
टाँग	*leg* (f.)
टूटना	*to break* (intr.)
डिब्बा	*train compartment* (m.)
डूबना	*to sink* (intr.)
तरह तरह का	*of various kinds*
तोड़ना	*to break* (tr.)
थैला	*bag* (m.)
दराज़	*drawer* (f.)
दिक़्क़त	*difficulty, trouble* (f.)
दीखना	*to be seen, appear*
दुनिया	*world* (f.)
दृश्य	*view* (m.)
नाश्ता	*breakfast* (m.)
नाश्ता करना	*to have breakfast*
निकालना	*to take out, extract, turn out, bring out*
पता	*address* (m.)
पर से	*from on*

पाठ	*lesson; reading* (m.)
पुकारना	*to call, call out*
पुलिस	*the police* (f.)
पूछ-ताछ	*enquiry, investigation* (f.)
पूछ-ताछ करना	*to enquire, make enquiries*(with से)
पैकेट	*packet* (m.)
फ़र्श	*floor* (m.)
फ़िक्र	*anxiety, worry, concern* (f.)
फ़िक्र करना	*to worry, be anxious*
फैलना	*to spread* (intr.)
बक्सा	*box* (m.)
बचना	*to be saved, escape, survive*
बचाना	*to save*
बदमाश	*rogue, villain* (m.)
बाँटना	*to distribute, share out*
बाढ़	*flood* (f.)
बिठाना	*to make sit*
बीड़ी	*small cigarette rolled in leaf* (f.)
बीमारी	*illness* (f.)
बुद्धू	*foolish; fool* (m.)
बुरी तरह (से)	*badly*
बोतल	*bottle* (f.)
ब्योरा	*details, particulars* (m.)
भाग	*part, portion* (m.)
भैया	*brother* (m.)
मगर	*but*
माफ़ करना	*to pardon, forgive*
मुश्किल	*difficulty* (f.)
युवक	*youth, young man* (m.)
रिक्शा	*rickshaw* (m.)
रेलवे	*railway* (f.)
रैक	*rack* (m.)
लंबा-चौड़ा	*huge, vast, 'great big'*
लादना	*to load*
लापरवाह	*careless*
वाक्य	*sentence* (m.)
वापस करना	*to return, give back*
व्यक्ति	*person, individual* (m.)
शब्द	*word* (m.)
शिष्य	*disciple* (m.)
सकना	*to be able to* (see para. 51)
सख़्त	*hard, severe, harsh, strict*

सफ़र ख़र्च	*travel expenses* (m.)
समझ	*understanding* (f.)
समझ में आना	*to understand*
सरदार	(lit. '*chief*'; used as title of respect for Sikh men)
सवेरे	*early in the morning*
ससुराल	*father-in-law's house* (f.)
सीट	*seat* (f.)
सुरक्षित	*safe*
सूरज	*sun* (m.)
हरेक	*each, every*
हिस्सा	*part, portion* (m.)

840

Unit Thirteen

Dialogue 13A *Plans for the day*

राजू सुनो हसन, आज तुम्हें क्या करना है?

हसन अभी तो मुझे कुछ ज़रूरी ख़त लिखने हैं, फिर मुझे बाज़ार से कुछ चीज़ें लानी हैं। तुम्हें याद है न, सनीचर को मुझे हमेशा बाज़ार जाना पड़ता है।

राजू पर उन ख़तों को तुम्हें कल ही लिख देना चाहिए था–तुम्हें हर काम ठीक समय पर करना चाहिए, नहीं तो दिक़्क़त में पड़ जाओगे।

हसन हाँ बेशक, पर कल मेरी बीवी की तबियत ख़राब हो गई थी, सो मुझे बच्चों की देखभाल करनी पड़ी। मेरी बीवी को डाक्टर के पास जाना पड़ा।

राजू तब तो बात दूसरी है। अच्छा सुनो, आज सुरेन्द्र का पत्र मिला। तुम्हें इसे पढ़ना चाहिए-बड़ा मज़ाकिया आदमी है वह!

हसन हाँ दे दो। मैं उसे बाद में पढ़ लूँगा। अभी तो मुझे घर जाना है।

राजू तो तुम्हें चाय नहीं पीनी है? सामनेवाले ढाबे पर बढ़िया समोसे मिलते हैं!

हसन इस बार तुम्हें चाय अकेले पीनी पड़ेगी। कल हम सब मिलकर खाना खाने चलेंगे।

Raju Listen Hasan, what do you have to do today?

Hasan Right now I have to write some urgent letters, then I have to fetch some things from the shops. You remember don't you, I always have to go to the shops on Saturday.

Raju But you should have written those letters yesterday–you should do everything at the right time, otherwise you'll get into difficulties.

Hasan Yes certainly, but yesterday my wife became unwell so I had to look after[1] the children. My wife had to go to the doctor.[2]

Raju Then it's another matter. Anyway listen, I got a letter from Surendra today. You should read it–he's a very funny person.

Hasan Yes, give it to me. I'll read it later. Right now I'll have to go home.

[1] मुझे बच्चों की देखभाल करनी पड़ी: lit. '*I had to do the supervision of the children*'.

[2] Note this use of the postposition के पास in the sense '(to go) *to* a person'.

Raju So aren't you going to have some tea? You can get very good samosas in the cafe opposite!

Hasan This time you'll have to have your tea by yourself. Tomorrow we'll all go and eat together.

55 'Should' and 'ought'

The most common way to express 'should' and 'ought' in Hindi is to use the infinitive followed by चाहिए, with the English subject in the oblique case with को. To express the negative, न or नहीं comes before the infinitive.

मुझको वहाँ जाना चाहिए।	*I should go there.*
मुझको वहाँ जाना चाहिए था।	*I should have gone there.*
तुमको यहाँ न रहना चाहिए।	*You should not stay here.*
तुमको यहाँ न रहना चाहिए था।	*You should not have stayed here.*

If the infinitive has a direct object without को, then the infinitive will agree in number and gender with the object. If the sentence is in the past, then the past tense verb (था, etc.) will also agree with the object. If the direct object is in the oblique with को, then the infinitive remains in the -ना form and the past tense verb remains as था.

हमको हिन्दी बोलनी चाहिए।	*We should speak Hindi.*
हमको हिन्दी बोलनी चाहिए थी।	*We should have spoken Hindi.*
उसको कपड़े धोने चाहिए।	*He should wash the clothes.*
उसको कपड़े धोने चाहिए थे।	*He should have washed the clothes.*
आपको ये पुस्तकें पढ़नी चाहिए।	*You should read these books.*
आपको ये पुस्तकें पढ़नी चाहिए थीं।	*You should have read these books.*
तुम्हें राम को न मारना चाहिए था!	*You shouldn't have beaten Ram!*
आपको इसी किताब को पढ़ना चाहिए था।	*You should have read* **this** *book.*

56 'Must' and 'have to'

'Must' and 'have to' use a similar construction to that just described. The difference is that, in place of चाहिए/चाहिए था the verbs होना *to be* and पड़ना literally *to fall* are used. पड़ना gives a relatively strong sense of compulsion; in the imperfective, it gives a habitual sense.

मुझे जाना है।	*I have to go.*
मुझे रोज़ जाना पड़ता है।	*I have to go every day.*

As in the चाहिए construction, the English subject takes the postposition को, the infinitive ending agrees with a direct object *not* followed by को, and the verb होना or पड़ना also agrees with the object:

उसको चिट्ठी लिखनी थी।	*He had to write a letter.*
मुझको कपड़े धोने पड़ते हैं।	*I (usually) have to wash clothes.*

Again as in the चाहिए construction, the infinitive and the होना or पड़ना verb remain in the invariable masculine singular form if the direct object is in the oblique with को:

मुझे इन कामों को करना है।	*I have to do these jobs.*

The होना construction may also be used to express intention rather than actual obligation:

तुम्हें चाय पीनी है?	*Are you going to drink tea?* (*Would you like to drink tea?*)
आज मुझे आराम करना है।	*Today I'm going to rest.*

Since 'must' and 'have to' may refer to situations yet to take place, future forms of the verb (होना, पड़ना) may be involved in this construction:

उसको चिट्ठी लिखनी होगी।	*He will have to write a letter.*
मुझको कपड़े धोने पड़ेंगे।	*I will have to wash clothes.*
मुझे जाना है।	*I have to go / I must go.*
उन्हें अँग्रेज़ी सीखनी थी।	*They had to learn English.*
हमें हर रोज़ सात बजे उठना होता है।	*We have to get up at seven o'clock every day.*
कल तुमको अपनी किताबें लानी होंगी।	*Tomorrow you will have to bring your books.*
उसे ढाई बजे की रेल पकड़नी पड़ी।	*He had to catch the 2.30 train.*
राधा को अपनी बहिन की साड़ी पहननी पड़ेगी।	*Radha will have to put on her sister's sari.*
कुछ लोगों को आठ बजे काम शुरू करना पड़ता है।	*Some people have to start work at eight o'clock.*
आज हमें मनोज की चाबियाँ ढूँढ़नी हैं।	*Today we have to look for Manoj's keys.*

Note that use of पड़ना in the perfective, as in उसे जाना पड़ा *He had to go*, may imply that the obligation was somehow unexpected or suddenly imposed. Compare the following:

घर लौटकर उसे तार देना था।	*When he got home he had to send a telegram* (suggesting that this was the next item on his prearranged schedule).
घर लौटकर उसे तार देना पड़ा।	*When he got home he had to send a telegram* (suggesting that he had found that some crisis had arisen unexpectedly).

57 The verb मिलना

In its primary sense, मिलना means 'to accrue'; it is commonly used in a construction to give the sense 'get', 'receive', etc. The English subject takes the postposition को, and the English object becomes the Hindi subject with which the verb agrees:

मुझे राम का तार मिला है।	*I have received Ram's telegram.*
महीने में उसे चार सौ रुपये मिलते हैं।	*He gets four hundred rupees a month.*
मेरा पत्र आपको कल मिलेगा।	*You will get my letter tomorrow.*

The same construction also gives the sense 'is available', 'is found', 'can be had':

उस दुकान पर बढ़िया कपड़ा मिलता है।	*Excellent cloth is obtainable in that shop.*
यहाँ अख़बार भी मिल सकते हैं।	*Here you can get newspapers too.*
आजकल जंगलों में बाघ बहुत कम मिलते हैं।	*These days tigers are found in the jungle very rarely.*
अगर पैसा मिल जाएगा तो मैं गाड़ी ख़रीद लूँगा।	*If the money is available I'll buy a car.*

The same construction is also used to mean 'to meet' if the meeting referred to is accidental or unexpected:

कल शहर में मुझे सीता मिली।	*I met Sita in town yesterday (by chance).*

If, however, the meeting is arranged or intended, then the English subject is the Hindi subject also, and the person met takes the postposition से (this usage has already occurred in such contexts as मैं उससे मिलने गया *I went to meet him*).

कल शहर में मैं सीता से मिला।	*I met Sita in town yesterday (by intention)*
मैं तुमसे कल सुबह मिलूँगा।	*I'll meet you tomorrow morning.*
वह मुझसे मिलना नहीं चाहती।	*She doesn't want to meet me.*
आपसे मिलकर मुझे बहुत ख़ुशी हुई।	*I'm very pleased to have met you.*

से is also used with मिलना-जुलना, lit, 'to meet', but often meaning 'to resemble':

रमेश अपने पिता से मिलता-जुलता है।	*Ramesh looks like his father.*

Finally, note the adverbial expression सब मिलकर *all together*:

हम सब मिलकर चलें।	*Let's all go together.*
हम सब को मिलकर शान्ति से रहना चाहिए।	*We should all live in peace together.*

Further examples:

वहाँ तो आपको शाकाहारी खाना ही मिलेगा।	*There, you'll get only vegetarian food.*
उस होटल में आपको कमरा ज़रूर मिल जाएगा।	*You'll certainly get a room in that hotel.*
एक महीने तक मुझे कोई पत्र नहीं मिला।	*I didn't get any letter for a month.*
रास्ते में हमें तुम्हारे रिश्तेदार मिले।	*On the way we came across your relatives.*
अगर फ़ुरसत हो तो आप उससे ज़रूर मिलें।	*Be sure to meet him if you're free.*
वर्मा जी अपने भाइयों से बहुत मिलते-जुलते हैं।	*Mr Varma looks very much like his brothers.*
क्या ये कपड़े तुझे मुफ़्त में मिले?	*Did you get these clothes for nothing?*
हम सब को मिलकर काम करना चाहिए।	*We should all work together.*
ऐसा मौक़ा आपको दोबारा नहीं मिलेगा।	*You won't get such an opportunity again.*

Dialogue 13B *Maya's new home, and her husband's job*

सरला	कहिए माया जी, यह नया मकान आपको कैसा लगता है?
माया	बहुत अच्छा लगता है। और सबसे अच्छी बात यह है कि दफ़्तर पहुँचने में केवल पंद्रह बीस मिनट लगते हैं।

सरला आप लोग कब से यहाँ रह रहे हैं? लगता है, आपने मकान को अच्छी तरह सजा लिया है।

माया जब से दिलीप ने डाकख़ाने में काम करना शुरू किया, तब से हम यहाँ रह रहे हैं।

सरला पर जब मैं पिछली बार आपसे मिली थी तब तो आपने कहा कि हमें नया मकान नहीं चाहिए।

माया यह सही है, मगर जैसे ही मैंने इस मुहल्ले को देखा वैसे ही मैंने महसूस किया कि मैं यहीं रहना चाहूँगी। न जाने क्यों, यहाँ मेरा दिल ख़ूब लगता है।

सरला तो दिलीप कितने बजे घर वापस आते हैं? दिन भर काम करके उन्हें भूख लगती होगी?

माया और क्या! जब भी दफ़्तर में ज़्यादा काम होता है तो उसे देर से छुट्टी मिलती है। जब तक बेचारे को इस से अच्छा पद न मिले, तब तक यही स्थिति रहेगी।

सरला मुझे तो ऐसा लगता है कि वे काफ़ी अच्छी तरक़्क़ी कर रहे हैं अपने काम में। उनके लिए तो डाकख़ाने का काम बायें हाथ का खेल होगा।

माया हाँ, कल सुबह जब दिलीप अपने मालिक से मिले तो मालिक ने कहा कि हम तुम्हारे काम से बहुत प्रसन्न हैं, अगले साल तुम्हें इज़ाफ़ा मिलना चाहिए।

Sarala Well Maya jī, how do you like this new house?

Maya I like it very much. And the best thing is that it only takes fifteen or twenty minutes to get to the office.

Sarala How long have you been living here? It seems you've decorated the house very well.

Maya We've been living here since Dilip started working at the post office.

Sarala But when I met you last time you said you didn't want a new house.

Maya That's true, but as soon as I saw this district I felt that I would like to live right here. I don't know why,[1] but I feel really at home here.

Sarala So what time does Dilip get home? He must get hungry after working all day?

Maya Of course![2] Whenever there's a lot of work at the office he gets off work late. Until the poor fellow gets a better position than this, the situation will remain the same.

Sarala It seems to me that he is making very good progress in his work. The post office work must be child's play for him.[3]

Maya Yes, yesterday morning when Dilip met his boss, the boss said he[4] was very pleased with his (Dilip's) work, and that he should get a rise next year.

1 न जाने: *God knows, Heaven knows,* i.e. *I've no idea.*

2 और क्या: *What else?,* i.e. *Of course.*

3 बायें हाथ का खेल: lit. *a game for the left hand,* i.e. something very easily accomplished.

4 Note that the boss refers to himself with the first person plural, हम.

58 The verb लगना

The primary meaning of लगना is 'to be applied (to), as in दीवारों पर कई तस्वीरें लगी थीं *Several pictures were fixed to the walls;* but it also occurs in a range of usages with the basic sense 'to strike one', in which the person concerned takes the postposition को.

भारत आपको कैसा लगता है?	*How do you like India?*
यह देश मुझे बहुत अच्छा लगता है।	*I like this country very much.*
उसे चोट लग गई।	*He got hurt.*
उसे डर लग रहा था।	*He was feeling frightened.*
उन्हें ठंड लग रही है।	*They are feeling cold.*
उन्हें गरमी लगेगी।	*They will feel hot.*
ऊपरवाले कमरे में आग लग गई थी।	*Fire had broken out in the upstairs room.*
मुझे प्यास लगी है।	*I am thirsty.*
हमें भूख लगी है।	*We are hungry.*
मुझे भूख लग रही है।	*I am getting hungry.*

In the same general sense, लगना and ऐसा लगना may mean 'to seem', 'to appear':

लगता है कि वह सब कुछ खा गया है।	*It seems that he has eaten everything up.*
ऐसा लगता है कि कोई नहीं आएगा।	*It seems that nobody will come.*

Similar to this usage is the sense 'to suit', 'to fit':

चाबी ताले में नहीं लगी।	*The key didn't fit the lock.*
उनको साड़ियाँ अच्छी नहीं लगतीं।	*Saris don't suit them.*
यह कोट आपको बहुत अच्छा लगता है।	*This coat suits you very well.*

लगना is also used in a construction expressing 'the time taken to do something'. The action performed is expressed by the infinitive with the postposition में, and the unit of time taken forms the subject of the verb लगना:

मुझे यहाँ आने में दस ही मिनट लगे।	*It took me just ten minutes to get here.*
इस काम को करने में कितने दिन लगेंगे?	*How many days will it take to do this work?*

इस पत्र को लिखने में मुझे एक घंटा लगा।	*It took me an hour to write this letter.*
दिल्ली पहुँचने में सात घंटे लगते हैं।	*It takes seven hours to reach Delhi.*

Further examples:

लगता है कि वह मज़ाक कर रही थी।	*It seems she was joking.*
बच्चों को ये मिठाइयाँ बहुत अच्छी लगती हैं।	*The children like these sweets a lot.*
कोट पहन लो, नहीं तो तुम्हें ठंड लग जाएगी।	*Put on your coat, otherwise you'll get cold.*
आधीरात को आग लग गई।	*Fire broke out at midnight.*
लगता है कि उसे प्यास लग रही है।	*It seems he is feeling thirsty.*
सब से मीठे आम उस छोटे पेड़ में लगते हैं।	*The sweetest mangoes grow on that little tree.*
दीवार पर जो नोटिस लगा है उस में क्या है?	*What is in the notice that is stuck on the wall?*
तुम्हें डर नहीं लगना चाहिए।	*You should not feel afraid.*
ऐसा लगता है कि उसके पास ज्यादा पैसा नहीं था।	*It seems he didn't have much money.*
आज का पाठ पूरा करने में तुम्हें कितना समय लगा?	*How long did it take you to finish today's lesson?*
आग लगने में देर नहीं लगी।	*It didn't take long for fire to break out.*

59 Relative-correlative constructions for time

Relative clause expressing time function in the same way as clauses with the relative pronoun जो and its correlative वह: the English sentence 'I will tell him when he comes' becomes in the Hindi order 'When he comes then I will tell him'. The relative adverb for this example is जब *at which time, when,* and its correlative is तब *at that time, then.*

The main relative-correlative adverbs expressing time are as follows:

Relative		**Correlative**	
जब	*at which time, when*	तब	*at that time, then*
जब से	*since which time, since when*	तब से	*since that time, since then*

जब तक	*as long as, until, by the time that*	तब तक	*until then, by then*
जब भी	*whenever*	तभी	*then*
ज्योंही	*as soon as*	त्योंही	*at that moment, then*
जैसे ही	*as soon as*	वैसे ही	*at that moment, then*

Examples:

जब से मैं लंदन लौटा हूँ तब से मेरी तबियत ख़राब रही है।	*Since I returned to London my health has been bad.*
जब तक मेरे पास पैसा रहेगा तब तक मैं इसी होटल में ठहरूँगा।	*As long as I have money I shall live in this very hotel.*
जब तक मैं पहुँचा तब तक वह जा चुकी थी।	*By the time I arrived, she had already gone.*
जब भी मैं बाहर जाता हूँ तभी पानी पड़ता है।	*Whenever I go out, it rains.*
ज्योंही उसने घंटी बजाई त्योंही बस चल दी।	*As soon as he rang the bell the bus started off.*
जैसे ही वह कमरे में आया वैसे ही बिजली बंद हो गई।	*The moment he came into the room the electricity went off.*

To express the sense 'until', Hindi uses जब तक followed by the negative particle न, and either the subjunctive, the future, or the perfective:

जब तक वह न आएगा, तब तक मैं यहीं रहूँगा।	*I'll stay right here until he comes* (lit. *'as long as he doesn't come...'*)
जब तक वह न आया तब तक मैं यहीं रहा।	*I stayed right here until he came.*

तब may be replaced by तो, especially in a clause which expresses a *consequence* of the जब clause (rather than emphasising a particular point in time):

जब मैंने उसे यह ख़बर सुनाई तो वह रो दिया।	*When I related this news to him he began to cry.*

Further examples:

जब आपको जाना हो तब मुझे बुलाना।	*Call me when you have to go.*
जब से मैंने यह गाड़ी ख़रीदी है तब से वह यहाँ नहीं आया है।	*Since I bought this car he hasn't come here.*

जब तक पानी पड़ेगा तब तक मैं बाहर नहीं जाऊँगा।	*As long as it rains I shan't go out.*
जब तक तुम काम न करोगे तब तक तुम ग़रीब रहोगे।	*As long as you don't work you will remain poor.*
जब भी मैं कुछ कहता हूँ तभी वह हँस देता है।	*Whenever I say anything he starts laughing.*
ज्योंही मैंने काम ख़त्म किया त्योंही मालिक कमरे में आया।	*As soon as I finished work the boss came into the room.*
जैसे ही उसका पत्र मिलेगा वैसे ही मैं जवाब दूँगा।	*As soon as I get his letter I shall answer it.*
जब लड़के ने प्याला गिरा दिया तो माँ ग़ुस्से में आ गई।	*When the child dropped the cup, mother became angry.*
जब तक तुम मुझे पैसा न दोगे तब तक मैं यहीं बैठा रहूँगा।	*I'll stay sitting here until you give me the money.*
तब तक न आओ जब तक मैं तुम्हें न बुलाऊँ।	*Don't come until I call you.*
तू तब तक रह सकता है जब तक दूसरे लोग न आएँ।	*You can stay until the others come.*

In the last example, the order of the relative and correlative clauses is reversed (as also happens in the जो...वह construction, para. **54**); note that the correlative (तब, etc.) must then follow the subject of its clause (here तू).

60 Indirect speech

In English, indirect or 'reported' speech follows the pattern 'He asked me how I was'. The same pattern also occurs in Hindi: उसने मुझसे पूछा कि मैं कैसा था. In an alternative construction, the verb ('asked') is followed by कि and then the *actual words* originally spoken: उसने मुझसे पूछा कि आप कैसे हैं.

The same construction is used with verbs of thinking, etc.: उसने सोचा कि मेरे जाने में कोई फ़ायदा नहीं होगा *He thought there was no point in his going* (lit. *He thought that, 'There is no point in my going'*). कि may sometimes be omitted from such a sentence. Notice that inverted commas are *not* used in the Hindi construction.

With indirect commands, it is usual to use the subjunctive in place of the imperative: मैंने उससे कहा कि वह घर जाए *I told him to go home*. Alternatively, the oblique infinitive with को may be used: मैंने उसे घर जाने को कहा। *I told him to go home.*

किसी ने मुझे बताया था कि सारी दुकानें बन्द हो चुकी हैं।	*Someone told me that all the shops had already shut.*
मैंने कहा कि मैं तो आज नहीं जा सकता।	*I said that I couldn't go today.*
शर्मा जी कह रहे थे कि वे भी वहाँ चलेंगे।	*Sharma jī was saying that he'd come there too.*
वह समझ गया कि अब तो कोई नहीं आएगा।	*He realised that nobody would come now.*
हम ने उसे चिट्ठी लिखने को कहा।	*We told him to write a letter.*
मैंने उससे कहा कि वह चुप रहे।	*I told him to keep quiet.*
माँ ने दूधवाले से कहा कि आज दूध नहीं चाहिए।	*Mother told the milkman that she didn't want any milk today.*

EXERCISE 13.1 Translate into English:

वाराणसी की रेल यात्रा

पिछले वर्ष मुझे वाराणसी जाने का मौका मिला। वाराणसी जाकर गंगा जी में स्नान करना हरेक हिंदू की अभिलाषा है। कहते हैं कि जो आदमी वहाँ गंगा जी के किनारे गुज़र जाता है उसे उसी क्षण मुक्ति मिल जाती है। इस दुनिया के झमेले से मुक्ति पाकर वह सीधे स्वर्ग को पहुँच जाता है। अभी तो मुझे मुक्ति पाने की कोई विशेष इच्छा तो नहीं है, उलटे दुनिया के झमेले में मेरा मन ख़ूब लग रहा है! पर मुझे ऐसा लगा कि भारतवर्ष को छोड़ने से पहले[1] मुझे दुनिया का सबसे पुराना नगर तो अवश्य देखना चाहिए। वाराणसी में तीन चार दिन बिताना बड़ा अच्छा लगेगा, यह सोचकर मैंने निश्चय कर लिया कि मैं कल ही वहाँ जाऊँगा। उसी वक़्त स्टेशन जाकर मैंने कल के लिए टिकट लिया।

गाड़ी के छूटने का समय निकट आ गया। गाड़ी पर चढ़कर मैंने अपना सामान सीट के नीचे रख लिया और आराम से बैठ गया। दिन के बारह बजे थे, धूप भी बड़ी तेज़ थी, और मुझे प्यास लग रही थी। मैंने सोचा, चाय पी लूँ। मुझे वह मीठी और तेज़ चाय बहुत पसंद है जो स्टेशन के चायवालों के पास मिलती है, सो मैंने खिड़की में से चायवाले को बुलाकर चाय ली। फेरीवाले को बुलाकर मैंने दो समोसे भी मँगवाए। जब तक मैंने ये समोसे खाए, तब तक काफ़ी लोग मेरे डिब्बे में घुस चुके थे। जिन लोगों को बैठने की जगह नहीं मिल सकी थी, उन्हें तो अपने सामान के ऊपर बैठना पड़ा। कुछ लोग तो फ़र्श पर भी बैठ गए थे, यहाँ तक कि डिब्बे के अंदर आना जाना[2] भी मुश्किल हो गया था। ख़ैर, ठीक पौन बजे सीटी बजी और गाड़ी चल दी।

कुछ समय बाद गाड़ी किसी छोटे स्टेशन पर आकर खड़ी हो गई। मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि स्टेशन के चारों तरफ़ हरियाली ही हरियाली[3] नज़र आ रही थी और थोड़ी ही दूर पर बहुत-सी गायें धूप में खड़ी थीं या इधर-उधर घूम रही थी। मुझे ऐसा लगा कि इस छोटी जगह को 'शहर' कहना ग़लत होगा परंतु जो बूढ़ा मुसाफ़िर मेरे सामने बैठा था उसने मुझे बताया कि यहाँ तो बहुत-से कारख़ाने हैं

1 से पहले = के पहले *before.*
2 आना जाना: *to come and go, move about.*
3 हरियाली ही हरियाली: *nothing but greenery.*

जिनमें तरह तरह की चीज़ें बनती हैं। उसने मुझसे यह भी कहा कि कुछ साल पहले तो मैं भी यहाँ काम करता था। जब मैंने उससे पूछा कि आप ऐसी शान्त जगह को छोड़कर क्यों चले गए तो उसने यह जवाब दिया कि मेरी नौकरी समाप्त हो गई थी, इसलिए मुझे अपना घर बेचना पड़ा।

वाराणसी पहुँचने में कितने घंटे लगे, कह नहीं सकता क्योंकि बीच में मुझे नींद आ गई। मैं कम से कम चार घंटे तक सोया हूँगा। जब तक हम वहाँ पहुँचे, तब तक सड़क की बत्तियाँ जल चुकी थीं। गाड़ी से उतरकर मैंने एक कुली कर लिया। वह मेरा सामान उठाकर भीड़ में दौड़ने लगा और आँखों से ओझल हो गया। परेशान होकर मैं भी उसके पीछे दौड़ा। जब मैं भीड़ से निकलकर सड़क पर पहुँचा तब मैंने कुली को वहाँ सड़क के किनारे खड़ा पाया। वह किसी साथी से बातें कर रहा था।

दूसरे क्षण एक टैक्सीवाले ने मेरे पास आकर कहा कि कहाँ जाना है साहब ? मैंने उसे बताया कि मुझे फ़लाने होटल जाना है, कितना लोगे ? उसने कहा कि हम मीटर के हिसाब से चलेंगे, आइए टैक्सी में बैठिए। जब तक मैं होटल पहुँचा तब तक मुझे थोड़ी भूख लगी थी। होटल में जाकर संयोग से मुझे एक दोस्त दिखाई दिया,[1] जिसने मुझे अपने साथ खाना खाने को बुलाया। जैसे ही[2] हम खाना खा चुके मैं ने उससे यह पूछा कि वाराणसी में मुझे कौनसी जगहें देखनी चाहिएँ। उसने यह जवाब दिया कि यहाँ की सारी मशहूर जगहों को देखने में तो कई हफ़्ते लगेंगे, पर आप को गंगा जी के घाट और तीन चार प्रमुख मंदिर तो अवश्य देखने चाहिए।

EXERCISE 13.2 Translate into Hindi:

Yesterday I went to the shop in which chairs and tables are made. I asked the proprietor when my chairs would be ready. He told me that the man who makes the chairs was ill, but as soon as he got well I would get the chairs. I said that in my opinion he should have given me the chairs last month. If he knew in the beginning how long it would take to complete the job, he should have told me. He didn't want me to go to some other shop, so he said nothing. But he knows that I won't give him the money until I have the chairs, so we both hope that the chair-maker will get better quickly! Until then, we shall have to sit on the floor. I actually like sitting on the floor, but when my parents come to visit us then it is difficult for them.

Vocabulary

अभिलाषा	*desire* (f.)
आँखों से ओझल होना	*to disappear from view*
आग	*fire* (f.)
आराम करना	*to rest*

[1] दिखाई देना *to appear, to be visible* does not take नेः see para. **74.**
[2] Note that the correlative वैसे ही is omitted from this sentence; the correlative clause begins मैं ने उससे...

इच्छा	*desire, wish* (f.)
इज़ाफ़ा	*increase, rise* (m.)
उलटे	*conversely*
ओझल	*out of sight*
किनारा	*bank, edge, border* (m.)
कुली करना	*to hire a porter*
के किनारे	*on/at the side of*
के चारों तरफ़	*all around*
क्षण	*moment* (m.)
खेल	*game* (m.)
गंगा	*the river Ganges* (f.)
गाय	*cow* (f.)
गिराना	*to drop* (tr.), *let fall*
गुज़रना	*to pass* (of time), (intr.); *to pass away*
घंटी	*bell* (f.)
घाट	*bathing place on a river,* etc. (m.)
घुसना	*to enter*
चिट्ठी	*letter, note* (f.)
चोट	*injury, hurt* (f.)
जंगल	*jungle, wilderness* (m.)
जब	*when*
जब तक	*as long as, until the time that*
जब भी	*whenever*
जब से	*since the time when*
जलना	*to burn* (intr.)
जैसे ही... वैसे ही	*as soon as*
ज्योंही... त्योंही	*as soon as*
झमेला	*mess, turmoil, botheration* (m.)
ठंड	*cold* (f.)
डर	*fear* (m.)
डाकख़ाना	*post office* (m.)
डाक्टर	*doctor* (m.)
तब	*then*
तरक़्क़ी	*progress, advancement* (f.)
तरक़्क़ी करना	*to progress, advance*
ताला	*lock* (m.)
तेज़	*sharp, acute, strong, quick*
दिखाई देना/पड़ना	*appear, be visible, come into sight*
दिन भर	*all day long*
दिल	*heart* (m.)
दिल लगना	*to feel content, feel at home*
की देखभाल करना	*to look after*

दोबारा	*again, a second time*
धूप	*sunshine* (f.)
न जाने	*God knows, who knows*
नज़र	*glance, sight* (f.)
नज़र आना	*to come into sight, be seen, appear*
निकट	*near*
निश्चय करना	*to decide, resolve*
नींद	*sleep* (f.)
नींद आना	*to feel sleepy, fall asleep*
नोटिस	*notice* (m.)
पद	*position, office* (m.)
पहनना	*to wear, put on*
प्यास	*thirst* (f.)
प्रमुख	*principal, chief, main*
प्रसन्न	*pleased, happy*
फ़लाना	*so-and-so, such-and-such*
फेरीवाला	*hawker* (m.)
बत्ती	*light, lamp* (f.)
बनना	*to become, be made*
बाघ	*tiger* (m.)
बीच में	*meanwhile, in the meantime*
बीवी	*wife* (f.)
बेचना	*to sell*
बेचारा	*poor, wretched, helpless; wretch, poor fellow* (m.)
बेशक	*of course, undoubtedly*
भर	*full, whole, complete* (suffix)
भागना	*to run, flee, escape*
भूख	*hunger* (f.)
मँगवाना	*to order, ask for, buy*
मज़ाक़	*joke* (m.)
मज़ाक़िया	*witty, funny, humorous*
मन	*mind, heart* (m.)
मन लगना	*to feel at home*
मशहूर	*famous*
महसूस करना	*to feel, experience*
मालिक	*boss, proprietor, master* (m.)
मिलना	*to be available*
मिलना-जुलना	*to meet, mix; to resemble* (with से)
मीटर	*meter* (m.)
मुक्ति	*liberation, salvation, deliverance* (f.)
मुफ़्त में	*free of charge*
मौक़ा	*opportunity, chance, occasion* (m.)

यहाँ तक कि	*to the point/extent that*
रास्ते में	*on the way, en route*
लगना	*to be applied; to seem* (para. 58)
वापस आना	*to come back, return*
शान्ति	*peace, tranquillity* (f.)
संभालना	*to take hold of, collect*
संयोग से	*by chance*
सजाना	*to decorate, arrange*
सनीचर	*Saturday* (m.)
सब मिलकर	*all together*
समाप्त होना	*to be ended, terminated*
सही	*correct, true, accurate*
सीटी	*whistle* (f.)
स्थिति	*situation* (f.)
स्नान करना	*to bathe* (esp. ritually)
स्वर्ग	*heaven* (m.)
हरियाली	*greenery, verdure* (f.)
हिसाब	*rate, account, calculation* (m.)

Unit Fourteen

Dialogue 14A *Learning languages*

श्याम पंडित जी, दिल्ली में कितनी भाषाएँ बोली जाती हैं?

पंडित जी वैसे दिल्ली की प्रमुख भाषा तो हिन्दी ही है, परंतु हिन्दी के अलावा उर्दू, पंजाबी और अँग्रेज़ी इत्यादि भी बोली जाती हैं।

श्याम मुझे बताया गया है कि आपको कई भाषाएँ अच्छी तरह आती हैं। आपको अँग्रज़ी भी आती होगी।

पंडित जी हाँ, आती तो है, पर जब मैं छोटा था तो पिताजी हमें अँग्रेज़ी पढ़ने नहीं देते थे। उन दिनों तो हमें अपनी मातृभाषा ही आती थी। जब मैं कालेज में दाखिल हुआ तो मैं थोड़ी अँग्रेज़ी सीखने लगा। कालेज़ में तो बहुत-से विषय पढ़ाए जाते थे।

श्याम आप को घर पर अँग्रज़ी क्यों नहीं बोलने दी जाती थी?

पंडित जी क्योंकि पिताजी को विदेशी भाषाओं से नफ़रत थी। कहते थे कि उन गोरों ने हमारे देश को बुरी तरह कुचला है, और जब तक हमें आज़ादी न दी जाए, तब तक हमें उनकी भाषा नहीं सीखनी चाहिए। पर तुम बताओ, तुमने अपनी शिक्षा कहाँ से पाई?

श्याम मैं लन्दन में पैदा हुआ था, और पहले तो वहीं स्कूल जाता था। पर जब मैं सोलह साल का हो गया तो मुझे अमेरिका भेजा गया था। वहाँ जाकर संस्कृत पढ़ने का इरादा था, पर वह तो इतनी कठिन भाषा है कि मुझसे सीखी नहीं गई। वहाँ हिन्दी बोलने का मौका मिला ही नहीं, इसलिए मैं अपनी मातृभाषा को भी भूलने लगा।

पंडित जी यहाँ रहकर तो तुम्हें हिन्दी ही बोलनी पड़ेगी और संस्कृत भी पढ़ जाओगे। जब तक तुम भगवद्गीता को न पढ़ने लगोगे, तब तक हम तुमको लन्दन वापस जाने नहीं देंगे!

Shyam Pandit jī, how many languages are spoken in Delhi?

Pandit jī Well, the principal language of Delhi is Hindi itself, but as well as Hindi, Urdu, Panjabi and English, etc. are also spoken.

Shyam I have been told that you know several languages well. You must know English too?

Pandit jī Yes, I do, but when I was young, Father used not to allow us to study English. In those days we knew only our mother-tongue. When I was admitted to college I began to learn a little English. In college, many subjects were taught.

Shyam Why weren't you allowed to speak English at home?

Pandit jī Because father hated foreign languages. He used to say that those white people have badly crushed our country, and we shouldn't learn their language until we are given freedom. But you tell me, where did you get your education?

Shyam I was born in London, and at first I went to school there. But when I turned sixteen I was sent to America. I intended to learn Sanskrit on going there, but that is such a difficult language that I couldn't learn it. I just didn't get the chance to speak Hindi there, so I even began to forget my mother tongue.

Pandit jī Living here though, you'll have to speak only Hindi, and you'll learn Sanskrit too. We won't let you go back to London until you begin to read the *Bhagavad Gita!*

61 The passive

In English, 'I sent' is active, and 'I was sent' is passive. In Hindi, the passive comprises the perfective participle followed by the verb जाना. There are two constructions used with the passive, both equally common. In the first, the passive verb (both parts– participle *and* जाना) agrees with the subject:

भारत में हिन्दी बोली जाती है।	*In India Hindi is spoken.*
यह साड़ी गुजरात में बनाई गई।	*This sari was made in Gujarat.*
यह काम आज शाम तक किया जाएगा।	*This work will be done by this evening.*
सारी तैयारियाँ कल तक की जाएँ।	*All the preparations should be done by tomorrow.*
फ्रांस में मेंढक खाये जाते हैं।	*Frogs are eaten in France.*
कहा जाता है कि अकबर अनपढ़ था।	*It is said that Akbar was illiterate.*
सारा पैसा ख़र्च किया जा चुका है।	*All the money has been spent already.*
बिजली बन्द कर दी गई थी।	*The electricity was cut off.*

In the second type of passive construction, the English subject takes the postposition को, and the verb is invariably in the masculine singular:

इन पुस्तकों को हवाई डाक से भेजा गया।	*These books were sent by air mail.*
चोरों को पकड़ा जाएगा।	*The thieves will be caught.*
सीता को ससुराल भेजा गया था।	*Sita was sent to her in-laws' house.*

हमें इसके बारे में बताया गया।	*We were told about this.*
इन किताबों को जलाया जाएगा।	*These books will be burned.*
इन तस्वीरों को डाक से भेजा जा सकता है।	*These pictures can be sent by post.*

If it is necessary to indicate *by whom* the action was done, that person takes the postposition के द्वारा or द्वाराः

ताज महल शाहजहाँ के द्वारा बनाया गया था।	*The Taj Mahal was built by Shah Jahan.*
यह लेख मेरे द्वारा नहीं लिखा गया था।	*This article was not written by me.*
क्या सच्चे आदमी के द्वारा ऐसा झूठ बोला जाएगा?	*Would such a lie be spoken by an honest man?*

In the negative, the passive may express incapacity, inability or unwillingness to do something; this usage may even apply with intransitive verbs such as बैठना which one would not normally regard as having a passive: मुझसे नहीं बैठा गया *I couldn't sit down.* In this usage, the postposition से, and not (के) द्वारा, is invariably used. Notice that the perfective participle of जाना used in the passive is जाया and not the usual गया.

ऐसा खाना मुझसे नहीं खाया जाएगा।	*I can't eat such food.* (Lit. *Such food will not be eaten by me*).
मुझसे न रहा गया।	*I couldn't contain myself.*
उससे वहाँ नहीं जाया गया।	*He couldn't* (*bring himself to*) *go there.*
इतनी गरमी में किसी से नहीं सोया जाता।	*Nobody can sleep in such heat.*
उस आदमी का चेहरा मुझसे नहीं देखा जाता।	*I can't bear the sight of that man's face.*
मैंने ऐसी मार खाई थी कि मुझसे बैठा नहीं जाता।	*I'd taken such a beating that I couldn't sit down.*

It is often possible to use an active intransitive verb in place of a passive transitive: thus यहाँ अख़बार बिकते हैं *Newspapers are sold here* (using intransitive बिकना *to be sold* in an active construction) has the same sense as यहाँ अख़बार बेचे जाते हैं (using transitive बेचना in a passive construction). The passive tends, therefore, to be used less frequently in Hindi than in such languages as English which do not have such an extensive range of intransitive verbs. Further examples of active intransitive/passive transitive constructions are:

काम शुरू हुआ।	*Work began.* (intr. शुरू होना)
काम शुरू किया गया।	*Work was begun.* (tr. शुरू करना)
यहाँ साइकिलें बनती हैं।	*Bicycles are made here.* (intr. बनना)
यहाँ साइकिलें बनाई जाती हैं।	*Bicycles are made here.* (tr. बनाना)
कपड़े नदी में धुलते हैं।	*Clothes are washed in the river.* (intr. धुलना)
कपड़े नदी में धोए जाते हैं।	*Clothes are washed in the river.* (tr. धोना)

Finally, take care not to confuse the use of जाना in the passive construction (with a perfective participle) with the use of जाना as an auxiliary verb in a compound (with a verb stem):

वह खाना खाया गया।	*That food was eaten.* (subject वह खाना)
वह खाना खा गया।	*He ate up the food.* (subject वह)

62 The oblique infinitive with लगना *to begin to*

Following an oblique infinitive, लगना gives the sense 'to begin'; लगना is intransitive and does not take ने. वह गाने लगी *She began to sing.*

This construction with लगना is rarely used in the negative, and never in the imperative or in continuous tenses. With certain infinitives such as कहना the sense of 'beginning' may be quite weak, so that वह कहने लगा कि राम को दस रुपये चाहिए has the same sense as उसने कहा कि राम को दस रुपये चाहिए *He said that Ram needed ten rupees.*

पानी पड़ने लगा।	*It began to rain.*
दिन भर अकेले रहने से वह ऊबने लगा।	*Being alone all day he began to get bored.*
वह सोचने लगी कि अब तो कोई नहीं आएगा।	*She began to think that no one would come now.*
जब मेंह बहुत ज़ोर से पड़ने लगता है तो मुझे डर लगने लगता है।	*When it rains very heavily I begin to feel frightened.*
चीनी खाना खाने के दो ही घंटे बाद मुझे भूख लगने लगती है!	*Just two hours after eating Chinese food I begin to feel hungry!*

63 The oblique infinitive with देना *to allow to*

देना with the oblique infinitive means 'to allow to': मुझको वहाँ जाने दीजिए *Allow me to go there.* Since देना is transitive and requires the ने

construction, the perfective of देना must agree with an object (without को) of the infinitive; the infinitive itself remains unchanged in the oblique: उसने मुझको अपनी गाड़ी चलाने दी *He let me drive his car.* Examples:

बच्चों को बग़ीचे में खेलने दो।	*Allow the children to play in the garden.*
बिल्ली को दूध न पीने देना!	*Don't let the cat drink the milk!*
पहले तो गाड़ी आने दो, फिर स्टेशन जाना।	*First let the train come, then go to the station.*
बारिश होने दो!	*Let it rain (for all I care)!*
उसे अपने घर में काम करने दिया जाए।	*He should be allowed to work in his own house.*
पिता जी ने राम को मिठाइयाँ खाने दीं।	*Father let Ram eat the sweets.*

Notice also the expressions रहने दो *Let it be,* जाने दो *Let it pass; forget it.*

Dialogue 14B *Hindi as the national language*

श्याम पंडित जी, हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में क्यों अपनाया गया है?

पंडित जी इसका मुख्य कारण यह है कि जितने लोग हिन्दी बोलते हैं, उतने कोई दूसरी भाषा नहीं बोलते। और आजकल हिन्दी को पढ़ाने के लिए सैकड़ों किताबें लिखी जा रही हैं, ताकि दूसरी भाषाओं के बोलनेवाले इसे आसानी से सीख सकें।

श्याम मैंने सुना है कि दक्षिण भारत के लोग हिन्दी से नफ़रत करते हैं। क्या यह सच है?

पंडित जी हर कोई समझता है कि जितनी सुंदर मेरी अपनी भाषा है, उतनी सुंदर कोई दूसरी भाषा नहीं हो सकती। यह आश्चर्य की बात नहीं है कि दक्षिण के लोग अपनी ही भाषाएँ रखना चाहते हैं। पर हिन्दी से नफ़रत करने की इसमें कोई बात नहीं है।

श्याम भारत सरकार ऐसा क्यों चाहती है कि हिन्दी दक्षिण में भी पढ़ाई जाए?

पंडित जी क्योंकि भारत में एक ऐसी भाषा की आवश्यकता है जिसमें विभिन्न प्रदेशों के लोग आपस में बात कर सकें, ताकि देश में एकता हो। इसे 'संपर्क भाषा' कहा जाता है।

श्याम तो इस काम के लिए अँग्रेज़ी क्यों नहीं चुनी गई? बड़े शहरों में उतनी ही अँग्रेज़ी चलती है जितनी हिन्दी, ऐसा लगता है मुझे।

पंडित जी बड़े शहरों की बात दूसरी है। गाँवों में जाइए तो आप अँग्रेज़ी बोलनेवाले बहुत कम पाएँगे। और भारत तो गाँवों का ही देश है। उत्तर भारत के गाँवों में हिन्दी का कोई न कोई रूप बोला जाता है।

श्याम पर क्या यह सच नहीं कि उत्तर में भी करोड़ों ऐसे लोग हैं जिन्हें हिन्दी नहीं आती ?

पंडित जी पश्चिम भारत के लोग गुजराती या मराठी बोलते हैं, जब कि पूर्व की ओर बंगला और उड़िया बोली जाती हैं। पर इन भाषाओं के बोलनेवाले भी थोड़ी-बहुत हिन्दी समझ लेते हैं।

Shyam Pandit jī, why has Hindi been adopted as the national language?

Pandit jī The main reason for this[1] is that more people speak Hindi than speak any other language. And these days hundreds of books for teaching Hindi are being written, so that the speakers of other languages may learn it easily.

Shyam I have heard that the people of South India detest Hindi. Is this true?

Pandit jī Everybody thinks that no other language can be as beautiful as his own[2]. It is not surprising that the people of the South want to keep their own languages. But it is not a matter of hating Hindi.

Shyam Why does the Indian Government want Hindi to be taught in the South as well?

Pandit jī Because there is a need in India for such a language in which the people of the various states can speak with one another, so that there may be unity in the country. This is called a 'link language'.

Shyam So why wasn't English chosen for this task? In the big cities as much English is used[3] as Hindi, so it seems to me.

Pandit jī The big cities are another matter. Go into the villages and you'll find the speakers of English are very few. And India is after all a country of villages. In the villages of Northern India, some or other form of Hindi is spoken.

Shyam But is it not true that even in the North there are tens of millions of people who don't know Hindi?

Pandit jī The people of Western India speak Gujarati or Marathi, while towards the East Bengali and Oriya are spoken. But even the speakers of these languages understand a certain amount of Hindi.

[1] इसका मुख्य कारण यह है: lit. *the main reason of this is...*

[2] मेरी अपनी: use of the possessive adjective अपना together with the personal pronoun gives emphasis: 'my own, my very own'. Compare यह मेरा अपना कैमरा है *This is my very own camera*; हमारा अपना मकान नहीं है *We don't have a house of our own.*

[3] This use of चलना gives the sense 'to be current'.

64 Relative-correlative constructions for quantity

The relative adjective for quantity is जितना *as much as, as many as;* this correlates with उतना *that much, that many*:

आपको जितना पैसा चाहिए उतना लीजिए। *Take as much money as you need.*

जितना may be followed by भी, giving the sense 'however much/many'; उतना may be followed by emphatic ही, giving the sense 'just that much/many':

आपको जितना भी पैसा चाहिए उतना लीजिए।	*Take however much money you need.*
आपको जितना पैसा चाहिए उतना ही लीजिए।	*Take just the amount of money you need.*

As in other relative-correlative constructions, the order of the two clauses may be reversed:

उतना पैसा लीजिए जितना आपको चाहिए।	*Take as much money as you need.*
जितने लोग अँग्रेज़ी बोलते हैं उतने उर्दू नहीं बोलते।	*Not as many people speak Urdu as speak English.*
जितना खाना तैयार हो उतना लाओ।	*Bring as much food as happens to be ready.*
जितना अच्छा यह कपड़ा है उतना अच्छा वह नहीं था।	*That cloth wasn't as good as this.*
उनकी जितनी ज़मीन है उतनी ही हमारी भी है।	*We have just as much land as they.*
इस कुएँ में उतना पानी नहीं है जितना होना चाहिए।	*There isn't as much water in this well as there should be.*
तुम उतनी अच्छी हिन्दी बोलते हो जितनी वह।	*You speak as good Hindi as he.*

Notice in the last example that in Hindi, as in English, the full clause जितनी वह बोलता है *as he speaks* is not required.

The sense 'so much . . . that' is expressed by इतना (*this much, this many*) . . . कि:

मेरे पास इतना सामान था कि मुझे कुली को बुलाना पड़ा।	*I had so much luggage that I had to call a porter.*
तरकारी में इतना मसाला है कि यह मुझसे नहीं खाई जाएगी।	*There is so much spice in the vegetable curry that I can't eat it.*
वह इतनी नाराज़ हो गई कि उससे कुछ बोला नहीं गया।	*She became so angry that she couldn't say anything.*

65 Purpose clauses

The use of the infinitive to express purpose has already been introduced (para. 41), as in मैं राम से मिलने आया हूँ *I have come to meet Ram.* More complex sentences expressing purpose require the use of clauses introduced by ताकि *so that, in order that* or जिससे कि *by which, whereby* and having the verb in the subjunctive.

मैंने दरवाज़ा बन्द कर लिया ताकि धुआँ कमरे में न आए।	*I closed the door so that the smoke wouldn't come into the room.*
मच्छरदानी लगाइए जिससे कि आप मच्छरों से बच सकें।	*Put up a mosquito net in order to escape the mosquitoes.*
हमने हिन्दी में बातें कीं, जिससे कि दूसरे लोग हमारी बातें न समझ सकें।	*We conversed in Hindi so that the others couldn't understand what we said.*
आपको साइकिल ख़रीदनी चाहिए ताकि आपको बस से न आना पड़े।	*You should buy a bicycle so that you don't have to come by bus.*
दुकानदार ने ताला लगाया जिससे कि चोरी न हो।	*The shopkeeper put on a lock to prevent theft.*
उसने दवा खाई जिससे कि बुख़ार उतरे।	*He took medicine to make the fever come down.*

66 Aggregatives

Aggregatives, such as दोनों *both, the two*, express a total or aggregate number of component parts forming a group. दोनों itself is irregular in construction, but other aggregatives are formed simply by adding -ओं to the number:

तीनों	*all three*
दसों	*all ten*

Note also the following usages:

दर्जनों	*dozens of*	(दर्जन (m.) *a dozen*)
सैकड़ों	*hundreds of*	(सैकड़ा (m.) *a hundred*)
हज़ारों	*thousands of*	(हज़ार (m.) *a thousand*)
करोड़ों	*crores of*	(करोड़ (m.) *a crore, ten million*)

तीनों पड़ोसी झगड़ा करते हैं।	*All three neighbours quarrel.*
हमें सातों दिन काम करना पड़ता है।	*We have to work all seven days.*

हमने दर्जनों बंदर पेड़ों में देखे थे।	*We saw dozens of monkeys in the trees.*
उसके करोड़ों रुपए खो गए।	*He lost crores of rupees.*

EXERCISE 14.1 Translate into English:

सड़क की दुर्घटना

एक दिन ऐसा हुआ कि मैं घर से डाकख़ाने की तरफ़ जा रहा था। मुझे कोई ख़ास काम तो नहीं था, ज़रा धूप खाने के विचार से घूमने गया था। नाश्ता करने के बाद इस तरह से थोड़ी देर घूमना बड़ा अच्छा लगता है। दिन काफ़ी सुंदर था, और ठंडी हवा से मालूम हुआ कि सरदी का मौसम आनेवाला है। सड़क के किनारे कुछ बच्चे खेल रहे थे। लगता है कि आजकल जितने बच्चे स्कूल जाते हैं, उतने ही दिन भर सड़कों के किनारे खेलते हैं या बाज़ारों में घूमते हैं! हाँ, मैं भी बचपन में ऐसा करता था और जब मौसम सुहावना होता था तो मुझसे भी अँधेरे कमरे में न बैठा जाता था। मगर उन दिनों तो हम बच्चे लोग खेतों में या बाग़ में खेलते थे, माँ-बाप हमें सड़क के पास कभी खेलने नहीं देते थे। आजकल के बच्चों को तो सड़कों पर भी खेलने छोड़ दिया जाता है, और हर साल हज़ारों बच्चों को चोट लग जाती है। ख़ैर, इस बात को छोड़िए, नहीं तो मुझसे अपनी कहानी पूरी नहीं की जाएगी।

ज्योंही मैं उन बच्चों के पास पहुँचा जो सड़क के किनारे खेल रहे थे त्योंही एक बड़ी काली गाड़ी डाकख़ाने के पास नज़र आई। वह गाड़ी तेज़ रफ़्तार से हमारी तरफ़ आ रही थी। उसे देखकर मैंने उसी क्षण बच्चों को चिल्लाकर कहा कि बचो, गाड़ी आ रही है! पर जितने ज़ोर से मैं चिल्लाया था, उससे भी ज़्यादा ज़ोर से बच्चे लोग शोर मचा रहे थे, सो मेरी चिल्लाहट उनसे सुनी नहीं गई। उनमें से किसी ने एक गेंद हवा में फेंक दी। सारे बच्चे उसे पकड़ने दौड़े, पर किसी तरह से वह उनके हाथों से छूटकर सड़क पर आ गई। गाड़ी तो अब तक बिलकुल पास आ गई थी, पर बच्चों को उसका कुछ भी पता नहीं था। तीन बच्चे लपककर सड़क की ओर बढ़े। उन्हें देखकर गाड़ीवाले ने गाड़ी को दूसरी ओर घुमाया जिससे कि बच्चों को टक्कर न लगे। पर तब तक क्या हुआ कि सामनेवाली गली में से एक साइकिल निकली और गाड़ी से टकरा गई। ड्राइवर ने ज़ोर से ब्रेक लगाया और गाड़ी रुक गई। हम सब दौड़कर पास पहुँचे। साइकिल तो बुरी तरह से कुचल गई थी, मगर न जाने कैसे सवारी बच गई।[1] उसका बाल बाँका न हुआ था! ड्राइवर की लापरवाही को देखकर मुझसे न रहा गया, और मैं उसे गालियाँ देने लगा। पुलिस को बुलाया गया। अब तक तो दर्जनों लोग इस तमाशे को देख रहे थे। पुलिस आकर ड्राइवर को थाने ले गई, और मैं घर की तरफ़ चल दिया। कुछ दिन बाद मैंने अख़बार में पढ़ा कि उसे जेल की सज़ा हो गई थी। मेरे ख़्याल से यह उचित ही था क्योंकि उस बदमाश को इतनी तेज़ रफ़्तार से गाड़ी नहीं चलानी चाहिए थी!

EXERCISE 14.2 Translate into Hindi:

Last year I was sent to India by my father, in order that I might study Hindi, which is my father's mother tongue. My two brothers

[1] Note that the noun सवारी *rider, passenger* retains its feminine gender even when referring to a male.

were not allowed to go with me, because they had to go to school in London. In London I had not had much chance to speak Hindi, but arriving in India I began to speak it quite easily. In the town I lived in there were as many Bengali speakers as Hindi speakers. I was living in college with three friends; we all said to our teacher that we should be taught some Bengali too. But he said, 'First let me teach you Hindi; after that I'll teach you as much Bengali as you want to learn'. When I began to meet Bengali speakers, I found that Bengali was not as easy as Hindi. I have been told that this is not true, but Bengali seems quite hard to me at least.

Vocabulary

अँधेरा	*dark; darkness* (m.)
अनपढ़	*illiterate*
अपनाना	*to adopt, make one's own*
अमेरिका	*America* (m.)
आज़ादी	*freedom, independence* (f.)
आपस में	*with one another, mutually*
इत्यादि	*etc., and so on*
इरादा	*intention* (m.)
उतना	*that much*
ऊबना	*to be bored*
एकता	*unity* (f.)
करोड़	*ten million* (m.)
कारण	*reason, cause* (m.)
कुचलना	*to crush, trample; to be crushed, trampled on*
(के) द्वारा	*by, by means of*
के रूप में	*in the form of, as*
ख़र्च करना	*to spend*
गली	*lane, alleyway* (f.)
गाली	*abuse, invective, insult* (f.)
गाली देना	*to abuse, insult*
गुजरात	*Gujarat* (m.)
गुजराती	*the Gujarati language* (f.)
गेंद	*ball* (f.)
गोरा	*fair; white person, European* (m.)
घुमाना	*to turn* (tr.)
चिल्लाना	*to cry out, shout loudly*
चिल्लाहट	*cry, call* (f.)
चीनी	*Chinese*
These sentences may also refer to past contexts: 'Had I been in your place, I would never have refused', etc. If a *specifically* past sense is needed, the 'if' clause takes the perfective participle followed by होता; the second clause still takes the imperfective participle:

अगर साँप मकान की तरफ़ बढ़ा होता तो मैं उसे अवश्य गोली मारता।	*If the snake had moved towards the house, I would definitely have shot it.*
अगर तुम ठीक समय पर आई होतीं तो हम गाड़ी पकड़ते।	*If you had come on time we would have caught the train.*
अगर आप ने सब्ज़ी को ठीक से पकाया होता तो मेरे पेट में दर्द नहीं होता।	*If you had cooked the vegetables properly I wouldn't have stomach-ache.*
उसने मेरे भाई को भी नहीं बुलाया होता तो मैं बड़ी ख़ुशी से स्वीकार करता।	*If he hadn't asked my brother as well I would have accepted very happily.*

Finally, notice that both 'possible' and 'impossible' conditions can also be expressed with the continuous tense (taking the subjunctive and imperfective of होना respectively):

अगर ठंड लग रही हो तो खिड़की बन्द कर लो।	*Close the window if you're feeling cold.*
यदि गाड़ी तेज़ रफ़्तार से चल रही होती तो पेड़ से टकरा जाती।	*If the car had been travelling at speed it would have hit the tree.*

Dialogue 17B *Why Arun is late*

अरुण माफ़ करना पूरन जी, बड़ी देर से आया हूँ। कसूर मेरा नहीं है, मेरे भाई का है। वह मेरी कार की चाबियाँ खो बैठा था, इसलिए मुझे बस से आना पड़ा। बड़ा बेवकूफ़ है वह!

पूरन तुम उसे अपनी गाड़ी क्यों चलाने देते हो? अभी वह बहुत जवान है। कहीं आपके पिताजी को पता चल गया कि अमृत गाड़ी चला रहा है तो ग़ुस्से से उबल पड़ेंगे।

अरुण पर क्या करूँ? हालाँकि मैंने अमृत से हज़ार बार चलाने को मना कर दिया है, फिर भी वह मेरी एक नहीं मानता। आज मैंने उससे कह दिया कि कहीं तुमने किसी को सड़क पर मार डाला तो तुम्हें जेल की हवा खानी होगी।

पूरन अरे राम राम कहो! ऐसी बातें मत किया करो यार। अमृत कितना ही नटखट क्यों न हो, फिर भी तुम्हारा ही तो भाई है!

अरुण पर मेरे उसे चेतावनी देने से कोई असर नहीं पड़ता। स्थिति कितनी ही गंभीर क्यों न हो, जब भी मैं कुछ कहता हूँ तो अमृत हँस पड़ता है। मैं कुछ समझ नहीं पाता, क्या किया जाए।

पूरन ख़ैर, इन बातों को छोड़ो। बताओ न, तुम क्या खाओगे? तुम्हें भूख लगी होगी?

अरुण जी हाँ, काफ़ी भूख लगी है, हालाँकि सुबह मैंने ख़ूब नाश्ता किया था। तुम ही पसंद करो, तुम क्या लोगे?

पूरन बैरे से पूछ लें, आज इन लोगों ने ताज़ा क्या बनाया है। सुना है, यहाँ का शाकाहारी खाना बहुत बढ़िया होता है।

Arun I'm sorry[1] Puran jī, I've come very late. It's not my fault, it's my brother's. He had lost the keys of my car so I had to come by bus. A great fool, he is!

Puran Why do you let him drive your car? He's still very young. If ever your father found out that Amrit was driving the car, he'd boil with anger.

Arun But what should I do? Although I've prohibited Amrit from driving a thousand times, he doesn't listen to a thing I say[2]. Today I told him that if he happened to kill someone on the road he'd have a taste of jail life![3]

[1] Lit. *forgive me.*
[2] मेरी agrees with बात, which is omitted in this idiomatic expression.
[3] Lit. *would have to eat the air of the jail.*

Puran Oh, God forbid![4] Don't say such things, friend. However naughty Amrit may be, he is your brother after all.

Arun But my warning him has no effect. No matter how serious the situation may be, whenever I say something Amrit bursts out laughing. I can't understand at all what should be done.

Puran Well anyway, leave all that. Say won't you, what will you eat? You must be hungry?

Arun Yes, I am quite hungry, although in the morning I had a lot of breakfast. You choose, what will you have?

Puran Let's ask the waiter what they've made fresh today. I've heard the vegetarian food is very good here.

83 Concessive sentences

In the informal language, the most common expression for 'although...even so' is हालाँकि...फिर भी/तो भी/लेकिन. More formal contexts use यद्यपि for 'although', correlating with तथापि or with फिर भी, etc. for 'even so', etc. अगरचे...फिर भी is also found.

हालाँकि मैंने ख़ूब तलाश की, तो भी तुम्हारा बक्सा नहीं मिला।	*Although I searched very thoroughly (even so) I didn't find your box.*
यद्यपि वह खाना खा चुका है फिर भी उसे भूख लग रही है।	*Although he has already eaten (nevertheless) he is still hungry.*

यद्यपि/हालाँकि may be omitted, providing that फिर भी/तो भी is retained:

वह नहीं आएगी, फिर भी मैं उसे बुलाऊँगा।	*She won't come, even so I'll invite her.*

If the phrase order is reversed, फिर भी/तो भी is omitted and हालाँकि retained:

मैं उसे बुलाऊँगा, हालाँकि वह नहीं आएगी।	*I'll invite her, although she won't come.*
हालाँकि वह ग़रीब है, फिर भी वह किसी से कुछ नहीं माँगता।	*Although he is poor, he never asks anyone for anything.*

[4] The expression राम राम, a repetition of the name of God, is used (*a*) as a greeting, and (*b*) as an expression of surprise. The sense of राम राम कहो is 'Say "Ram Ram"', i.e. 'repeat the name of God [to avert disaster].' It is commonly considered very inauspicious to speak of potential calamities such as deaths, etc.

यद्यपि तुम्हारी तबियत ख़राब है, फिर भी तुम्हें कुछ तो खाना चाहिए।	*Although you're unwell, you ought to eat something.*
अगरचे माल की क़ीमत बढ़ गई है तो भी हमें उसे ख़रीदना पड़ेगा।	*Even though the price of the goods has gone up, we'll have to buy them.*
मज़दूरों ने हड़ताल भी कर दी, तो भी मालिक पर कोई असर नहीं पड़ा।	*The workers even went on strike, but still it had no effect on the boss.*

Also used in concessive sentences is चाहे *no matter whether*, and चाहे जो *no matter what:*

चाहे जो भी हो, तुम्हें किराया चुकाना पड़ेगा।	*No matter what might happen, you will have to pay off the rent.*

चाहे is also used in a construction involving the set phrase क्यों न हो. This construction can also be used *without* चाहे.

चाहे वह कितना ही बड़ा आदमी क्यों न हो, फिर भी मैं उससे नहीं मिलूँगा।	*However important a man he may be, I shall not meet him.*
कैसा ही बदमाश क्यों न हो, फिर भी सारी दुनिया उसका आदर करती है।	*No matter what kind of rogue he may be, the whole world respects him.*
कितनी ही मुश्किल क्यों न हो, फिर भी समस्या का हल हो सकता है।	*No matter how difficult it may be, the problem can be solved.*

84 Further compound verbs

Para. 52 introduced the auxiliary verbs जाना, लेना and देना, which combine with verb stems to form single 'compound' verbs: आ जाना etc. This section introduces further auxiliary verbs which are used in the same way.

डालना indicates that an action is done violently, recklessly, vigorously or decisively:

जवान ने दरवाज़े को तोड़ डाला।	*The soldier broke down the door.*
एक ही दिन में उसने सात किताबें पढ़ डालीं।	*In a single day he consumed seven books.*
दवा पीने से ही तबयित ठीक होगी। पी डालो।	*Only if you drink the medicine will you get better. Drink it down.*
दंगे के दिन उसने तीन आदमियों को मार डाला।	*On the day of the riot he killed three men.*

बैठना suggests regret about an action, or suggests that an action was done foolishly, stubbornly, or against better advice:

ओहो! प्रदीप कैसी शरारत कर बैठा है?	*Oho, what kind of mischief has Pradip got up to?*
हालाँकि मैंने उसे चेतावनी दी थी, तो भी वह अपना सारा पैसा गँवा बैठा है।	*Although I warned him, he has gone and wasted all his money.*
जो भी मन में आएगा, वही कह बैठेगा।	*He will just say whatever comes to mind.*
उस दिन मैं सचमुच ग़लती कर बैठा।	*That day I really blundered.*

पड़ना add a sense of suddenness and / or change of state. Its literal sense 'to fall' is sometimes apparent, suggesting downward movement:

साँप को देखकर श्री कृष्ण नदी में कूद पड़े।	*Seeing the snake, Lord Krishna jumped into the river.*
ज्योंही गाड़ी रुकी त्योंही हम उतर पड़े।	*We got down as soon as the train stopped.*
अचानक ऐसा हुआ कि तीन अजनबी डिब्बे में घुस पड़े।	*Suddenly it happened that three strangers burst into the compartment.*
वह रो पड़ा मगर उसकी बहिन हँस पड़ी।	*He burst out crying, but his sister burst out laughing.*

उठना gives a sense similar to that of पड़ना, but its literal meaning 'to rise' is sometimes apparent in contexts suggesting upward motion or the inception of an action:

हड़ताल की ख़बर सुनकर पिता जी बिगड़ उठे।	*Hearing the news of the strike, Father lost his temper.*
जब रेडियो बजने लगा तो बूढ़े नाच उठे।	*When the radio began playing, the old men broke into a dance.*
एकाएक लकड़ियों का ढेर जल उठा।	*Suddenly the pile of sticks burst into flames.*
उसका हाल देखकर माँ घबरा उठीं।	*Seeing his condition, Mother got into a flap.*

पाना gives the sense of 'to manage, to be able to'; it is often almost identical in sense to सकना. It most frequently occurs in negative sentences, giving the sense 'not to manage to [despite

trying/wanting/hoping to].' Note that पाना does *not* take the ने construction when used as a compound verb.

तुम यह काम पूरा क्यों नहीं कर पाए?	*Why were you not able to complete this work?*
उसकी गाड़ी रुक नहीं पाई।	*His car couldn't stop.*
कल तो मैं जा नहीं पाया।	*I wasn't able to go yesterday.*
इतना खाना कौन खा पाएगा?	*Who could manage to eat so much food?*

(पाना is also used with the oblique infinitive: मैं जाने न पाया *I couldn't go.*)

EXERCISE 17.1 Translate the following passage into English:

[This passage uses the more formal style of Hindi, characteristic of the written language. The passage concerns the fifteenth to sixteenth century Hindi poet Surdas, who wrote devotional poetry in praise of Lord Krishna, and tells of his legendary meeting with the Mughal emperor Akbar, who lived from 1542 to 1605.]

महात्मा सूरदास

यद्यपि हिन्दी के बहुत-से कवियों ने श्री कृष्ण का वर्णन किया है, तथापि ऐसा कोई दूसरा कवि नहीं है जिसकी तुलना सूरदास से की जा सके। सूरदास की रुचि सबसे अधिक कृष्ण के बचपन में थी। इस विषय पर उन्होंने ऐसे मधुर पद रचे जो प्रायः पांच सौ साल से हिन्दुस्तान की जनता में लोकप्रिय रहे हैं। हालाँकि सूरदास की ब्रज भाषा और आज की खड़ी बोली हिन्दी में काफ़ी अन्तर है, फिर भी सूर की कविताएँ आज भी गाई जाती हैं। ब्रज भाषा में एक विशेष मिठास है, जिसे सूर ने बाल कृष्ण का वर्णन करके और भी मीठा बना दिया। साहित्य के संदर्भ में ही नहीं बल्कि धर्म और संगीत के संदर्भ में भी सूरदास की कविता का एक विशेष महत्त्व है।

हालाँकि सूर के जीवन के बारे में कई जनश्रुतियाँ प्रचलित हैं, पर इन में कितनी सच्चाई है यह कहना कठिन है। कहा जाता है कि उनका जन्म सन् १४७८ में दिल्ली के पास एक ग़रीब ब्राह्मण परिवार में हुआ। जनश्रुति के अनुसार सूरदास जन्म से ही अंधे थे। आजकल भी अंधे आदमी अक्सर 'सूरदास' कहलाते हैं। यदि सूर अंधे नहीं हुए होते, तो उनके माता पिता उनकी देखभाल ठीक प्रकार से अवश्य करते। पर ऐसा नहीं हुआ, और जब उनकी आयु केवल छह वर्ष की थी तो वे अपने माता-पिता तथा तीन बड़े भाइयों को छोड़कर यमुना नदी के किनारे पर रहने लगे। यह सुनकर कि सूरदास नामक एक ब्राह्मण बालक है जो अत्यन्त सुन्दर पद रचता है और जो अपने इन पदों को मीठे स्वर से गाता है, दूर दूर से लोग दर्शन करने के लिए आने लगे। कई लोगों ने उन्हें गुरु के रूप में अपनाया और उनकी पूजा करना शुरु कर दिया[1]।

[1] In some areas, notably Delhi, this clause would be rendered उनकी पूजा करनी शुरु कर दी.

सूरदास का यश सारे देश में फैल गया, यहाँ तक कि उनका नाम अकबर बादशाह के कानों तक पहुँचा। अकबर को संगीत का बड़ा शौक था, और धर्म के विषय में भी वे बड़े उदार थे। उन्होंने सोचा कि मैं भी एक बार इस अंधे गायक का गाना सुन लूँ। सूरदास को अकबर के दरबार में बुलाया गया। अकबर तो बादशाह थे ही — अगर उन्होंने किसी को अपने पास बुलाया तो जाने से कौन इनकार कर सकता था। जब सूर ने दरबार में प्रवेश किया तो अकबर ने कहा कि मेरा यश सभी लोग गाते हैं, तुम भी कुछ सुनाओ। तुमने मुझे प्रसन्न कर दिया तो मैं तुम्हें दो तीन गाँव और बहुत-सा धन दे दूँगा। यह सुनकर सूरदास बोल उठे कि आप कितने बड़े आदमी क्यों न हों, मैं तो भगवान का ही यश गाता हूँ। आपका यश तो मुझसे नहीं गाया जाएगा। पैसे से मेरा क्या मतलब ! फिर अकबर आग्रह कर बैठे तो सूर उबल पड़े और बादशाह से कहा कि जो[2] तुम मेरा कोई उपकार करना चाहते हो तो आज के बाद मुझे अपने पास कभी मत बुलाना, और मुझसे कभी मत मिलना !

EXERCISE 17.2 Translate into Hindi:

If I get the chance to go to India next year, I shall certainly go. I had so much work to do in the office this year that I didn't manage to go. If the fare weren't so expensive I would go every year, no matter how much work I might have! My parents complain that I don't go to see them. It is true that if I hadn't got married after coming to London I would have returned to India within six months; but although I haven't seen my family for several years I write letters to them every month, and I keep getting all their news too. When at first I told my father that I wanted to work in London he boiled up with rage, and when I sold off the Delhi house he burst out 'Oh, what have you **done**? My children are all fools!' Although he was pretty angry then, he is now happy that we have adopted this country for a few years.

[2] जो here means 'if'.

Unit Eighteen

Dialogue 18A *Some family photographs and an invitation*

लक्ष्मी वे फ़ोटो किसके हैं, जो उधर मेज़ पर पड़े हुए हैं? *(अलका की ओर देखते हुए)* तुम्हारे होंगे?

अलका *(फ़ोटोओं को उठाते हुए)* हाँ, मेरे हैं। यह फ़ोटो देखो, इसमें मेरे चाचा जी हैं। वे अपने आगरे-वाले मकान के आगे खड़े हैं। उनका एक दूसरा मकान दिल्ली में भी है, जो कई महीनों से ख़ाली पड़ा हुआ है।

लक्ष्मी और ये महिला तुम्हारी चाची जी होंगी, जो दुपट्टा ओढ़े सीढ़ियों पर बैठी हुई हैं?

अलका नहीं जी, मेरी चाची जी तो लगभग पाँच छह साल हुए चल बसी थीं। यह तो सरला है, वह मेरी चचेरी बहिन लगती है। चश्मा पहने हुए यह आदमी मेरा चचेरा भाई है। वह तो काफ़ी अच्छा खाता-पीता व्यक्ति है, कांग्रेस में ख़ूब जाना-पहचाना है, और अपने को बहुत समझता भी है! और मकान की तरफ़ देखती हुई यह लड़की तो सरला की कोई सहेली है।

लक्ष्मी मुझे तो आगरे गए क़रीब दस बारह साल हो गए हैं। तुम्हारे चाचा जी को वहाँ रहते हुए कितने साल हुए हैं?

अलका उन्हें उस मकान में रहते हुए कोई पैंतीस छत्तीस वर्ष हुए होंगे। अगर तुम्हें फ़ुरसत मिले तो कलकत्ते से लौटते समय आगरे में एकाध दिन ठहरना। मैं भी रहूंगी उस समय। बिना ताज महल देखे तुम्हें घर वापस नहीं जाना चाहिए!

लक्ष्मी कितना अच्छा विचार है! दिल्ली में पड़े-पड़े हम लोग ऊब जाते हैं। *(क़लम निकालते हुए)* तुम अभी मुझे अपने चाचाजी का नंबर दे दो, मैं लिख लूँ।

अलका नंबर तो इस समय मुझे याद नहीं। शाम को घर पहुँचते ही मैं तुम्हें फ़ोन करके नंबर बता दूँगी। चाचाजी के किसी पत्र पर लिखा होगा।

Lakshmi Whose are those photographs which are lying on the table over there? *(Looking at Alka)* They must be your?

Alka *(Picking up the photographs)* Yes, they're mine. Look at this one, in this there is my uncle. He is standing in front of his

Agra[1] house. He also has another house in Delhi, which has been lying empty for several months.

Lakshmi And this lady will be your aunt, who is sitting on the steps wearing a scarf?

Alka No,[2] my aunt passed on about five or six years ago. This is Sarala, she is my cousin.[3] This man wearing glasses is my [male] cousin. He's a pretty well-to-do person, well known in Congress, and he thinks highly of himself too! And this girl looking towards the house is some friend of Sarala's.

Lakshmi It's ten or twelve years since I went to Agra. How long has your uncle been living there?

Alka He must have been living in that house for thirty-five or thirty-six years. If you're free, stay in Agra for a few days while returning from Calcutta. I'll be there too at that time. You shouldn't go home without seeing the Taj Mahal!

Lakshmi What a good idea! We get bored, stuck in Delhi all the time. *(Taking out a pen)* You give me your uncle's number now, let me write it down.

Alka I don't remember the number just now. As soon as I get home in the evening I'll ring you and tell you the number. It must be written on some letter of Uncle's.

85 Participial constructions

(*a*) A participle is a verbal adjective, and Hindi has two: the imperfective participle–करता *doing*, खाता *eating*, जाता *going*, टूटता *breaking;* and the perfective participle–किया *done*, खाया *eaten*, गया *gone*, टूटा *broken*. Participles are more often than not strengthened by the perfective forms हुआ, हुई, हुए. When used adjectivally, participles agree with the nouns they qualify: हँसता हुआ आदमी *a laughing man*, फटी हुई किताब *a torn book*.

उसने जला हुआ मकान देखा।	*He saw a burnt-down house.*
उसने जलता हुआ मकान देखा।	*He saw a burning house.*

[1] Well-known place-names ending in -आ, such as आगरा, कलकत्ता, etc. usually inflect as regular masculine -आ nouns; but less well-known place-names usually do *not* inflect; and आगरा में (etc.) is also possible.

[2] नहीं जी: a variant for जी नहीं, particularly common among Panjabi speakers.

[3] वह मेरी चचेरी बहिन लगती है: note this use of the verb लगना – 'She is related to me as cousin', i.e. 'She is my cousin.'

बीते दिनों की यादें बहुत मीठी होती हैं।	*Memories of days past are very sweet.*
फ़र्श पर कुछ कपड़े पड़े हुए थे।	*There were some clothes lying on the floor.*
उधर बैठा हुआ आदमी कौन है?	*Who is the man sitting over there?*
हमने मरी हुई चिड़िया देखी।	*We saw a dead bird.*
उसने अपने कमाए हुए पैसे उड़ा दिए।	*He wasted the money he had earned.*
उन्होंने भागते हुए चोर को पकड़ा।	*They caught the fleeing thief.*
एक मुस्कराते हुए सज्जन कमरे में आए।	*A smiling gentleman came into the room.*
माँ ने रोती हुई लड़की को गोद में उठा लिया।	*Mother lifted the crying girl onto her lap.*
यह साड़ी रेशम की बनी हुई है।	*This sari is made of silk.*

(*b*) Participles are also used adverbially, in which case the invariable -ए form occurs: हमने लड़कियों को गीत गाते हुए सुना *We heard the girls singing songs*; वह मुस्कराते हुए चल रहा था *He was walking along smiling*.

In some contexts there is little or no difference between the adjectival and the adverbial usage: वह रेशमी साड़ी पहनी हुई थी *or* वह रेशमी साड़ी पहने हुए थी *She was wearing a silk sari.* Examples:

वह सड़क पर काम करते हुए नज़र आया।	*He appeared working on the road.*
औरतें ध्यान लगाए कथा सुन रही थीं।	*The women were listening attentively to the recitation.*
वहाँ लोग भीड़ लगाए खड़े थे।	*People were standing there in a crowd.*
हमने भूत को चलते-फिरते देखा।	*We saw the ghost wandering about.*
माँ अपना सामान पकड़े हुए खड़ी थीं।	*Mother was standing holding her luggage.*
कुछ बच्चे फटे-पुराने कपड़े पहने हुए थे।	*Some children were wearing old torn clothes.*
वह सलवार क़मीज़ पहने हुए थी।	*She was wearing salwar qamiz.*[1]
मैंने तुम्हें उसकी तारीफ़ करते सुना है।	*I have heard you praising him.*
मैं उसे अपना दोस्त समझे हुए था।	*I had considered him my friend.*

[1] Loose trousers and shirt worn by Panjabi women.

(*c*) Repetition of the participle, be it adjectival or adverbial, emphasises the continuity or repetitiveness of an action. The form हुआ/हुई/हुए is not used when the participle is repeated.

समुद्र के किनारे खेलते खेलते बच्चे थक गए।	*The children got tired playing on the seashore.*
इंतज़ार करते करते मुझे नींद आने लगी।	*Waiting and waiting, I began to feel sleepy.*
उन छोटे अक्षरों को पढ़ते पढ़ते मेरी आँखें दुखने लगीं।	*Through constantly reading those small characters, my eyes began to ache.*
ऐश करते करते वह आलसी हो जाएगा।	*He'll get lazy, always living in luxury.*
पन्ने पलटते पलटते उसे और भी गलतियाँ मिलीं।	*As he turned over the pages, he found even more mistakes.*
पैसा जोड़ते जोड़ते वह लखपति बन गया।	*Gradually accumulating money, he became a millionaire.*

(*d*) The perfective participles of transitive verbs often have a passive meaning when they are used adjectivally: गांधीजी का नाम दीवार पर लिखा था *Gandhi jī's name was written on the wall.* When such participles are required to have an active meaning, they must take the adverbial -ए form: वह हाथ में चाकू लिए खड़ा था *He was standing with (having taken) a knife in his hand.*

(*e*) Both imperfective and perfective participles can be used as nouns: मेरा कहा *the thing I said*; आपके पहुँचते *on your arriving.*

Notice also the following usage, involving a pairing of transitive and intransitive forms of the same verb: हमारे बचाए पैसा नहीं बचता *Money's not saved no matter how we try to save it* (Lit. despite our saving).

उसका कहा तुम्हें बुरा लगा होगा।	*What he said must have offended you.*
रवि के लंदन में रहते हम कुछ नहीं कर सकते।	*As long as Ravi's in London, we can't do anything.*
चालक के रोके भी कार रुक नहीं पाई।	*Though the driver tried to stop it, the car couldn't stop.*

(*f*) Inclusion of emphatic ही after the imperfective participle gives

the sense 'immediately on doing'; the participle (*without* हुआ, etc.) is in the masculine oblique:

घर पहुँचते ही हम खाना खाएँगे।	*We'll eat as soon as we get home.*
दाम सुनते ही वह बिगड़ गया।	*As soon as he heard the price, he got angery.*
पानी के पड़ते ही हम अंदर चले जाएँ।	*Let's go inside as soon as it rains.*
आपके स्वीकार करते ही मैं दूसरों को बुलाऊँगा।	*As soon as you accept I'll invite the others.*

(*g*) The use of बिना before the invariable perfective participle in -ए gives the sense 'without doing':

बिना कुछ कहे वह बैठ गया।	*Without saying anything, he sat down.*
बिना चाय पिए वह काम में जुट गया।	*He set to work without drinking tea.*
बिना सोचे कुछ मत कर।	*Don't do anything without thinking.*
बिना कष्ट उठाए कुछ नहीं मिलेगा।	*You won't get anything without taking trouble.*

(*h*) A very common use of the imperfective participle is exemplified in the sentence लंदन में रहते हुए आपको कितने दिन हो गए हैं? *How long have you been living in London?* (lit. 'How many days have passed to you living in London?'). This use describes a state or action which is *still in force* at the time of speaking. Compare this with use of the *perfective* participle in the sentence: मुझे यहाँ आए हुए दस दिन हो गए हैं *It's ten days since I came here,* which relates the length of time which has elapsed *since* an event took place.

The participle हुए is also used adverbially as a synonym for पहले, as in दस दिन हुए *ten days ago.*

किताब को छपे हुए दो साल हो चुके थे।	*It was already two years since the book had been printed.*
उर्दू सीखते हुए हमें डेढ़ साल हो गया है।	*We've been learning Urdu for one and a half years.*
श्रुति को ससुराल गए कितने दिन हुए हैं?	*How long is it since Shruti went to her in-laws?*
अस्पताल में नौकरी करते हुए हमें दस साल हो गए हैं।	*We've been working in the hospital for ten years.*
सिगरेट पीना छोड़े हुए मुझे ढाई साल हो गए हैं।	*I gave up smoking two and a half years ago.*

(*i*) The imperfective participle is commonly used in expressing 'at the time when'; notice agreement with the feminine noun दफ़ा in the last example:

घर लौटते समय मैंने उसका पत्र पढ़ा।	*As I got home I read his letter.*
मरते वक़्त लोगों को अपना बचपन याद आता है।	*At the time of death people remember their childhood.*
आती दफ़ा अपना सामान यहाँ जमा करें।	*Would you deposit your things here as you arrive.*

Dialogue 18B *An introduction*

रमेश कपूर नमस्ते जी। मैं अपना परिचय कराऊँ? मैं रमेश कपूर हूँ। आपका शुभ नाम?

विमल शास्त्री मुझे विमल शास्त्री कहते हैं। मैं मंत्री जी के दफ़्तर में अधिकारी हूँ। बताइए, क्या आप भी मंत्री जी से मिलने आए हैं?

रमेश कपूर जी हाँ, मेरी बहिन को मंत्री जी की धर्मपत्नी से काम है। आपने सुना होगा कि उनके पिताजी का स्वर्गवास हो गया है।

विमल शास्त्री जी हाँ, समाचार सुनकर मुझे बहुत दुःख हुआ। वैसे बहुत दिनों से कुछ बीमार-से लग रहे थे बेचारे। वे मेरे स्वर्गीय चाचाजी के घनिष्ठ मित्र थे।

(कुछ समय बाद)

रमेश कपूर अच्छा जी आज्ञा दीजिएगा, मंत्री जी से मिलने का समय हो गया है। किसी दिन आप हमारे यहाँ अवश्य पधारिए। हमारी छोटी-सी झोंपड़ी है, फिर भी आपका हमेशा स्वागत है।

विमल शास्त्री आपका बहुत आभारी हूँ। आप भी कभी समय निकालकर हमारी कुटिया पवित्र करें! और हाँ, मंत्री जी के दर्शन करते समय हमारा भी प्रणाम कहिएगा।

Ramesh Kapoor Hello. May I introduce myself? I am Ramesh Kapoor. May I know your name?

Vimal Shastri I am called Vimal Shastri. I am an official in the minister's office. Tell me, have you come to see the minister too?

Ramesh Kapoor Yes, my sister has some business[1] with the minister's wife. You will have heard that her father has died.

Vimal Shastri Yes, I was very sorry to hear the news. Actually he had been looking rather unwell for a long time, poor fellow. He was a close friend of my late uncle's.

(*Some time later*)

[1] Not necessarily commercial business – just something to talk about, some reason for meeting.

Ramesh Kapoor Well, may I take my leave? It's time for me to meet the minister. Be sure to come to our place sometime. We have a humble little home[1] but you are always welcome.

Vimal Shastri I am very grateful to you. You too sometime find the time to honour our little house.[2] And yes–while meeting the minister please give him my[3] greetings too.

Dialogue 18C *Waiting to see the minister*

रहमान हुसैन आदाब अर्ज़, ख़ाँ साहब। तशरीफ़ लाइए। कैसा मिज़ाज है?

अब्दुल ख़ाँ दुआ है आपकी। आप सुनाइए, कैसे हैं?

रहमान हुसैन मेहरबानी है। ख़ाँ साहब, वर्मा जी से मिलिए। ये लखनऊ से हैं, इन्होंने अभी इसी सड़क पर एक अच्छा-सा मकान ख़रीद लिया है। वर्मा जी, ये ख़ाँ साहब हैं, मेरे बहुत पुराने दोस्त हैं।

रवि वर्मा बड़ी ख़ुशी हुई आपसे मिलकर। आइए, तशरीफ़ रखिए।

(थोड़ी देर बाद)

अब्दुल ख़ाँ अच्छा जनाब, अब मुझे इजाज़त दीजिए।

रहमान हुसैन ख़ाँ साहब, एक बात कहनी थी आपसे।

अब्दुल ख़ाँ फ़रमाइए जनाब!

रहमान हुसैन सलीम साहब जो हैं न, उन्हें मेहरबानी करके याद दिलाना कि मुझे उनसे मिलना है।

अब्दुल ख़ाँ बस, इतनी-सी बात है? ज़रूर कह देंगे उनसे। ख़ुदा हाफ़िज़।

रहमान हुसैन और रवि वर्मा *(एक साथ)* ख़ुदा हाफ़िज़ ख़ाँ साहब।

Rahman Husein Greetings, Khan Sahab. Please do come in. How are you?

Abdul Khan I am well, thank you. And you, how are you?

Rahman Husein Thank you, I'm fine. Khan Sahab, please meet Mr Varma. He is from Lucknow, he has just bought a pretty good house on this very road. Varma ji, this is Khan Sahab, he is a very old friend[4] of mine.

[1] Lit. *a smallish hut.* A conventional expression of humility.

[2] Lit. *take out the time to sanctify our cottage.*

[3] हमारा: first person plural here stands for first person singular, the 'royal we'.

[4] पुराना दोस्त can only mean 'a friend of long standing'; a friend of advanced years would be बूढ़ा दोस्त.

Ravi Varma Very pleased to meet you. Come, please have a seat.
(A little while later)
Abdul Khan Well sir,[1] may I take my leave now?
Rahman Husein Khan Sahab, there was one thing I wanted to say to you.
Abdul Khan Please go ahead, sir!
Rahman Husein You know Salim Sahab don't you,[2] kindly remind him that I have to meet him.
Abdul Is that all, such a small thing? Of course I will tell him.[3] Goodbye.
Rahman Husein and Ravi Varma *(together)* Goodbye Khan Sahab.

86 The particle -सा

-सा is a declinable particle which is suffixed to adjectives (and some other forms as described below), usually with a hyphen. (The forms बहुत-सा and थोड़ा-सा have already been introduced in para. 40.) The effect of -सा is to moderate or 'dilute' the sense of the adjective to which it is attached: अच्छा-सा कमरा *a rather good room;* बड़ी-सी खिड़की *a biggish window;* पुराने-से चित्र *fairly old pictures.*

-सा may suffix perfective participles used adjectivally: फटे-से कपड़े *ragged clothes.* It may also suffix imperfective participles, commonly in expressions for 'to appear to be': कागज़ जलता-सा जान पड़ता था *The paper seemed to be burning;* उसके हाथ काँपते-से नज़र आते थे *His hands appeared to be trembling.*

Following a noun, -सा gives the sense 'like'. It requires preceding nouns and pronouns to be in the oblique case: बच्चों-सा स्वभाव *a child-like nature;* सूरज का-सा प्रकाश *light like that of the sun.*

Notice also the adjectival expression एक-सा *alike, uniform, similar.*

1 As explained below, जनाब does not have the same sense of deference as 'sir'; but there is no closer rendering.

2 जो हैं *who / which exists:* the purpose of this common conversational idiom is to establish the subject under discussion before getting down to details. Further examples are: वह घड़ी जो है, तुम्हें उसको बेचना पड़ेगा *Now about that watch, you'll have to sell it;* सलीम जो है न, वह तो बड़ा तेज़ लड़का है *You know Salim, don't you–he's a very bright boy.* In the present example, the verb is plural to agree with the honorific subject (Salim Sahab).

3 कह देंगे: another example of the 'royal we'.

तमाम विद्यार्थी एक-से नहीं होते।	*All students are not alike.*
आपकी कविता में एक शहद-सी मिठास है।	*There is a honey-like sweetness in your poetry.*
उसका चाँद-सा चेहरा कितना सुंदर लग रहा था !	*How lovely his moon-like face was looking !*
दिल्ली के आस-पास कश्मीर की-सी आब-हवा नहीं मिलेगी।	*You won't find a climate like Kashmir's around Delhi.*
एक लंबा-सा आदमी मंत्री जी से बातें कर रहा था।	*A tallish man was talking to the minister.*

87 Conversational etiquette

Hindi has a wide range of conventional phrases for expressing greetings, introductions, leave-takings and the other niceties of social intercourse. The characteristic conversational use of vocative words such as भाई, यार, etc. and of imperative verbs such as कहिए, सुनाइए, etc. has been demonstrated in the dialogues. This section introduces a further range of such conversational devices. The lists below include a number of expressions which may strictly be defined as Urdu rather than Hindi; of these, those which are mainly confined to Muslim speakers are marked with an asterisk.

सलाम अलैकुम*	*greetings, goodbye* (Lit. *peace be with you*)
सलाम	*greetings, goodbye* (Lit. *peace:* usually said by a तुम person to an आप person)
आदाब अर्ज़*	*greetings, salutation*
प्रणाम	*greetings, salutation*
सत श्री अकाल	*greetings, goodbye* (the Sikh greeting and leave-taking: lit. *Truth is the immortal Lord*)
तशरीफ़ लाइए।	*Please come, come in.* (Lit. *bring your noble presence*)
तशरीफ़ रखिए।	*Please have a seat, be seated*
तशरीफ़ ले जाइए।	*Please leave; please go* (*there*)
पधारिए।	*Please come, come in.*
विराजिए।	*Please have a seat, be seated.*

आपका शुभ नाम?	*May I know your name?* (शुभ *auspicious*)
आपका इस्म-ए शरीफ़?*	*May I know your name?* (इस्म-ए शरीफ़ *noble name*)
जनाब	*sir* (used respectfully between equals)
हुज़ूर	*sir* (used by a तुम person to an आप person)
फ़रमाइए।	*Please (be so good as to) speak out, give a command.*
किसी के दर्शन करना।	*to meet, have an audience with someone*
कल आपके दर्शन करूँगा। / कल आपके दर्शन होंगे।	*I will [be fortunate enough to] meet you tomorrow.*
बहुत दिनों से आपके दर्शन नहीं हुए।	*I haven't [been lucky enough to have] seen you for a long time.*
किसी का मिज़ाज पूछना	*to ask after someone's health*
आपका मिज़ाज-ए शरीफ़? / आपका मिज़ाज कैसा है?	*How are you? How do you do?*
आपकी दुआ है।	*I am well, thank you.* (Lit. *it is [through] your prayer [that I am well]*)
परिचय	*introduction, acquaintance* (m.)
मैं आपसे उसका परिचय कराऊँगा।	*I will introduce him to you.*
सारे मेहमानों ने अपना अपना परिचय दिया।	*All the guests introduced themselves.*
उससे मेरा परिचय नहीं है।	*I am not acquainted with him/do not know him.*
उनसे मेरा परिचय हुआ है।	*I have met him.*
मिलाना	*to cause to meet, bring about a meeting*
हमने मेहमानों को आपस में मिलाया।	*We introduced the guests to each other.*

It is customary to request 'permission' to go before getting up and leaving:

आज्ञा दीजिए।	*Please give me permission [to go];*
इजाज़त दीजिए।	*May I go now?/I'll be going now if you don't mind.*
तुम्हें जाने की आज्ञा है।	*You have permission to leave.*
ख़ुदा हाफ़िज़।*	*Goodbye.*

A traditional reticence among women about referring to their husbands by name leads to the common use of honorific expressions for 'husband': श्रीमान जी, पतिदेव. Note also the honorific usage धर्मपत्नी (*true*) *wife*.

Since it is often considered inauspicious or distasteful to refer directly to death, euphemisms are often used:

गुज़र जाना	*to pass on, pass away*
चल बसना	*to pass over* (Lit. *to go off and reside elsewhere*)
प्रभु का प्यारा हो जाना	*to go to heaven* (Lit. *to become a beloved of the Lord*)
का स्वर्गवास होना	*to go to heaven* (Lit. *to have residence in heaven*)

Note also the adjective स्वर्गीय *deceased, the late.*

EXERCISE 18.1 Give answers in Hindi to the following questions:

१ आपको हिन्दी सीखते हुए कितने साल हुए हैं?
२ यह पाठ पढ़ते समय आप कैसे कमरे में बैठे हैं?
३ आपस में मिलते समय मुसलमान लोग क्या कहते हैं?
४ क्या इस पुस्तक में सारे पाठ एक-से हैं?
५ आपको सिनेमा देखे कितने दिन हुए हैं?

EXERCISE 18.2 Translate into English:

स्टेशन पहुँचते ही मुझे पता चला कि लखनऊ-वाली गाड़ी चल चुकी थी। मैंने निश्चय किया कि दूसरी गाड़ी का इंतज़ार करूँगा। दो घंटे की देर थी। टिकट-घर के सामने एक लंबी-सी क़तार लगी हुई थी, इसलिए अपना सामान उठाकर मैं प्लेटफ़ार्म के एक कोने में चला गया। वहाँ भी ख़ाली जगह पाना आसान न था, सब कहीं लोग बैठे हुए या खड़े हुए गाड़ी का इंतज़ार करते नज़र आए। आख़िर मुझे बैठने की जगह मिली, और मैं आस-पास का दृश्य देखने लगा। थोड़ी दूर पर एक चायवाला 'चाय, गरम चाय' चिल्ला रहा था, तो दूसरी ओर एक नमकीन बेचनेवाला इधर-उधर घूमते हुए अपना माल बेच रहा था। टिकट-घर के पास खड़ा हुआ एक फेरीवाला दोनों हाथों में लकड़ी के बने हुए खिलौने लिए एक लाल साडी पहने हए महिला से मोल भाव कर रहा था। इतनी चहल-पहल मैंने कभी नहीं देखी थी! समोसेवाला हालाँकि फटे पुराने कपड़े पहने हुए था, मगर समोसों का बाज़ार गरम था और

मैंने मन में सोचा कि अगर वह इस प्रकार दिन भर अपना माल बेचता रहेगा तो शाम तक वह एक मोटी-सी रक़म जोड़ लेगा। चारों तरफ़ नज़र दौड़ाते हुए मैंने देखा कि मेरी बग़ल में घिसे-पिटे चिथड़ों का एक मैला-सा ढेर पड़ा हुआ था, और दूसरी तरफ़ कुछ लोग भीड़ लगाए खड़े-खड़े हँसी मज़ाक कर रहे थे। उनकी बातों को सुनने से मालूम हुआ कि वे अभी कुछ ही मिनट हुए लखनऊ से आए थे, और उन्होंने यात्रा का मज़ा खूब लिया था। सहसा मेरे उधर फिर देखने से पता चला कि जिसको मैं चिथड़ों का ढेर समझे हुए था वह कोई बूढ़ा-सा भिखारी था जो ज़मीन पर लेटे लेटे सो गया था। वह जँभाई लेते हुए उठ खड़ा हुआ, और साधु की तरह 'राम राम' जपते हुए इधर उधर टहलने लगा। तब मुझ जैसे गोरे को वहाँ प्लेटफ़ार्म पर बैठे हुए देखकर वह दौड़ते हुए आया और अपनी राम कहानी सुनाने लगा। उसकी चालाकी-भरी बातें सुनते सुनते पता ही नहीं चला था कि कब दो घंटे गुज़र गए। अचानक काला धुआँ उगलती हुई गाड़ी स्टेशन पर आकर रुक गई। गाड़ी के रुकते ही प्लेटफ़ार्म पर इंतज़ार करते लोगों में एक तूफ़ान-सा उठा। लाल कुरते पहनें हुए कुली एक जगह से दूसरी जगह भागे जा रहे थे, और कुलियों के हाथों में अपना सामान थमाते हुए डिब्बे में जगह पाने की दौड़ में तमाम यात्री एक-से लगने लगे। सभी को अपने अपने काम से मतलब था। जब मैंने इतने लोगों को चढ़ते देखा तो मैं हैरान-सा हो गया, और बिना टिकट ख़रीदे मैं भी औरों की तरह गाड़ी की तरफ़ दौड़ा गया। आख़िर एक डिब्बे में मैं घुस ही पाया। सीट पाने का सवाल ही नहीं था, पर किसी तरह फ़र्श पर ही एक छोटी-सी जगह मिल गई, और मैं अपने सामान के ऊपर बैठ गया। मेरी रेल-यात्रा शुरू हो गई थी।

EXERCISE 18.3 Translate the following dialogue into Hindi:

Mr Varma Good morning Shankar jī! Please come in, do have a seat. I haven't seen you for a long time. How are you?

Mr Shankar Thank you for asking, I'm well. It's about three years since I have seen you. I'm very glad to see you again after such a long time.

Mr Varma I was told that you've taken a room in the Akbar Hotel. How many days have you been staying there?

Mr Shankar We've been staying there for four days. As soon as we arrived here from London we went straight there. It's quite a good hotel, we like it very much. Tell me, whose photograph is that lying on the table over there?

Mr Varma That is my son Raju. And that little boy wearing the bluish shirt is his cousin Ramesh. You must have seen them playing in the garden as you got out of the car.

Mr Shankar Yes, that's right. Well, may I go now? I'll come to see you again tomorrow on my way to the station.

Mr Varma Please do come. I will introduce you to some friends. Please give my greetings to your wife.

Appendix A Numbers, money and the calendar

Cardinal numbers

The cardinal numbers are here set out in a table showing (vertically) the progression of units and (horizontally) the progression of tens.

० शून्य				
१ एक	११ ग्यारह	२१ इककीस	३१ इकत्तीस	४१ इकतालीस
२ दो	१२ बारह	२२ बाईस	३२ बत्तीस	४२ बयालीस
३ तीन	१३ तेरह	२३ तेईस	३३ तैंतीस	४३ तैंतालीस
४ चार	१४ चौदह	२४ चौबीस	३४ चौंतीस	४४ चवालीस
५ पाँच	१५ पंद्रह	२५ पच्चीस	३५ पैंतीस	४५ पैंतालीस
६ छह, छै, छः	१६ सोलह	२६ छब्बीस	३६ छत्तीस	४६ छियालीस
७ सात	१७ सत्रह	२७ सत्ताईस	३७ सैंतीस	४७ सैंतालीस
८ आठ	१८ अठारह	२८ अट्ठाईस	३८ अड़तीस	४८ अड़तालीस
९ नौ	१९ उन्नीस	२९ उनतीस	३९ उनतालीस	४९ उनचास
१० दस	२० बीस	३० तीस	४० चालीस	५० पचास

५१ इक्यावन	६१ इकसठ	७१ इकहत्तर	८१ इक्यासी	९१ इक्यानवे
५२ बावन	६२ बासठ	७२ बहत्तर	८२ बयासी	९२ बानवे
५३ तिरपन	६३ तिरसठ	७३ तिहत्तर	८३ तिरासी	९३ तिरानवे
५४ चौवन	६४ चौंसठ	७४ चौहत्तर	८४ चौरासी	९४ चौरानवे
५५ पचपन	६५ पैंसठ	७५ पचहत्तर	८५ पचासी	९५ पचानवे
५६ छप्पन	६६ छियासठ	७६ छिहत्तर	८६ छियासी	९६ छियानवे
५७ सत्तावन	६७ सरसठ	७७ सतहत्तर	८७ सत्तासी	९७ सत्तानवे
५८ अट्ठावन	६८ अड़सठ	७८ अठहत्तर	८८ अट्ठासी	९८ अट्ठानवे
५९ उनसठ	६९ उनहत्तर	७९ उन्यासी	८९ नवासी	९९ निन्यानवे
६० साठ	७० सत्तर	८० अस्सी	९० नब्बे	१०० सौ

Above one hundred, the numbers proceed as in English, but with no conjunction 'and':

१८४ एक सौ चौरासी
२३६ दो सौ छत्तीस

Note the following terms:

हज़ार, सहस्र	*thousand* (m.)
लाख	*one hundred thousand, 'lac', 'lakh'* (m.)
करोड़	*ten million, 'crore'* (m.)
दस प्रतिशत	*ten per cent*

The splitting up of high numerals by commas reflects the three-tier system of हज़ार, लाख and करोड़ rather than the multiples of thousands used in English. For example, the number 29,230,637 will appear as:

२,९२,३०,६३७ दो करोड़ बानवे लाख तीस हज़ार छह सौ सैंतीस

The word एक is sometimes used after a cardinal number to express an indefinite or approximate number:

पचास एक	*about fifty*
दो एक	*about two, a couple*

Money

Decimal currency was introduced in India in 1957. There are 100 पैसे (or नए पैसे) to the रुपया. Sums of money are quoted according to the usual decimal system, preceded by the abbreviation रु. (=रुपया); this is rendered 'Rs.' in English, with 'Re.' for the singular. Thus रु. ४२.५० is Rs. 42.50.

Under the old currency, one रुपया was divided into 16 आने; one आना consisted of four पैसे; and one पैसा consisted of three पाइयाँ. Survivals of this system are common in colloquial Hindi usage.

आठ आने	*half a rupee, 50 paisā*
मेरे पास एक पाई भी नहीं।	*I haven't a farthing.*
यह बात सोलह आने ठीक है।	*This is 100% correct.*

Some further expressions are:

यह कितने का (की) है?	*How much is this?*
इसका क्या दाम है?	*What is the price of this?*
यह किताब दस रुपये की है।	*This book costs ten rupees.*
कितना पैसा हुआ?	*How much does that make?*
कुल मिलाकर बीस रुपये हुए।	*That makes twenty rupees altogether.*

भाव बढ़ गया है।	*The rate has increased.*
डेढ़ सौ रुपये में कितना कपड़ा मिलेगा?	*How much cloth will I get for Rs. 150!*
कुछ तो रिआयत दीजिए, न?	*Give some discount, won't you?*
हिसाब में अभी ५०० रुपये बाक़ी हैं।	*There are still Rs. 500 outstanding on the account.*
हिसाब चुक गया है।	*The account has been settled.*
हमें हिसाब को चुकाना है।	*We have to settle the account.*
यह सोने की अँगूठी आपको कितने में मिली?	*How much did you get this gold ring for?*

The Hindu calendar

The Hindu calendar, which is still in use in religious and ceremonial contexts, is based on lunar months (but solar years). Each month is divided into two halves of 15 lunar days (called तिथि): the first half of the month begins with the full moon and is called शुक्ल पक्ष or सुदि (*bright* or *waxing half*); the second half begins with the new moon and is called कृष्ण पक्ष or बदी (*dark* or *waning half*). A leap month, called मलमास or अधिकमास, is added after every thirtieth month in order to compensate for the discrepancy between the lunar and solar calendars. The new year begins on the first day of the कृष्ण पक्ष of the month चैत.

The Hindi names of the lunar months, with their Sanskrit equivalents (which are also in current use in the religious calendar) are given below with their traditional pairings into six seasons. Note that the Hindu month names are all masculine; of the season names, वर्षा *rains* and शरद *autumn* are feminine and the rest are masculine.

Hindi	**Sanskrit**	**Season** (ऋतु (f.), काल (m.))	
चैत	चैत्र	बसंत *spring* (m.)	*March–April*
बेसाख	वैशाख		*April–May*
जेठ	ज्येष्ठ	ग्रीष्म *summer* (m.)	*May–June*
असाढ़	आषाढ़		*June–July*
सावन	श्रावण	वर्षा *rains* (f.)	*July–August*
भादों	भाद्रपद		*August–September*
आश्विन, क्वार	आश्विन	शरद *autumn* (f.)	*September–October*
कातिक	कार्तिक		*October–November*
अगहन	आग्रहायण	हेमंत *winter* (m.)	*November–December*

पूस	पौष		*December–January*
माघ	माघ	शिशिर *cool season* (m.)	*January–February*
फागुन	फाल्गुन		*February–March*

Remember that the nouns जाड़ा and सरदी (*cold*) are in common use for 'winter', and गरमी *heat for* 'summer'. They are usually used in the plural, (जाड़ों में *in the winter*), but remain in the singular when used in composition with other nouns (जाड़े की छुट्टियाँ *the winter holidays*).

The most commonly used of the various Indian dating systems is the विक्रमादित्य or विक्रम era, traditionally said to have been founded by the legendary king Vikramaditya in 57-58 BC. Since the year begins in the month चैत (March- April), the Vikram chronology does not tally exactly with the Christian calendar. To convert dates in the first nine and a half months of the Vikram year into the Christian calendar, subtract 57 years; for the remaining two and a half months, subtract 58. Vikram dates are usually identified by the Sanskrit word संवत् *year, era,* while dates according to the Christian calendar are preceded by the Arabic equivalent, सन् (or ईसवी सन् *Christian year*). Thus संवत् २०४५ = सन् १९८७/८८

Examples of dates expressed according to the Vikram calendar are:

माघ शुक्ल पक्ष १२ संवत् २००९	*12th day of the bright half of the month* माघ, *VS (Vikram Samvat) 2009 (= AD 1952)*
आश्विन बदी ३ संवत् १७६८	*3rd day of the dark half of the month* अश्विन, *VS 1768 (= AD 1711)*

Many Hindu festivals take their names from the Sanskrit ordinal numbers which refer to their date in the month: राम नवमी *Rama's 9th*, the birthday of Rama celebrated on the ninth day of the bright fortnight of चैत; जन्माष्टमी *the birth 8th [of Krishna]*: the eighth day of the dark fortnight of भादों.

Appendix B Terms of relationship

Family relationships are expressed much more precisely in Hindi than they are in English: there are different and specific names for the various kinds of uncles and aunts, for example, and their

spouses. The most commonly encountered terms are given in the following family tree, in which relationships are shown based on a male subject (स्वयं *self*):



Key

○ *female*

△ *male*

= *link by marriage*

The same scheme applies with a female subject, except for the following relationships by marriage:

X's husband's elder brother:	जेठ (*married to* जेठानी)
X's husband's younger brother:	देवर (*married to* देवरानी)
X's husband's sister:	ननद (*married to* ननदोई)

The family tree given here does not exhaust all the possibilities. Amongst the regional and other variant usages encountered, the following should be noted:

पतोहू	for	बहू	*daughter-in-law*
जीजी, दीदी	for	बहिन	*sister*
काका	for	चाचा	*father's elder brother*
काकी	for	चाची	*wife of father's elder brother*
बाबा	for	दादा	*grandfather*

First cousins are called चचेरा भाई/चचेरी बहिन on the father's side, ममेरा भाई/ममेरी बहिन on the mother's side. These are distinguished from सगा भाई/सगी बहिन *real brother/sister* (and the terms 'cousin-brother', 'real brother', etc. are common in Indian English).

Urdu usage differs from Hindi in many respects. Note especially the following:

ख़ाविंद	for	पति	*husband*
बीवी/बीबी	for	पत्नी	*wife*
वालिद (साहब)	for	पिता (जी)	*father*
वालिदा (साहबा)	for	माता (जी)	*mother*
सुसर	for	ससुर	*father-in-law*

Lastly, note that great care must be taken with the use of the term साला *brother-in-law*, because this is very commonly used as a form of strong abuse in Hindi. (To refer to or address someone as साला is to imply that one has carnal knowledge of his sister.)

Appendix C Parts of the body, and health

These lists do not include words which have already occurred in the course.

1 Parts of the body

अँगूठा	*thumb* (m.)	कमर	*waist* (f.)
ओठ	*lip* (m.)	कोहनी	*elbow* (f.)

दाँत	*tooth* (m.)	नाखून	*nail* (m.)
नाक	*nose* (f.)	पाँव की उँगली	*toe* (f.)
खून	*blood* (m.)	पीठ	*back* (f.)
गरदन	*neck* (f.)	पैर	*foot* (m.)
गला	*throat, neck* (m.)	फेफड़ा	*lung* (m.)
गाल	*cheek* (m.)	बाँह	*arm* (f.)
घुटना	*knee* (m.)	माथा	*forehead* (m.)
चमड़ी	*skin* (f.)	मुख	*mouth, face* (m.)
छाती	*chest* (f.)	शरीर	*body* (m.)
जीभ	*tongue* (f.)	हड्डी	*bone* (f.)
जोड़	*joint* (m.)		

2 Words relating to health and the body

इलाज	*treatment, cure, remedy* (m.)
उलटी	*vomiting* (f.)
उलटी करना	*to vomit*
कब्ज़	*constipation* (f.)
कमज़ोर	*weak*
कमज़ोरी	*weakness* (f.)
क़ै	*vomiting, nausea* (f.)
क़ै आना	*to feel nausea*
क़ै करना/होना	*to be sick, vomit*
गर्भ	*womb, pregnancy* (m.)
गर्भ होना	*to be pregnant*
खाँसी	*cough* (f.)
गला बैठना	*to have a hoarse voice*
टट्टी	*faeces, stool* (f.)
टट्टी करना	*to pass faeces*
तंदुरुस्त	*healthy, fit*
तंदुरुस्ती	*health* (f.)
दर्द करना	*to hurt*
दस्त	*diarrhoea* (m.)
दस्त आना	*to have diarrhoea*
नाक बहना	*to have a runny nose (the nose to run)*
पचाना	*to digest*
पट्टी	*bandage* (f.)
पट्टी बाँधना	*to apply a bandage*
पेशाब	*urine* (m.)
पेशाब करना	*to pass urine*
मरीज़	*patient* (m.) / (f.)
मूर्च्छा	*fainting* (f.)
रोग	*illness* (m.)
रोगी	*patient* (m.) / (f.)
सुई	*injection, needle* (f.)
सुई लगाना	*to give an injection*
सेहत	*health* (f.)

स्वस्थ	*healthy, fit*
स्वास्थ्य	*health* (m.)

मुझे दस्त आते हैं।	*I have got diarrhoea.*
मुझे दस्त लग गए हैं।	*I am suffering from diarrhoea.*
वह क़ै कर रहा है/उसे क़ै हो रही है।	*He is vomiting.*
मुझे सोमवार से सख़्त कब्ज़ है।	*I have had severe constipation since Monday.*
मेरी पत्नी को गर्भ है और उसे क़ै आ रही है।	*My wife is pregnant and is feeling nauseous.*
मुझे खाँसी (आती) है।	*I have a cough.*
उसका गोलियों और दवा से इलाज किया गया।	*He was treated with tablets and medicine.*
रवि का गला ख़राब है/बैठ गया है।	*Ravi has a sore throat / has gone hoarse.*
कल तक तुम्हारी हालत कुछ बेहतर हो जाएगी।	*Your condition will improve somewhat by tomorrow.*
आपको अस्पताल में इलाज कराना चाहिए।	*You should get treated in hospital.*
मेरे सिर में तेज़/हलका दर्द है।	*I have a bad / slight headache.*
मेरे जोड़ दुख रहे हैं।	*My joints are aching.*
वह तीन दिन तक बिस्तर से उठ नहीं पाई।	*She could not get up from her bed for three days.*
उबला पानी ही पीना—उसे १० मिनट तक उबाल लेना।	*Drink only boiled water: boil it for 10 minutes.*
गरमी के कारण उसे मूर्च्छा आ गई।	*He fainted because of the heat.*
पेशाब-घर/शौचालय किधर है?	*Where is the urinal / lavatory?*

Appendix D Letter-writing

